*THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH*

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

**वर्ष-29 अंक** : 214 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) **कार्तिक कृ.10 2081 शनिवार, 26 अक्टूबर-2024**

प्रधान संपादक – **डॉ. गिरीश कुमार संघी** हैदराबाद नगर ✲ **पृष्ठ** : 16 **मूल्य** : 8 रुपये



## बेवफा गर्लफ्रेंड से गिफ्ट के बदले मिली धमकी तो युवक ने दी जान

इंदौर, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंदौर में अपनी बेवफा गर्लफ्रेंड की धमकी के कारण एक युवक ने आत्महत्या कर ली। युवक के परिजन अपने घर के चिराग को खोकर दुखी थे और उसकी गर्लफ्रेंड से नाराज भी थे। उनका गुस्सा शवयात्रा में निकला। युवती के फोटो के साथ उसे बद्दुआ की लाइनें लिखे हुए पोस्टर लहराते हुए युवक के दोस्त शवयात्रा में निकले और मालवा मिल चौराहे पर चक्काजाम भी कर दिया। युवती के पोस्टर के साथ निकली इस शवयात्रा को देखकर राह चलते लोग भी आश्चर्य में पड़ गए थे। आखिरकार पुलिस ने युवक की आत्महत्या के मामले में युवती और उसके नए बॉयफ्रेंड के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

# सोमनाथ बुलडोजर एक्शन में मुस्लिम पक्ष को राहत नहीं

## एससी ने कहा- सरकार के पास ही रहेगा जमीन का कब्जा



अहमदाबाद, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। गुजरात के गिर सोमनाथ बुलडोजर एक्शन के मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान शीर्ष अदालत ने कोई भी आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह सरकारी जमीन है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा कि अगले आदेश तक जमीन का कब्जा सरकार के पास रहेगा और किसी तीसरे पक्ष को आवंटित नहीं किया जाएगा। मुस्लिम पार्टी की तरफ से दलीलें पेश करते हुए कपिल सिब्बल ने कहा कि ये संरक्षित स्मारक हैं। किसी तीसरे पक्ष का अधिकार नहीं है। इस पर जस्टिस गवई ने कहा कि तीसरे पक्ष के क्या अधिकार हैं? यह सरकारी जमीन है। हाईकोर्ट को मामले की जानकारी है। सिब्बल ने कहा कि यह आपके आदेश की अवमानना है। सिब्बल ने कहा कि ढहाए जाने का कारण यह बताया गया है कि वे स्मारक अरब सागर के पास हैं और जल निकाय के पास नहीं हो सकते। संरक्षित स्मारक गिरा दिए गए। क्या आपके आदेश के बावजूद इसकी कल्पना कर सकते हैं? सिब्बल के इस दलील पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कोई भी संरक्षित स्मारक नहीं था। जस्टिस गवई ने कहा कि हाईकोर्ट का यह आदेश 2015 में पारित किया गया था। आप भूमि का उपयोग केवल बताए गए उद्देश्यों के लिए कर सकते हैं।

**एससी ने आदेश में एसजी का बयान दर्ज किया**

एसजी का कहना है कि अगले आदेश तक जमीन का कब्जा सरकार के पास रहेगा और किसी तीसरे पक्ष को आवंटित नहीं किया जाएगा। ऐसे में हमें कोई अंतरिम आदेश पारित करना जरूरी नहीं लगता।

**एससी में दायर की गई है अवमानना याचिका**

गिर सोमनाथ प्रशासन ने 28 सितंबर को मुस्लिमों के कुछ पूजा स्थलों, घरों और कब्रों पर बुलडोजर चला दिया था। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की गई है। इसमें कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के बुलडोजर एक्शन पर रोक के आदेश के बाद भी बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की कार्रवाई गई है। गिर सोमनाथ के कलेक्टर और अन्य अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की मांग की गई है।

## 10 साल पुराने मामले में 98 लोगों को उम्रकैद की सजा

कोप्पल, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के कोप्पल जिले के गंगावती तालुक के मारकुंबी गांव में दलितों के खिलाफ हिंसा और अत्याचार के मामले में 98 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है. कोप्पल में प्रधान जिला और सत्र न्यायालय ने गुरुवार को इस घटना में दोषी ठहराए गए लोगों के लिए सजा का ऐलान किया.

**क्या है पूरा मामला?**

28 अगस्त 2014 को हुआ यह मामला मारकुंबी के उच्च जातियों और दलितों के बीच हिंसक झड़प से जुड़ा है. कथित तौर पर घटना तब शुरू हुई, जब मारकुंबी निवासी मंजूनाथ ने दावा किया कि गंगावती में फिल्म देखने के बाद दलितों ने उस पर हमला किया. इस आरोप की वजह से गांव वालों ने जवाब में हिंसा की. इस घटना के दौरान कथित तौर पर दलित परिवारों की कई झोपड़ियों में आग लगा दी गई और कई व्यक्तियों पर शारीरिक हमला किया गया. इस मामले में कुल 101 लोगों पर आरोप लगाए गए थे, जिनमें से 98 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है. बचे तीन को पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई, जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोग भी शामिल थे. यह फैसला कई साल की कानूनी कार्रवाई और साक्ष्यों की गहन जांच के बाद आया है.

# सुशांत सिंह राजपूत केस में रिया चक्रवर्ती को बड़ी राहत

## एससी ने सीबीआई को भी लगाई फटकार



मुंबई, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती, उनके पिता और भाई को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. सुप्रीम कोर्ट ने सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद रिया चक्रवर्ती और उनके परिवार के खिलाफ जारी सीबीआई के लुकआउट सर्कुलर को रद्द करने के बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा. सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार पर बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को सिर्फ इसलिए चुनौती देने का आरोप लगाया, क्योंकि आरोपी हाई-प्रोफाइल बैकग्राउंड से हैं.

**बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला बरकरार रहेगा**

मालूम हो कि सीबीआई ने 2020 में रिया चक्रवर्ती, उनके भाई शोविक चक्रवर्ती, पिता लेफ्टिनेंट कर्नल इंद्रजीत चक्रवर्ती और मां संध्या चक्रवर्ती के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया था. यह तब हुआ था जब सुशांत सिंह राजपूत के परिवार ने उनकी मौत की जांच की मांग करते हुए पटना में एक प्राथमिकी दर्ज की थी. इसके तुरंत बाद मामला सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया गया था. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बॉम्बे हाईकोर्ट का लुक आउट सर्कुलर रद्द करने का फैसला फिलहाल बरकरार ही रहेगा.

**सीबीआई को लगाई फटकार**

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को भी फटकार लगाई है. जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि हम चेतावनी दे रहे हैं. आप सिर्फ इसलिए तुच्छ याचिका दायर कर रहे हैं, क्योंकि आरोपियों में से एक हाई-प्रोफाइल है. इस पर यकीनन बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी. बता दें कि बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट मे चुनौती दी थी. फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले मे सीबीआई ने लुक आउट सर्कुलर जारी किया था.

## अचानक दिल्ली के उत्तम नगर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी कुम्हार परिवारों से मिले

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के रायबरेली से लोकसभा सांसद और कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज यानी शुक्रवार को अचानक दिल्ली के उत्तम नगर पहुंचे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यहां वह कुम्हार कॉलोनी गए, जहां वह कॉलोनी के दो-तीन कुम्हार परिवार से भी मिले। अपने बीच राहुल गांधी को देख लोग उत्साहित हो गए। उनके साथ सेल्फी लेने के लिए लोगों में होड़ मच गई। इससे जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर शेयर किया जा रहा है। जिसमें राहुल गांधी हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन करते हुए नजर आए ।

# फारुक अब्दुल्ला ने फिर पाक को लताड़ा

## 'हिस्सा नहीं बनने वाले हैं, कुछ भी कर ले'



जम्मू, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। कश्मीर में हाल के दिनों में हुए आतंकी हमलों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के नेता फारूक अब्दुल्ला ने पाकिस्तान पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान का हिस्सा नहीं बनने वाले हैं, तो वे ऐसा क्यों कर रहे हैं? फारूक अब्दुल्ला ने कहा, इस रियासत में ऐसा होता रहेगा। जब तक इस समस्या से निकलने का रास्ता नहीं निकलेगा, तब तक यह नहीं रुकेगा। आप जानते हैं कि ये लोग कहां से आते हैं। मैं 30 साल से देख रहा हूं कि बेगुनाह लोग मारे जा रहे हैं। वे ऐसा क्यों कर रहे हैं? हमारा भविष्य बर्बाद करने के लिए? उन्हें अपने देश को देखना चाहिए। वो खुद बर्बाद हो रहे हैं और यहां भी बर्बाद करना चाहते हैं।" उन्होंने कहा, "मैं उनसे फिर अपील करता हूं कि वे इसे रोकें और दोस्ती का रास्ता खोजें, अगर दोस्ती नहीं की गई तो भविष्य बहुत मुश्किल होगा। मैं इस घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देता हूं। मैं उनके खानदानों से माफी मांगता हूं कि ये सब हो रहा है।

**दो जवान शहीद, दो कुलियों की मौत**

उत्तरी कश्मीर के बारामूला में गुरुवार को एक वाहन पर हुए आतंकी हमले में दो जवानों सहित सुरक्षाबलों के साथ काम करने वाले दो कुलियों की मौत हो गई। आतंकी घटना पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि घाटी में हालिया हमले गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''उत्तरी कश्मीर के बूटापथरी क्षेत्र में सेना के वाहनों पर हमले की बेहद दुर्भाग्यपूर्ण खबर है, जिसमें कुछ लोग हताहत और घायल हुए हैं। कश्मीर में हालिया हमले गंभीर चिंता का विषय हैं।''

## अहमदाबाद में 50 बांग्लादेशी हिरासत में

### 200 से की जा रही पूछताछ; अवैध रूप से रहने पर कार्रवाई

अहमदाबाद, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद भारत में बांग्लादेशियों की घुसपैठ बढ़ गई है। कई राज्यों से अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशियों की गिरफ्तारी की खबरें भी आए दिन आती रहती हैं। इसी क्रम में गुजरात की क्राइम ब्रांच ने अहमदाबाद में बड़ी कार्रवाई की है। यहां क्राइम ब्रांच ने अहमदाबाद में अवैध रूप से रह रहे 50 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। क्राइम ब्रांच अहमदाबाद के डीसीपी अजीत राजियान ने इसकी जानकारी दी है। क्राइम ब्रांच अहमदाबाद के डीसीपी अजीत राजियान ने बताया कि हम अवैध रूप से रहने वाले लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। इसके साथ ही 200 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की जा रही है। इससे पहले, हाल ही में त्रिपुरा में पुलिस ने तीन स्थानों से 18 बांग्लादेशी नागरिकों और उनकी मदद कर रहे पांच भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया था।

# केरल में भारी बारिश का अनुमान

## आईएमडी ने पांच जिलों में 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया



तिरुवनंतपुरम, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। केरल के कई हिस्सों में शुक्रवार को भारी बारिश हुई, जिससे सड़कों पर जलजमाव और यातायात जाम होने से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राज्य के पांच जिलों में 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। आईएमडी ने तिरुवनंतपुरम, कोट्टायम, एर्नाकुलम, इडुक्की और त्रिशूर जिलों में दिन के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया। साथ ही राज्य के सात अन्य जिलों में 'येलो अलर्ट' भी जारी किया। 'ऑरेंज अलर्ट' का मतलब होता है बहुत भारी बारिश (6 सेंटीमीटर से 20 सेंटीमीटर) और 'येलो अलर्ट' का मतलब है 6 से 11 सेंटीमीटर के बीच भारी बारिश। आईएमडी ने तिरुवनंतपुरम और कोल्लम जिलों में एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा और तेज हवाओं के साथ तूफान का भी अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने पथनमथिट्टा और अलप्पुझा जिलों के कुछ हिस्सों में मध्यम वर्षा होने और तेज हवाओं तथा गरज के साथ तूफान आने का भी अनुमान जताया है।

# एकनाथ शिंदे पर संजय राउत का बड़ा हमला

## अमित शाह का जिक्र कर कहा- 'मुर्गी भी उनकी और अंडा भी उनका है



मुंबई, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति और एमवीए दोनों ही खेमों में सीट बंटवारे पर अब तक अंतिम सहमित नहीं बनी है। इस बीच शिवसेना के प्रमुख और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के दिल्ली दौरे पर शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने तंज कसा है। राउत ने कहा, "उनके (एकनाथ शिंदे) पास जो शिवसेना बची है, उस शिवसेना का हाईकमान दिल्ली में है। अमित शाह के घर पर। हमारी शिवसेना जो ओरिजनल है, जो बालासाहेब की शिवसेना है, उसको कभी सीट शेयरिंग के लिए दिल्ली जाने की नौबत नहीं आई।"

**उनके बॉस दिल्ली में बैठते हैं- संजय राउत**

उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने कहा, "प्रमोद महाजन, गोपीनाथ मुंडे या लालकृष्ण आडवाणी साहब, या जो भी बीजेपी के नेता थे वो मुंबई आते थे और बाला साहेब से बात करते थे। ये जो डुप्लिकेट शिवसेना है, उनके बॉस दिल्ली में बैठते हैं, उनके दरबार में ही जाना पड़ेगा। तीन-तीन चार-चार दिन बैठना पड़ेगा। उठक-बैठक करना पड़ेगा। वो तो करना ही पड़ेगा।"

**नॉन बाइलोजिकल शिवसेना है- संजय राउत**

उन्होंने आगे कहा, "वो ओरिजनल पार्टी नहीं है। ये तो नॉन बाइलोजिकल शिवसेना है। जो जन्म देता है, उनके साथ रहना पड़ता है। अमित शाह ने नॉन बाइलोजिकल शिवसेना को जन्म दिया है। मुर्गी भी उनकी और अंडा भी उनका है।" बता दें कि एकनाथ शिंदे की शिवसेना महायुति में शामिल है। शिवसेना के साथ महायुति में बीजेपी और अजित पवार की पार्टी है। वहीं इसका मुकाबला महाविकास अघाड़ी (एमवीए) से है। एमवीए में उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और शरद पवार (एसपी) शामिल है। संजय राउत ने एमवीए में सीट बंटवारे पर कहा कि जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। ज्यादातर सीटों पर सहमति बन चुकी है।

## अस्पताल में घूमता दिखा 6 फीट लंबा कोबरा सहम गए मरीज

राजगढ़, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के ब्यावरा सिविल अस्पताल में एक 6 फीट लंबा कोबरा दिखने के बाद अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान वहां मौजूद स्टाफ और मरीज भी कोबरा सांप को देखकर सहम गए। इसके बाद सिविल अस्पताल स्टाफ के द्वारा स्नैक कैचर को इसकी जानकारी दी गई। सिविल अस्पताल ब्यावरा के ग्राउंड में मरीज के साथ आई मुमताज ने करीब 6 फीट लंबा कोबरा सांप फर्श पर घूमते हुए दिखा। जिसे देख उन्होंने तत्काल अपने दामाद और सिविल अस्पताल के स्टाफ को इसकी जानकारी दी। जब तक सांप का रेस्क्यू नहीं हुआ तब तक उस पर निगरानी रखी गई। सांप फर्श पर रेंगते हुए जनरेटर में जा घुसा था। सिविल अस्पताल स्टाफ की सूचना पर पहुंचे स्नैक कैचर बालू शर्मा ने कड़ी मशक्कत से सिविल अस्पताल के जनरेटर में घुसे सांप का रेस्क्यू किया

# खालिस्तानी आतंकी बलजीत गिरफ्तार

## एनआईए ने दिल्ली एयरपोर्ट पर पकड़ा, दुबई से आ रहा था, अर्श डल्ला का खास गुर्गा



जालंधर, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) को मिली बड़ी कामयाबी मिली है। एनआईए ने खालिस्तानी आतंकवादी बलजीत सिंह गिरफ्तार किया है। बलजीत सिंह दुबई से दिल्ली आ रहा था, जैसे ही वह दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचा तो एनआईए ने उसे गिरफ्तार कर लिया। बलजीत सिंह गैंगस्टर अर्श डल्ला का खास गुर्गा है। बलजीत सिंह कई मामलों में वांटेड था। उसपर आतंकी घटनाओं सहित कई अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। बलजीत सिंह के खिलाफ फरवरी के महीने में एलओसी भी खोली गई थी। उसके बाद जून 2024 में इसके खिलाफ कोर्ट ने गैर जमानती वारंट भी जारी हुए थे। एनआईए का दावा है कि आतंकी बलजीत भारत में गैंगस्टर अर्शदीप डल्ला के अहम सदस्य के रूप में काम करता था। वो भारत में अर्श डल्ला के अन्य सहयोगियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट भी मुहैया कराता था। यह यहां उन टारगेट की पहचान करके भी केटीएफ को बताता था, जिनसे वसूली की जा सके। यह भारत में नए कैडरों की भर्ती और आतंकवादी के लिए राशि मुहैया कराने का भी काम करता था।

## पालघर में छात्रा से दरिंदगी, दो लड़कों ने किया गैंगरेप

पालघर, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पालघर जिले के नालासोपारा इलाके में 16 साल की नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप की घटना सामने आई है। लड़की के साथ गैंगरेप साथ पढ़ने वाले छात्रों ने किया है। साथ ही इस दौरान आरोपियों ने उसकी कुछ आपत्तिजनक वीडियो भी बना ली थी। जिसके बाद दोनों आरोपी पीड़िता को वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे थे। इस मामले में नालासोपारा पुलिस ने दोनों नाबालिग आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पालघर में एक छात्रा के साथ गैंगरेप का हैरान करना वाला मामला सामने आया है। पीड़िता के साथ उसी के साथ पढ़ने वाले दो नाबालिग छात्रा ने गैंगरेप किया है। दोनों आरोपी पीड़िता को अपने घर ले गए, जहां दोनों ने बहला फुसला उसके साथ रेप जैसी घिनौनी घटना को अंजाम दिया। वहीं एक आरोपी ने पीड़िता का अश्लील वीडियो बना लिया और इसी के आधार पर पीड़िता को धमकाते हुए कई बार उन्होंने दुष्कर्म किया। बार-बार होने वाले दुष्कर्म से परेशान होकर पीड़िता ने परिवार को अपनी आपबीती के बारे में बताया।

# इसरो: 'अंतरिक्ष का क्षेत्र लगातार बदल रहा

## तकनीक भी बेहतर हुई', चाणक्य डिफेंस डायलॉग में बोले इसरो प्रमुख



नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा है कि अंतरिक्ष क्षेत्र लगातार बदलाव से गुजर रहा है और तकनीक भी बेहतर हो रही है। हमें भी ये समझने की जरूरत है कि हम किस प्रकार के अंतरिक्षयान लॉन्च कर रहे हैं। एस सोमनाथ ने नई दिल्ली में आयोजित हो रहे चाणक्य डिफेंस डायलॉग 2024 में 'अंतरिक्ष परिस्थिति जागरूकता - राष्ट्रीय हितों की निगरानी और सुरक्षा' मुद्दे पर संबोधित किया।

**'आज अंतरिक्ष में लाखों वस्तुएं हैं'**

अपने संबोधन में डॉ। एस सोमनाथ ने कहा, 'अंतरिक्ष परिस्थिति जागरूकता का मुद्दा, यह जानना कि वहां क्या हो रहा है, हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम किस प्रकार के अंतरिक्ष यान लॉन्च कर रहे हैं। 1960 के दशक में, अंतरिक्ष में कुछ भी नहीं था। लेकिन आज अंतरिक्ष में लाखों वस्तुएं हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि हमने संचार उद्देश्यों, पृथ्वी अवलोकन, नेविगेशन, अंतरिक्ष विज्ञान और कई अन्य गतिविधियों के लिए अंतरिक्ष में कई अंतरिक्ष यान लॉन्च किए हैं। अंतरिक्ष का क्षेत्र बदल रहा है और तकनीक लगातार विकसित हो रही है। समय के साथ रिज़ॉल्यूशन और स्पेक्ट्रल गुणवत्ता में सुधार हो रहा है। बड़े, छोटे और मध्यम आकार के उपग्रह विभिन्न आकार और रूपों में लॉन्च किए जा रहे हैं।'

**भारत में ही 100 फीसदी रॉकेट का निर्माण कर सकते हैं**

एस सोमनाथ ने कहा कि 'रॉकेट के लिए, 95% चीजें भारत में बनाई जाती हैं और 5% चीजें हम बाहर से मंगवाते हैं। इस 5% में ज्यादातर इलेक्ट्रॉनिक सामान होता है। वहीं अंतरिक्ष यान के लिए, लगभग 60% चीजें भारत में बनाई जाती हैं और 40% सामान बाहर से आता है। ये 40% सामान भी इलेक्ट्रॉनिक पाट्र्स हैं। अंतरिक्ष यान के लिए उच्च-स्तरीय इलेक्ट्रॉनिक्स पर निर्भरता बहुत अधिक है, लेकिन रॉकेट के लिए नहीं। रॉकेट के लिए, हम आज जिस तरह की क्षमता रखते हैं, उसके साथ हम भारत में ही सौ फीसदी तक रॉकेट का निर्माण कर सकते हैं।'

# आईएएस अफसर और उनके ड्राइवर की बेटियों के सपनों को मिली उड़ान, एक-साथ बनीं जज



गुरुग्राम, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। हरियाणा ज्यूडिशियल सर्विसेस का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है, जिसमें एक दिलचस्प कहानी सामने आई है। हरियाणा स्टेट एग्रीकल्चरल मार्केटिंग (एचएसएएम) बोर्ड के चीफ एडमिनिस्ट्रेटर मुकेश कुमार आहूजा और उनके ड्राइवर होशियार सिंह दोनों के परिवार में खुशी का माहौल है, क्योंकि उनकी बेटियां जज बन गई हैं। मुकेश की बेटी पारस ने 12वीं रैंक हासिल की, जबकि होशियार की बेटी समीक्षा ने एससी वर्ग में दूसरे स्थान पर रही। पारस ने कहा कि जिस दिन रिजल्ट आया और पता चला कि समीक्षा भी सेलेक्ट हो गई है तो सच मानें मुझे खुद से ज्यादा उसके जज बनने ने की खुशी हुई। मैं मैं प्रिविलेज्ड परिवरा से हूं। बचपन से माहौल भी वैसा ही देखा, पर समीक्षा ने अभाव में हार्ड वर्क किया है। उसके पैरेंट्स ने सपोर्ट किया, यह प्रशंसनीय है। वहीं समीक्षा ने कहा कि मेरे पिता 2007 से अफसरों के साथ फेस्टेड हैं। जानते थे कि उनकी जिंदगी कैसी होती है। इसलिए हमेशा यही चाहते थे कि 'मेरी बेटी भी अफसर बने। मैं छोटी उम्र में जब किताबों में लॉयर्स की फोटो देखती तो मोटिवेट होती। तभी सोच लिया था कि यूडिशियल में जाऊंगी। पारस के पिता मुकेश कुमार ने कहा कि जब उन्हें पता चला कि उनकी बेटी भी तैयारी कर रही है, तो उन्होंने पारस और समीक्षा को मिलाया। बच्चे सभी के बराबर होते हैं। मैं खुशी से भर गया कि दोनों सफल हो गईं। वहीं समीक्षा के पिता ने कहा कि यह मुकदर की बात है। साहब आईएएस है और में 10वीं पास कर ड्राइवर बना। सपने में भी नहीं सोचा था कि मेरी बेटी जज बन जाएगी। उस पर गर्व है।

## चलती कार में प्रेमी बना हैवान: गला दबाकर हत्या की

रोहतक, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली के नांगलोई की 20 वर्षीय युवती की प्रेमी ने गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने घर से 50 किमी दूर रोहतक के मदीना क्षेत्र स्थित जंगल में आकर शव दफना दिया। भाई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी प्रेमी व दोस्तों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर शव बरामद कर लिया गया है। बाहरी दिल्ली जिला डीसीपी सचिन कुमार ने बताया कि नांगलोई क्षेत्र की रहने वाली युवती का पास के ही युवक संजू से प्रेम प्रसंग था।

# बहन की हत्या मामले में भाई को मिली क्लीन चिट, हाईकोर्ट ने मोहम्मद तनवीर की सजा को किया रद्द

जम्मू, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय ने गुरुवार को सगी बहन की हत्या के आरोप में मोहम्मद तनवीर को दी गई आजीवन कारावास की सजा को रद्द कर दिया है। न्यायाधीश अतुल श्रीधरन और संजय धर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान हत्या के मकसद से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों को ध्यान में रखा। खंडपीठ ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने यह स्वीकार किया था कि हत्या का मकसद आरोपी और मृतक के बीच पूर्व की दुश्मनी थी। मृतक एक पूर्व मामले में गवाह के रूप में पेश हुआ था, जिसमें उसकी बहन पीड़ित थी। न्यायालय ने इस बात पर भी ध्यान दिया कि धारा 161 सीआरपीसी के तहत दर्ज बयान में मृतक की उम्र 10-11 वर्ष दर्शाई गई थी, जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी उम्र 22 वर्ष बताई गई है। अदालत ने माना कि अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत सबूत उस स्तर पर नहीं थे, जो आरोपी की दोषसिद्धि को संदेह से परे साबित कर सकें। इसलिए, खंडपीठ ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए मोहम्मद तनवीर को राहत प्रदान की। उच्च न्यायालय के इस फैसले ने यह स्पष्ट किया कि न्यायालय की प्रक्रिया में सबूतों की विश्वसनीयता और उनके आधार पर निर्णय लेना अत्यंत महत्वपूर्ण है। मामले के पीछे की जटिलताएं और न्याय के लिए आवश्यक ठोस सबूतों की कमी ने इस निर्णय को संभव बनाया। इस फैसले ने ना केवल आरोपी के लिए राहत का मार्ग प्रशस्त किया, बल्कि न्यायालय की निष्पक्षता और विचारशीलता को भी प्रदर्शित किया है।




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 214 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ.10 2081 शनिवार, 26 अक्टूबर-2024

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये







## 'ज्ञानवापी के पूरे परिसर का सर्वे नहीं होगा'

वाराणसी, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। वाराणसी में ज्ञानवापी के पूरे परिसर का सर्वे नहीं होगा। सर्वे कराने की मांग वाली हिंदू पक्ष की अर्जी वाराणसी कोर्ट ने खारिज कर दी। याचिका में यह भी मांग की गई थी कि मुख्य गुंबद के नीचे खुदाई कराई जाए।

हिंदू पक्ष ने दावा किया था कि मुख्य गुंबद के नीचे 100 फीट का शिवलिंग मौजूद है। लेकिन इसे अस्तित्वहीन कर दिया गया है। ऐसे में पूरे परिसर की खुदाई कराकर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वे कराया जाए।

हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन ने बताया, ज्ञानवापी के एएसआई सर्वे की मांग की गई थी।

# प्रतिभा, तकनीक विकास के औजार : मोदी

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज नई दिल्ली में आयोजित भारत और जर्मनी के बीच सातवां अंतर सरकारी परामर्श (आईजीसी) में शामिल होने के लिए भारत आए हैं। गुरुवार को स्कोल्ज ने हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर हिंदी में पोस्ट किया।

जर्मनी के चांसलर भव्य स्वागत के लिए धन्यवाद कहा। उन्होंने पीएम मोदी के साथ मिलकर एशिया-पैसेफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस 2024 का उद्घाटन



किया। इस सम्मेलन को स्कोल्ज ने पीएम मोदी के साथ मिलकर संबोधित भी किया। पीएम मोदी ने कहा, आज का दिन बहुत विशेष है। मेरे मित्र चांसलर स्कोल्ज चौथी बार भारत आए हैं। पहले मेयर के रूप में और तीन बार चांसलर बनने के बाद उनका यहां आना भारत-जर्मनी संबंधों पर उनके फोकस को दिखाता है। उन्होंने आगे कहा, 12 साल के बाद भारत में एशिया-पैसेफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस 2024 सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। एक तरफ यहां सीईओ की फोरम की बैठक हो रही, दूसरी तरफ हमारी नौसेना साथ में अभ्यास कर रही है।

पीएम मोदी ने कहा, ये साल, भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी का 25वां वर्ष है। अब आने वाले 25 वर्ष, इस सोझेदारी को नई बुलंदी देने वाले हैं। हमने आने वाले 25 वर्षों में विकसित भारत का एक रोडमैप बनाया है।

## सीएम सिद्धारमैया की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

बेंगलूरू, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुडा घोटाले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दरअसल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मैसूर अर्बन डेवलेपमेंट अथॉरिटी (मुडा) के छह कर्मचारियों को पूछताछ के लिए समन जारी किया है। ईडी इन कर्मचारियों से अलग-अलग दिन पूछताछ करेगी। यह पूछताछ ईडी के बेंगलूरू स्थित जोनल मुख्यालय में होगी। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर से जब ईडी के समन को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि अभी इस बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी है।

वहीं चन्नपटना सीट से निखिल कुमारस्वामी के एनडीए उम्मीदवार बनने पर जी परमेश्वर ने कहा कि ये हमारे लिए चिंता की बात नहीं है कि कौन उम्मीदवार है, हमारा फोकस इस बात पर है कि हम चुनाव कैसे जीतें और हम इसी के तहत काम कर रहे हैं। मुडा घोटाला मुआवजा स्थलों के आवंटन में कथित अनियमितताओं से जुड़ा है। यह घोटाला 3.2 एकड़ जमीन से जुड़ा है, जिसे मुख्यमंत्री की पत्नी पार्वती को उनके भाई मल्लिकार्जुन स्वामी ने 2010 में उपहार में दिया था। मुडा द्वारा जमीन अधिग्रहण के बाद पार्वती ने मुआवजे की मांग की और इसके बाद उन्हें 14 प्लॉट आवंटित किए गए।

## 28-29 अक्टूबर तक एलएसी से पीछे हटेंगी दोनों देशों की सेनाएं

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय सेना के सूत्रों के अनुसार, भारतीय सेना और चीनी सेना इस महीने की 28-29 अक्टूबर तक पूरी तरह से पीछे हट जाएंगी। चीन के साथ समझौते पर सेना के सूत्रों ने बताया कि पहले कूटनीतिक स्तर पर समझौते की रूपरेखा पर सहमति बनी, फिर सैन्य स्तर पर बातचीत हुई। बता दें कि गलवां में संघर्ष के बाद से हालात बिगड़े थे। मामले में रक्षा अधिकारियों ने बताया कि पूर्वी लद्दाख सेक्टर में डेमचोक और देपसांग मैदानों में दो टकराव बिंदुओं पर भारत और चीन के सैनिकों की वापसी शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के बीच हुए समझौतों के अनुसार, भारतीय सैनिकों ने संबंधित क्षेत्रों में पीछे के स्थानों पर अपने सामानों को वापस लाना शुरू कर दिया है।

## 23 दवाओं के सैंपल फेल

शिमला, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में बनी 23 दवाइयां केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के मानकों पर खरी नहीं उतरीं। इनके सैंपल फेल हो गए हैं। ये दवाएं हार्ट अटैक, ब्लड शुगर और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होती हैं। इस साल सितंबर में सीडीएससीओ और राज्य ड्रग कंट्रोलर ने राज्य में विभिन्न दवा निर्माता कंपनियों से दवाओं के सैंपल लिए थे। सीडीएससीओ ने लैब में जांच के बाद अपनी रिपोर्ट साझा की है। सीडीएससीओ की जांच में 49 में से 20 सैंपल फेल हो गए और ड्रग कंट्रोलर की जांच में 18 में से 3 सैंपल फेल हुए। ये दवाइयां देशभर में सप्लाई होती हैं। सैंपल फेल होने के बाद ड्रग कंट्रोलर ने हिमाचल की फार्मा कंपनियों से दवाओं का स्टॉक वापस मंगाने के निर्देश दिए हैं। स्टेट ड्रग कंट्रोलर मनीष कपूर ने बताया कि सीडीएससीओ के अलर्ट के बाद सभी दवा कंपनियों को नोटिस जारी किया गया है।






# सीएम नीतीश कुमार की 'चुप्पी' पर

## लालू प्रसाद यादव का बड़ा बयान कहा- 'नीतीश कुमार कब बोलते हैं'



पटना, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। शुक्रवार की सुबह लालू यादव पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस दौरान उनसे पूछा गया कि बीजेपी के एक सांसद ने भड़काऊ बयान दिया है कि अगर बिहार में रहना है तो हिंदू बनकर रहिए। इस पर नीतीश कुमार ने चुप्पी साध ली है। जवाब में लालू ने हिंदू वाले बयान पर कहा सब पाखंडी है। वहीं सीएम की चुप्पी पर कहा कि वह (नीतीश कुमार) कब बोलते हैं?

**चुनाव प्रचार के लिए झारखंड जाएंगे लालू**

वहीं दूसरी ओर झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर लालू यादव ने कहा कि उम्मीद है हमारी पार्टी जीतेगी। झारखंड में तेजस्वी यादव चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इस सवाल पर कि क्या आप भी जाएंगे? जवाब में आरजेडी सुप्रीमो ने कहा कि वह भी जाएंगे। बता दें कि झारखंड में आरजेडी को इंडिया गठबंधन के तहत छह सीटें मिली हैं। पार्टी ने सभी छह सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। देवघर, कोडरमा, गोड्डा, चतरा, विश्रामपुर और हुसैनाबाद सीट से आरजेडी चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। प्रचार प्रसार शुरू है।

**झारखंड में किस सीट से कौन उम्मीदवार?**

आरजेडी ने देवघर से सुरेश पासवान को टिकट दिया है। इसके साथ ही पार्टी ने गोड्डा से संजय प्रसाद यादव को उम्मीदवार बनाया है। कोडरमा सीट की बात करें तो सुभाष यादव को मौका दिया गया है। बता दें कि सुभाष यादव जेल में हैं। वो जेल से ही चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा चतरा सीट से रश्मि प्रकाश को टिकट दिया गया है। रश्मि प्रकाश के पक्ष में तेजस्वी यादव विशाल जनसभा को संबोधित कर चुके हैं। बात विश्रामपुर विधानसभा सीट की करें तो यहां से पार्टी ने नरेश प्रसाद सिंह को प्रत्याशी बनाया है। इसके साथ ही हुसैनाबाद विधानसभा सीट पर आरजेडी ने संजय कुमार सिंह यादव को चुनाव मैदान में उतारा है। अब आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भी चुनाव में प्रचार करने की बात कह दी है। देखना होगा कि तेजस्वी और लालू मिलकर झारखंड में कितनी सीटों पर इस साल कब्जा कर पाते हैं।

## डेट के नाम पर लूट

### तय कैफे में ही बुलाती थीं लड़कियां, 5-6 गुना ज्यादा आता था बिल, 8 आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश की राजधानी दिल्ली के पास कौशाम्बी से पुलिस ने डेटिंग के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह को पकड़ा है। इस गिरोह को एक कैफे से चलाया जा रहा था। यहां पर काम करने वाली लड़कियां डेट के नाम पर लड़कों को अपने कैफे में बुलाती थीं। इसके बाद अपने ही कैफे में कई सारी चीजें खाने के लिए ऑर्डर करती थीं। खाने के बाद जब बिल आता था तो वह काफी ज्यादा होता था। हालांकि, लड़के मजबूरी में बिल भरते थे। बिल नहीं भरने पर लड़कों को बंधक बना लिया जाता था और जबरन उनसे पैसे वसूले जाते थे। पुलिस ने कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से तीन पुरुष हैं और पांच लड़कियां हैं। पुलिस ने बताया कि 22 अक्टूबर को दिल्ली के दयालपुर में रहने वाले एक व्यक्ति ने इन लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत की थी। पीड़ित ने बताया था कि डेट के नाम पर उसे कैफे में बुलाया गया और हर सामान की कीमत कई गुना ज्यादा थी। जब उसने बिल देने से मना किया तो उसे बंधक बना लिया गया।

## यूपी उपचुनाव में अखिलेश यादव के सुर में बोल रहे हैं संजय निषाद

### लखनऊ की सड़कों पर पोस्टर भी सेम

लखनऊ, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद यूपी उपचुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सुर में बोल रहे हैं। उन्होंने कहा है कि सीट के लिए नहीं जीत के लिए खड़े हैं। इसी तरह का बयान सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी दिया था। कांग्रेस के साथ गठबंधन को लेकर अखिलेश ने कहा था कि इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सपा के सिंबल पर चुनाव लड़ेंगे। बात सीट की नहीं बात जीत की है।

इतना ही नहीं, अखिलेश यादव की तरह निषाद पार्टी ने भी लखनऊ में '27 के खेवनहार' का पोस्टर लगाया है। यह पोस्टर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में लगाया गया है। इससे पहले लखनऊ में सपा ने 'सत्ताईस के सत्ताधीश' का पोस्टर लगाया था। यूपी उपचुनाव में एक भी सीट ना मिलने के बाद निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद ने कहा कि सपा और कांग्रेस को हटाने के लिए पार्टी बनाई थी। अब वह ना आ जाए इसलिए एनडीए को जिताना है। दिल्ली में निषाद समाज के आरक्षण की बात हुई है। जल्द ही आरक्षण का निष्कर्ष निकलेगा। निषाद समाज बीजेपी को जिताए क्योंकि बीजेपी ही उनको अधिकार दिला सकती है।



**जीत के लिए बीजेपी का जी-जान से समर्थन करेंगे- संजय**

सीट ना मिलने के सवाल पर उन्होंने गोलमोल जवाब दिया। संजय निषाद ने कहा कि दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व से मेरी बात हुई है। उपचुनाव में चुनाव नहीं लड़ेंगे। जीत के लिए बीजेपी का जी-जान से समर्थन करेंगे। वहीं, दो सीटों की मांग को लेकर उन्होंने कहा कि सीट के लिए नहीं जीत के लिए खड़े हैं। कभी-कभी परिस्तिथियों के हिसाब से काम करना पड़ता है। पिछली सरकार ने हमें ओबीसी में डालकर अन्याय किया है।

**'सत्ताईस के सत्ताधीश' के बाद अब 'सत्ताईस के खेवनहार'**

संजय निषाद के आवास के बाहर पोस्टर लगाया गया है और पोस्टर में लिखा गया है, '27 के खेवनहार'। इससे पहले समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर अखिलेश यादव का पोस्टर लगाया गया था, उसमें लिखा गया था '27 के सत्ताधारी'। पूरे लखनऊ में ऐसे पोस्टर लगाए गए हैं, जिसमें लिखा गया है '27 के खेवनहार'। इस तरह उपचुनाव से पहले यूपी की राजनीति में 'सत्ताईस के सत्ताधीश' के बाद अब 'सत्ताईस के खेवनहार' की भी एंट्री हो गई है। यूपी की 9 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव है।

## अमरोहा में चलती स्कूल बस पर फायरिंग, हमलावरों ने ईंट-पत्थर भी मारे, 30-35 बच्चे थे सवार

अमरोहा, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के अमरोहा में एक स्कूल बस पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। हालांकि, इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन बस पर हुई फायरिंग के चलते बच्चे बेहद डरे हुए हैं। बच्चों के अभिवावकों के लिए भी यह चिंता का विषय है। जानकारी के अनुसार आरोपियों ने बस में दो राउंड फायरिंग की। वह ड्राइवर को निशाना बनाना चाहते थे। आरोपियों ने बस में ईंट-पत्थर भी फेंके। हालांकि, वह अपने मनसूबों में सफल नहीं हुए और बच्चों के साथ-साथ ड्राइवर भी पूरी तरह सुरक्षित है। अमरोहा में स्कूल बस सुबह बच्चों को लेकर जा रही थी। इसी दौरान नगला ठाकुरद्वारा रोड पर बाइक सवारों ने बीच रास्ते में ही बस रोक ली। बदमाशों ने अपना चेहरा ढंका हुआ था। बस रोकने के बाद बदमाशों ने हमला कर दिया। इसके बाद एक किलोमीटर तक बस का पीछा भी किया और दो बार फायर किया। घटना के समय बस में बच्चे 30-35 भी सवार थे, लेकिन सभी लोग सुरक्षित बच गए। यह बस एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल की बताई जा रही है, जिसके संचालक बीजेपी नेता हैं। बस ड्राइवर तीन दिन पहले ही एक सड़क हादसे का शिकार हो गया था। इसके बाद उसका विवाद भी हो गया था। आशंका जताई जा रही है कि इन्हीं लोगों ने पीछा कर बस ड्राइवर पर हमला किया। पुलिस इस मामले में ड्राइवर से पूछताछ कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि हमलावर बस ड्राइवर को ही निशाना बनाना चाहते थे। बस में जो दोनों गोलियां लगी हैं, वह ड्राइवर के पास वाले गेट पर ही लगी हैं। इसके अलावा हमलावरों ने ईंट-पत्थर भी उसी पर मारे थे। हालांकि, बच्चों की बस पर हुए हमले से अभिवावक भी चिंतित हैं।

## लॉरेंस बिश्नोई मासूम बच्चा निभा रहा असली भाईचारा

# कुख्यात गैंगस्टर को साध्वी ने बताया गांधीवादी



मुजफ्फरनगर, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के विधायक बाबा सिद्दीकी की हत्या और सलमान खान को धमकी देने वाला कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को लेकर हिंदूवादी नेता साध्वी प्राची का अजीबोगरीब बयान आया है। मुजफ्फरनगर पहुंची साध्वी प्राची ने कहा कि जितना मैंने टीवी पर देखा है लॉरेंस बिश्नोई मासूम बच्चा सा दिखता है। इतना ही नहीं साध्वी प्राची ने कहा कि लॉरेंस बिश्नोई असली गांधीवादी है और सही भाईचारा निभा रहा है। बुढ़ाना के अखिल त्यागी के घर जा रही साध्वी प्राची ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वह किसी अपराधी का समर्थन नहीं करती। लेकिन बिश्नोई समाज प्रकृति और जीवों की पूजा करता है। गांधी जी भी जीवों का समर्थन करते थे। लॉरेंस बिश्नोई भी प्रकृति और जीवों से प्रेम करता है। यही वजह है कि वह बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के खिलाफ बोल रहा है।

**बारूद की ढेर पर बैठा है मुजफ्फरनगर**

इतना ही नहीं साध्वी प्राची ने 19 अक्टूबर को मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय के प्रोटेस्ट पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर को दहलाने की साजिश रची जा रही हैं। 19 अक्टूबर को भी यही साजिश रची गई थी। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर बरोड़ की ढेर पर बैठा है। गौरतलब है कि अखिल त्यागी नाम के एक शख्स द्वारा सोशल मीडिया पर किये गए एक पोस्ट के बाद सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए थे। साथ ही आरोपी अखिल के घर और दुकान पर पथराव भी किया गया था।

## पत्रकार ममता त्रिपाठी को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

# दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा यूपी सरकार को जारी किया नोटिस



लखनऊ, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश प्रशासन में कथित जाति के पक्षपात से संबंधित एक स्टोरी के मामले मे पत्रकार ममता त्रिपाठी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने ममता त्रिपाठी के खिलाफ कोई कार्रवाई करने पर रोक लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने चार एफआईआर में आरोपी फ्रीलांस पत्रकार ममता त्रिपाठी को संरक्षा प्रदान करने का आदेश दिया है। आपको बता दें कि ममता त्रिपाठी ने अपने खिलाफ दर्ज चारों एफआईआर रद्द किए जाने की याचिका दर्ज की थी।

याचिका पर जस्टिस भूषण आर गवई, जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने सुनवाई करते हुए ममता त्रिपाठी के खिलाफ किसी भ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाई है। पीठ ने पत्रकार ममता त्रिपाठी की याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका में प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध किया गया है। त्रिपाठी ने दावा किया कि ये प्राथमिकी राजनीति से प्रेरित है और प्रेस की स्वतंत्रता को दबाने के प्रयास के तहत दर्ज की गई हैं। उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए पीठ ने कहा, 'यह निर्देश दिया जाता है कि याचिकाकर्ता (त्रिपाठी) के खिलाफ संबंधित लेख के संबंध में कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाये।' मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

**सुप्रीम कोर्ट के पहले के फैसले का दिया गया हवाला**

ममता त्रिपाठी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने दलील दी कि अभिषेक उपाध्याय नामक एक पत्रकार ने पहले उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था और राज्य में ''सामान्य प्रशासन में जाति विशेष की सक्रियता'' संबंधी एक कथित रिपोर्ट के लिए उनके खिलाफ प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया था। दवे ने उपाध्याय की याचिका पर उच्चतम न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि वह त्रिपाठी के खिलाफ दर्ज इन प्राथमिकियों में से एक में सह-आरोपी हैं और उनकी याचिका पर शीर्ष अदालत ने अक्टूबर की शुरुआत में उन्हें किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण प्रदान किया था। उपाध्याय मामले में उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि पत्रकारों के खिलाफ केवल इसलिए आपराधिक मामला नहीं दर्ज किया जाना चाहिए क्योंकि उनके लेखन को सरकार की आलोचना के रूप में देखा जाता है। दवे ने कहा कि यह सरासर उत्पीड़न है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के खिलाफ केवल 'एक्स' पर उनकी पोस्ट के लिए प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिवक्ता अमरजीत सिंह बेदी के जरिये दायर अपनी याचिका में त्रिपाठी ने कहा कि चार प्राथमिकी क्रमशः अयोध्या, अमेठी, बाराबंकी और लखनऊ में दर्ज की गई थीं।

# कांग्रेस नेत्री रोशनी कुशल फरार घोषित

## कोर्ट ने जारी की कुर्की नोटिस, 15 सितंबर को प्रेमचंद्र कालोनी में किया था हंगामा



वाराणसी, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेत्री रोशनी कुशल जायसवाल को वाराणसी कोर्ट ने फरार घोषित कर दिया है। कोर्ट ने विवेचना अधिकारी को रोशनी के घर और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर कुर्की की नोटिस चस्पा किए जाने का निर्देश दिया है। रोशनी न्यू कालोनी ककरमत्ता की रहने वाली हैं। यह कार्रवाई 15 सितंबर 2024 को लालपुर-पांडेयपुर थानाक्षेत्र के प्रेमचंद्र नगर कालोनी में भाजपा समर्थक राजेश सिंह के घर जाकर हंगामा करने और मारपीट के मामले में उनकी पत्नी द्वारा दर्ज मुकदमें में हुई है। यह मुकदमा सिविल जज (सीनियर डिवीजन), एफटीसी युगल शंभू की अदालत में चल रहा है।

**कांग्रेस नेत्री के खिलाफ कुर्की का आदेश**

सिविल जज (सीनियर डिवीजन), एफटीसी युगल शंभू की अदालत में अनु सिंह के द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमें की सुनवाई चल रही है। इस मामले में लगातार कोर्ट से अनुपस्थित कांग्रेस नेत्री रोशनी कुशल जायसवाल पर कोर्ट सख्त हुई है। कोर्ट ने उन्हें फरार घोषित कर दिया है। फरार घोषित करते हुए कोर्ट ने रोशनी के खिलाफ कुर्की की नोटिस उसके मकान और सार्वजनिक स्थानों पर डुगडुगी पिटवाकर चस्पा करने के आदेश दिए हैं।

**इस मामले में हो रही है सुनवाई**

कांग्रेस नेत्री रोशनी कुशल जायसवाल 15 सितंबर 2014 को अपने समर्थकों के साथ लालपुर पांडेयपुर थानाक्षेत्र के प्रेमचंद नगर कालोनी पहुंची थी। यहां रहने वाले राजेश सिंह पर उन्होंने फेसबुक पर उनके विरूद्ध अश्लील कमेंट और पोस्ट करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। इस दौरान राजेश सिंह के मकान के बाहर आने के बाद रोशनी कुशल जायसवाल ने राजेश सिंह से मारपीट की थी।

**देर रात तक गिरफ्तार करने को लेकर चला था हंगामा**

इसके बाद पुलिस ने रोशनी की तहरीर पर राजेश सिंह पूछताछ की थी। जिससे नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने देर रात तक थाने पर हंगामा किया था और धरना दिया था। ऐसे में देर रात संयुक्त पुलिस आयुक्त एस चनप्पा मौके पर पहुंचे थे और देर रात रोशनी और उसके पति को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए थाने ले आये थे जिसके बाद माहौल शांत हुआ था। राजेश की पत्नी अनु ने मारपीट, घर में तोड़फोड़ और 20 हजार की सोने की चेन की लूट का मुकदमा दर्ज कराया था।

**7 अक्टूबर को जारी हुआ था एनबीडब्ल्यू**

कोर्ट के अनुसार रोशनी कुशल जायसवाल क्राइम संख्या 331/24 की धारा 191(2), 333, 115(2), 352, 351(2),76, 324(2), 3(5), 109(1) और 117(4) बीएनएस में लगातार फरार चल रही हैं। न ही इनकी गिरफ्तारी हुई और न ही ये न्यायालय के समक्ष पेश हुई हैं। ऐसे में न्यायालय ने 7 अक्टूबर को रोशनी के विरुद्ध एनबीडब्ल्यू जारी किया था। लेकिन रोशनी का कोई पता नहीं चला। ऐसे में उनके विरुद्ध धारा 82 की कार्रवाई की जा रही है।

## चक्रवाती तूफान 'दाना' के चलते बिहार में अलर्ट, इन इलाकों में भारी बारिश की संभावना

पटना, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। दीपावली के पहले बिहार के मौसम में बदलाव दिख रहा है। इसकी मुख्य वजह पश्चिम बंगाल और ओडिशा के तटों से उठने वाला चक्रवाती तूफान 'दाना' है। लेटेस्ट अपडेट के मुताबिक ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्र में चक्रवाती तूफान 'दाना' के आने का सिलसिला जारी है।

आईएमडी की ओर से पहले ही पूर्वानुमान में बताया गया है कि तूफान की गति 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटे तक होगी जबकि झोंकों के साथ यह 120 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। इस तूफान का असर बिहार में भी दिख रहा है।



**कहीं हल्की तो कहीं मध्यम या**

**भारी बारिश के आसार**

पटना मौसम विभाग के अनुसार आज बिहार के कई जिलों में वर्षा की संभावना है।

किशनगंज, पूर्णिया, अररिया, कटिहार और भागलपुर में भारी बारिश के आसार हैं। इसके अलावा मुंगेर, बांका, जमुई, लखीसराय पटना, नालंदा, नवादा, शेखपुरा, बेगूसराय, गया और जहानाबाद में मध्यम स्तर से लेकर हल्की वर्षा दर्ज की जा सकती है।

**बिहार में गिरेगा पारा और ठंड बढ़ने की उम्मीद**

पटना जिले सहित पूर्वी इलाकों के अधिसंख्य जिलों में सुबह से बादल बने हुए हैं। कई जिलों में काले बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार इसका असर कल (26 अक्टूबर) भी बिहार में रहने वाला है। पूर्वी और दक्षिण बिहार में तेज हवा के साथ वर्षा दर्ज होने की संभावना है। साथ ही आज से राज्य के तापमान में गिरावट होने से ठंड के बढ़ने की भी उमीद है।

## अतीक के बेटे उमर अहमद को मनी लॉन्ड्रिंग केस में मिली जमानत



प्रयागराज, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। माफिया अतीक अहमद के बेटे उमर अहमद की मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की स्पेशल कोर्ट में पेशी हुई। जिसके बाद कोर्ट ने उसे 50 हजार रुपये के मुचलके पर जमानत दे दी है। लेकिन, उमर को अभी जेल से रिहा नहीं किया जाएगा। क्योंकि उसके खिलाफ कई अन्य मुकदमे भी चल रहे है। उमर के वकील आमिर नकवी ने ईडी कोर्ट में जमानत पर बहस करते हुए दलील दी कि याचिकाकर्ता को जिन मामलों में ईडी ने आरोपी बनाया है उनमें छह महीने तक की सजा का प्रावधान है जबकि आरोपी इससे ज़्यादा समय से जेल में बंद है। इसलिए उसे जमानत दे दी जाए। उमर अहमद अभी लखनऊ की जेल में बंद है। उमर की दो मामलों में पेशी थी। ये मामले ईडी के साथ देवरिया कांड से संबंधित हैं। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उसे कोर्ट में पेश किया गया था। ईडी ने उमर पर जांच में सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया। ईडी के बाद उसने देवरिया के व्यापारी मोहित जायसवाल के अपहरण केस में भी पेश किया गया जहां मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। इस मामले पर अगली सुनवाई 6 नवंबर को होगी।

## टली बड़ी दुघर्टनाः सहारनपुर में अनाज से भरी मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतरे

सहारनपुर, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। पंजाब से बामनहेड़ी जा रही मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। मालगाड़ी में अनाज भरा हुआ है। पता लगते ही अम्बाला से डीआरएम समेत आला अफसर सहारनपुर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। कई ट्रेनों को अन्य प्लेटफार्म से निकाला गया। घटना सुबह करीब छह बजे की है। मालगाड़ी पंजाब में फिरोजपुर के गुरुहरसहाय से अनाज लेकर निकली थी। सुबह जब वह सहारनपुर रेलवे स्टेशन के पास पहुंची तो मालगाड़ी के 28 व 29 नंबर के दो डिब्बे बेपटरी हो गए। जबकि आगे के डिब्बों को काटकर रवाना किया। रेलवे विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए है। बेपटरी डिब्बों के उतरने का कारण तलाश रहे हैं। रेलवे विभाग ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।

## हाईकोर्ट में डीएम गाजियाबाद हुए पेश, स्टांप शुल्क विवाद में चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश

प्रयागराज, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट में गाजियाबाद के डीएम शुक्रवार को स्टांप शुल्क विवाद के मामले में रिकॉर्ड के साथ पेश हुए. अदालत ने डीएम पर वैधानिक नियमों और कोर्ट के आदेश की अनदेखी कर नोटिसा जारी करने और स्टांप शुल्क से जुड़े एक मामले में उन्हें तलब किया था. मेसर्स एसआरएसडी बिल्डिकान वेंचर प्राइवेट लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद कोर्ट ने डीएम से चार हफ्तों के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है.

**क्या है मामला?**

मेसर्स एसआरएसडी बिल्डिकान वेंचर प्राइवेट लिमिटेड ने करीब 200 करोड़ रुपये की लागत से 48 एकड़ जमीन खरीदी थी, इसके पक्ष में सेल सर्टिफिकेट बुक वन में दर्ज करने के लिए संदर्भित किया गया. इस पर डीएम गाजियाबाद ने स्टांप वसूली के लिए नोटिस जारी कर दिया. हालांकि इससे पहले कोर्ट ने कहा था कि किसी भी नीलामी में जारी किया गया सर्टिफिकेट बुक वन में दर्ज किया जाता है, जिस पर स्टांप ड्यूटी देय नहीं होती है. इसके बाद सब रजिस्ट्रार ने सर्टिफिकेट को बुक वन में रजिस्टर कर लिया था. हालांकि कुछ ही दिनों बाद प्रतिवादी संख्या तीन डीएम गाजियाबाद ने स्टांप एक्ट के सेक्शन 47 ए में स्टांप कमी का नोटिस जारी कर दिया. इस नोटिस में डीएम ने कहा ने कहा कि मेसर्स एसआरएसडी बिल्डिकान वेंचर प्राइवेट लिमिटेड पर 14 करोड़ रुपये की स्टांप की देयता बनती है. जिसे याची कंपनी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है. याची का तर्क है कि दस्तावेज केवल संदर्भित किया गया था, पंजीकरण के लिए पेश नहीं किया गया था और अधिकारियों को इसे समझने में गलती हुई है.



**डीएम ने कोर्ट में दी ये दलील**

कोर्ट में डीएम की ओर से अपर महाधिवक्ता अरविंद मिश्र ने दलील दी कि नोटिस कानून के मुताबिक जारी किया गया है. उन्होंने तर्क दिया कि स्टांप ड्यूटी लगाने का प्राधिकारी को भारतीय स्टांप एक्ट के तहत अधिकार है. अपर महाधिवक्ता ने कहा, कानून में साफ है कि जब भी कोई दस्तावेज पंजीकरण के लिए पेश किया जाता है, तो पेश करने वाले का दायित्व है कि वह स्टांप जमा करे. जिसके जवाब में याची के अधिवक्ता डॉ अवनीश त्रिपाठी ने कहा कि उन्होंने दस्तावेज केवल संदर्भित किया था, इसलिए स्टांप एक्ट की धारा 47 ए इस पर लागू नहीं होती और जारी नोटिस अधिकार क्षेत्र के बाहर है.

**कोर्ट ने आदेश पर लगाई रोक**

जस्टिस पीयूष अग्रवाल की सिंगल बेंच ने मामले को विचारणीय मानते हुए चार हफ्ते में डीएम से जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया. कोर्ट ने कहा कि अगर दस्तावेज पंजीकरण के लिए पेश हुए था सबूत दाखिल करें. मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि अगर हलफनामा दाखिल नहीं किया जाता है तो डीएम को फिर से रिकॉर्ड सहित कोर्ट में हाजिर होना होगा. कोर्ट ने 23 सितंबर की नोटिस के तहत जारी कार्रवाई पर फिलहाल रोक लगा दी है और याची के विरुद्ध कोई भी उत्पीड़नात्मक कार्रवाई न करने का आदेश दिया है. मामले की अगली सुनवाई 28 नवंबर को निर्धारित की गई है.

सुविचार: जीवन में कभी भी कही भी अपनी तुलना मत कीजिए, आप जैसे हैं सर्वश्रेष्ठ हैं!

## मुख्यमंत्री ने दक्षिणी राज्यों के साथ केंद्र के भेदभाव की आलोचना की



हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार धन और परियोजनाओं के आवंटन में दक्षिणी राज्यों के साथ भेदभाव कर रही है।

शुक्रवार को एक कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने एनडीए सरकार के दक्षिणी राज्यों के साथ कथित पक्षपात के मुद्दे पर बात की। देश के विकास में दक्षिणी राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों के दौरान उत्तर और दक्षिण दोनों को लाभ हुआ था, लेकिन मौजूदा एनडीए शासन ने दक्षिण को हाशिए पर डाल दिया है।

उन्होंने कहा, केंद्र सरकार पक्षपात कर रही है और उत्तरी राज्यों की तुलना में दक्षिणी राज्यों को सीमित सहायता दे रही है। प्रधानमंत्री मोदी के प्रशासन ने दक्षिणी राज्यों को कम धन दिया है, जबकि ये राज्य करों में अधिक योगदान देते हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि दक्षिण के उच्च कर योगदान के बावजूद, उन्हें उत्तर के राज्यों की तुलना में बहुत कम रिटर्न मिलता है।

दक्षिण द्वारा केंद्र को भेजे गए प्रत्येक रुपये के लिए, केवल 40 पैसे वापस किए जाते हैं, जबकि उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों को क्रमशः 7 और 6 रुपये प्रति रुपये के हिसाब से अधिक रिटर्न मिलता है। यह स्पष्ट असमानता केंद्र सरकार की दक्षिण के प्रति उदासीनता को दर्शाती है। रेवंत रेड्डी ने क्षेत्रों के बीच शक्ति संतुलन की कांग्रेस द्वारा कायम रखी गई पिछली परंपरा से हटने पर भी टिप्पणी की। रेवंत रेड्डी ने कहा, केंद्र की पिछली कांग्रेस सरकारें अगर प्रधानमंत्री उत्तर से होते तो दक्षिण से राष्ट्रपति चुनती थीं, जिसके कारण नीलम संजीव रेड्डी और एपीजे अब्दुल कलाम जैसे लोगों को दक्षिण से राष्ट्रपति बनाया गया।

हालांकि, एनडीए सरकार के तहत इस संतुलन की अनदेखी की गई है। इसके बजाय, सभी राज्यों में समान विकास सुनिश्चित करने के बजाय केवल सत्ता हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि राज्य सरकार बापू घाट को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गांधी विचारधारा के केंद्र के रूप में विकसित करेगी। बापू घाट को इस तरह से स्थापित किया जाएगा कि हैदराबाद शहर दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचे। प्रस्तावित परियोजना ईसा और मूसा नदियों के संगम पर विकसित की जाएगी।

सरदार पटेल की प्रतिमा की तर्ज पर बापू घाट पर भी विशाल गांधी प्रतिमा स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि भाजपा मूसी पुनरुद्धार परियोजना और बापू घाट के विकास का विरोध क्यों कर रही है। उन्होंने कहा कि गांधी के वंशज होने के नाते कांग्रेस सरकार बापू घाट को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकसित करेगी।

## नवंबर के अंत तक खेल नीति तैयार करने का निर्देश दिया



हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को नवंबर के अंत तक खेल नीति तैयार करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को यहां अपने आवास पर खेल नीति पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को तेलंगाना राज्य के लिए सर्वोत्तम खेल नीति तैयार करने का सुझाव दिया। रेवंत रेड्डी ने कहा, यदि आवश्यक हो तो अधिकारियों को दुनिया के विभिन्न देशों की खेल नीतियों का अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि राज्य शासी बोर्ड को अगले दस दिनों में अंतिम रूप दिया जाना चाहिए और अधिकारियों को जल्द से जल्द खेल विश्वविद्यालय विधेयक तैयार करना चाहिए। रेवंत रेड्डी ने सलाह दी, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए खेल कैलेंडर बनाने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। सरकारी सलाहकार के. केशव राव और जीतेंद्र रेड्डी, तेलंगाना खेल प्राधिकरण (एसएटी) के अध्यक्ष शिवसेना रेड्डी, मुख्य सचिव शांति कुमारी और अन्य शीर्ष अधिकारी उपस्थित थे।

## टाइम्स स्कायर शैली के वीडियो बिलबोर्ड के लिए डिजाइन प्रस्तावित

हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार हैदराबाद के शहरी परिदृश्य को पुनर्परिभाषित करने के लिए तैयार है, जिसके तहत रायदुर्ग जंक्शन पर एक जीवंत नई परियोजना शुरू की जाएगी, जिसमें टाइम्स स्कायर से प्रेरित वीडियो बिलबोर्ड लगाए जाएंगे। आईटी और उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू के मार्गदर्शन में व्यापार, मनोरंजन और पर्यटन को मिलाकर एक चौबीसों घंटे चलने वाला केंद्र बनाने का प्रस्ताव है।

मंत्री ने जीवंत डिजिटल विज्ञापनों, बड़े इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले और एक समग्र अनुभव की परिकल्पना पर जोर दिया है जो न्यूयॉर्क के टाइम्स स्कायर के प्रसिद्ध वातावरण की नकल करता हो। उन्होंने राज्य सचिवालय में हाल ही में आयोजित बैठक में विभिन्न फर्मों द्वारा प्रस्तुत विस्तृत डिजाइन अवधारणाओं की समीक्षा की।

हैदराबाद के टाइम्स स्कायर-स्टाइल वीडियो बिलबोर्ड के प्रस्ताव में लाइव सांस्कृतिक प्रदर्शन और संगीत कार्यक्रमों के लिए स्थान शामिल हैं, जो हैदराबाद की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सामने लाएंगे। इस क्षेत्र में एम्फीथिएटर, ओपन-एयर रेस्तरां और थीम वाले शॉपिंग मॉल बनाए जाएंगे, जिससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों दोनों के लिए एक नया केंद्र बनेगा। क्षेत्र को चौबीसों घंटे आकर्षण का केंद्र बनाने के लक्ष्य के साथ, यह डिजाइन स्थानीय व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण अवसर पैदा करेगा, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में वृद्धि होगी। थीम आधारित शॉपिंग मॉल और सांस्कृतिक कार्यक्रम आगंतुकों को आकर्षित करेंगे।

## सरकार रियल एस्टेट क्षेत्र के साथ पूर्ण सहयोग के लिए प्रतिबद्ध : उत्तम



हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई और नागरिक आपूर्ति मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने दोहराया है कि राज्य सरकार हैदराबाद के रियल एस्टेट और निर्माण क्षेत्र को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका लक्ष्य शहर को वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी गंतव्य में बदलना है। शुक्रवार को यहां प्रॉपर्टी शो के 14वें संस्करण में बोलते हुए, उत्तम कुमार रेड्डी ने रियल एस्टेट डेवलपर्स को आश्वासन दिया कि सरकार उन्हें "प्रगति में भागीदार" मानती है और हैदराबाद के विकास को आगे बढ़ाने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने के लिए समर्पित है। हमारी सरकार आपके साथ खड़ी है, उत्तम ने हैदराबाद के लिए एक साझा दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सक्रिय सहयोग का वचन दिया। उन्होंने कहा, हैदराबाद को वास्तव में वैश्विक गंतव्य बनाने के हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, हमें पूरी तरह से एक साथ काम करना होगा। हैदराबाद की प्रगति को आगे बढ़ाने में आप आवश्यक भागीदार हैं। तेलंगाना के भीतर हैदराबाद के बढ़ते आर्थिक महत्व को स्वीकार करते हुए, उत्तम कुमार रेड्डी ने आश्वासन दिया कि सरकार आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण इंजन, रियल एस्टेट और निर्माण गतिविधि को प्रोत्साहित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगी। रियल्टी क्षेत्र द्वारा उठाई गई चिंताओं को संबोधित करते हुए, मंत्री ने पिछली मंजूरी, अनुमति और अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के बारे में आशंकाओं को सीधे संबोधित किया। संचार को और बेहतर बनाने और उद्योग की जरूरतों को पूरा करने के लिए, उत्तम कुमार रेड्डी ने क्रेडाई और ट्रेडा जैसे प्रमुख रियल एस्टेट संघों के सदस्यों के साथ एक संचालन समिति की स्थापना का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि लगभग दस सदस्यों वाली यह समिति उभरते मुद्दों पर चर्चा करने और उन्हें हल करने के लिए महीने में कम से कम एक या दो बार बैठक करेगी। उत्तम ने कहा, हमारा लक्ष्य एक सुसंगत और उत्पादक संवाद बनाए रखना है, जिससे आप आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें, यह जानते हुए कि सरकार आपके विकास का पूरा समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हैदराबाद मेट्रो रेल के विस्तार में तेजी लाकर यातायात की भीड़ को कम करने का भी वादा किया है, उन्होंने कहा कि हैदराबाद की पेयजल क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ अन्य शहरी संपर्क बढ़ाने पर भी विचार किया जा रहा है। उत्तम ने खुलासा किया, भविष्य के शहर से लेकर उद्योगपति आनंद महिंद्रा के नेतृत्व वाली कौशल विश्वविद्यालय और एक विश्व स्तरीय खेल विश्वविद्यालय तक, हम हैदराबाद को आधुनिक शहरी नियोजन का केंद्र बनाने की नींव रख रहे हैं।

## ज्वैलर से पैसे मांगने के आरोप में 3 यूट्यूबर्स पर मुकदमा

हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। एएस राव नगर में एक जौहरी को धमकाने और उससे पैसे मांगने के आरोप में तीन यूट्यूबर्स पर मामला दर्ज किया गया है। कुशाईगुडा पुलिस ने आरोपियों को नोटिस भेजा है, जिन्होंने स्पष्टीकरण देने के लिए कुछ दिन का समय मांगा है। रिपोर्टों के अनुसार, 58 वर्षीय हैदराबाद के जौहरी गुडीवाड़ा रमनलाल, जो 30 वर्षों से लकी ज्वैलर्स चला रहे हैं, ने शिकायत दर्ज कराई कि दुवदा शिव प्रसाद (भारत वर्सा यूट्यूब चैनल), ललिता कुमार (हिंदू जन शक्ति चैनल) और हरिकृष्णा (येधि निजाम चैनल) ने उनके व्यवसाय के बारे में अपमानजनक वीडियो पोस्ट किए और उन्हें हटाने के लिए पैसे की मांग की। 1.5 लाख रुपये का भुगतान करने के बावजूद, उत्पीड़न जारी रहा, यूट्यूबर्स ने अतिरिक्त 60 लाख रुपये की मांग की और पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आर्मी पब्लिक स्कूल बोलारम ने दक्षिणी कमान के प्रिंसिपल्स मीट की मेजबानी की



हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। आर्मी पब्लिक स्कूल बोलारम ने 24 अक्टूबर 2024 को दक्षिणी कमान के वार्षिक प्रिंसिपल्स मीट की मेजबानी की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता लेफ्टिनेंट जनरल एसपी सिंह, वाईएसएम, चीफ ऑफ स्टाफ, मुख्यालय दक्षिणी कमान और अध्यक्ष, बीओए ने की। इस कार्यक्रम में मेजर जनरल एसएस विर्क, एसएम, एमजी एडम मुख्यालय एससी, मेजर जनरल राकेश मनोचा एसएम, वीएसएम, जीओसी टीएएसए और संरक्षक एपीएस बोलारम और मेजर जनरल पीआर मुरली, वीएसएम, एमडी एडब्ल्यूईएस के साथ-साथ एडब्ल्यूईएस के निदेशकों और आर्मी पब्लिक स्कूलों के 37 प्रिंसिपलों सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए। कमांड प्रिंसिपल्स मीट ने एक गतिशील बौद्धिक सम्मेलन के रूप में कार्य किया, जिसमें शिक्षा में सफल पहलों को आगे बढ़ाने के लिए स्कूल के नेताओं और शिक्षकों को एक साथ लाया गया। इस बौद्धिक भव्य आयोजन ने नेताओं को शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रमुख रणनीतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान किया। इस कार्यक्रम ने शिक्षा के क्षेत्र से अभ्यासियों को युवा दिमागों को आकार देने और उन्हें लगातार विकसित हो रही दुनिया में सफलता के लिए तैयार करने के लिए अभिनव दृष्टिकोणों पर चर्चा करने और विकसित करने का अधिकार दिया। मुख्य अतिथि ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और चरित्र निर्माण प्रदान करने के एडब्लूईएस के आदर्श वाक्य को साकार करने के लिए सेना के सभी शैक्षणिक संस्थानों के प्रधानाचार्यों की सराहना की। इस मंच ने विचारों के गहन आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया, जिसमें प्रधानाचार्यों द्वारा 'शिक्षकों का प्रदर्शन और परिवर्तनकारी नेतृत्व' और 'समावेशी शिक्षा' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक प्रस्तुतियां दी गईं। कॉलेज विजिबिलिटी प्रोग्राम के तहत देश भर के पांच एडब्लूईएस ने दर्शकों के सामने अपनी भविष्य की नीतियों और नवीन शैक्षिक रणनीतियों को प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं 2023-2024 में शानदार परिणाम प्राप्त करने के लिए छात्रों और स्कूलों के दृढ़ संकल्प, समर्पण और कड़ी मेहनत को स्वीकार किया गया और सम्मानित किया गया।

## पुलिस शहीद स्मृति सप्ताह के अवसर पर निकली साइकिल रैली



आदिलाबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। आदिलाबाद में चल रहे पुलिस शहीद स्मृति सप्ताह के अवसर पर शुक्रवार को साइकिल रैली निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक गौश आलम ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। करीब 200 साइकिल सवारों ने कलेक्ट्रेट चौरास्ता, एनटीआर, विनायक, देवी चंद्र चौक, गांधी, नेताजी, बसवेश्वर चौक और बस स्टैंड से होते हुए शहर के आरएंडबी गेस्ट हाउस में समापन किया। रैली में प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी , पुलिसकर्मी, युवा और छात्र शामिल थे। आलम ने रैली में भाग लेने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। एसपी ने कहा कि पुलिसकर्मियों का बलिदान अविस्मरणीय है। विभाग पुलिस कर्मियों के बलिदान को याद करने के लिए इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करेगा, जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी।

## इंजीनियर ने सातवीं मंजिल से कूदकर दी जान

हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार को शहर के बाहरी इलाके नरसिंगी के कोकापेट में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने बहुमंजिला इमारत से कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान नागा प्रभाकर के रूप में हुई है, जो आंध्र प्रदेश का रहने वाला था और गचीबोवली में एक सॉफ्टवेयर फर्म में काम करता था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वह कोकापेट स्थित अपने हॉस्टल के कमरे में आया और इमारत की सातवीं मंजिल से कूद गया। उसे गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर नरसिंगी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए उस्मानिया अस्पताल भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि काम के तनाव के कारण उसने आत्महत्या कर ली। हालांकि, पुलिस को अभी तक इस कदम के पीछे की असली वजह का पता नहीं चल पाया है।

## कुत्तों में होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए की जाए नसबंदी : इलांबर्ती

### आयुक्त ने सी एंड डी प्रसंस्करण संयंत्र का निरीक्षण किया



हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी आयुक्त इलांबर्ती ने संबंधित अधिकारियों को शहर में कुत्तों के खतरे को रोकने के लिए बड़ी संख्या में नसबंदी करने का निर्देश दिया है। शुक्रवार की सुबह आयुक्त एलबी नगर जोन ने फतुल्लागुड़ा पशु अभयारण्य, कुत्ता पकड़ने वाले वाहन, कुत्ता ऑपरेशन थिएटर, पालतू कुत्ता श्मशान और सी एंड डी प्रसंस्करण संयंत्र का निरीक्षण किया। प्रति दिन कुत्ते संचालकों द्वारा कितने कुत्ते पकड़े जाते हैं? कमिश्नर ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अब्दुल वकील से पूछा कि प्रतिदिन कितनी नसबंदी हो रही है। डॉ. वकील ने कमिश्नर को जोन में नसबंदी किये गये कुत्तों और सर्किलवार पकड़े गये कुत्तों का ब्यौरा दिया। इस मौके पर कमिश्नर ने सर्किलवार अधिक मात्रा में वाहनों को पकड़ने के उपाय करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि परिणाम तभी मिलेंगे जब कुत्ते के काटने और कुत्ते के काटने से बचाव के लिए सर्जिकल उपचार किया जाए। इसके लिए मैदानी स्तर के अधिकारी समय-समय पर आदेश जारी करें ताकि दिन-प्रतिदिन समीक्षा कर बड़ी संख्या में कुत्तों को पकड़ा जा सके। कुत्ते पकड़ने वालों को सेट देने का सुझाव दिया गया है। पालतू कुत्तों के शवदाह गृह का निरीक्षण करने और प्रशासकों से यह पूछने पर कि प्रति माह कितने कार्य किए जाते हैं, उन्होंने आयुक्त को बताया कि प्रति माह लगभग 30 से 35 शवदाह गृह किए जाते हैं। बाद में कमिश्नर ने निर्माण अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र इकाइयों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन आयुक्त श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि 500 टन की क्षमता वाली चार निर्माण अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित की गई हैं। उन्होंने कहा कि रंकी द्वारा जीडिमेटला और फतुल्लागुडा में इकाइयां स्थापित की गईं, जबकि सोमा श्रीनिवास रेड्डी द्वारा शमशाबाद और तुमुकुंटा में इकाइयां स्थापित की गईं। आयुक्त के साथ, एलबीनगर जोनल कमिश्नर हेमंत केशव पाटिल, स्वास्थ्य अतिरिक्त आयुक्त पंकजा, मुख्य पशु चिकित्सक अब्दुल

## नकली तंबाकू उत्पाद बेचने के आरोप में 2 गिरफ्तार

हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में नकली तंबाकू उत्पाद बेचने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 2,10,000 रुपये मूल्य की वस्तुएं जब्त की गई हैं। फलकनुमा निवासी 32 वर्षीय सैयद इमरान और शाहली बांदा निवासी 29 वर्षीय मोहम्मद जुबैर के रूप में पहचाने गए आरोपियों को फलकनुमा पुलिस ने ग्राहकों को नकली तंबाकू उत्पाद वितरित करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

## नवंबर के दूसरे सप्ताह में हुस्नाबाद में मेगा फॉरेन जॉब मेला : पोन्नम

### योग्य युवाओं को कौशल के आधार पर नौकरियां दी जाएंगी



हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। विकसित देशों में उच्च वेतन वाली नौकरी के अवसर प्राप्त करने के लिए परिवहन और बीसी कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने सचिवालय में अपने कक्ष में टैंककॉम प्रतिनिधियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षित करने और विभिन्न क्षेत्रों में उनके कौशल के आधार पर विभिन्न देशों में अच्छे वेतन के साथ नौकरी के अवसर प्रदान करने के लिए हुस्नाबाद में एक मेगा विदेशी नौकरी मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। तीनों जिलों के कलेक्टरों को नवंबर के पहले सप्ताह में आयोजित होने वाले रोजगार मेले के लिए मंडलों में जागरूकता पैदा करने का निर्देश दिया गया। मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने सुझाव दिया कि हर गांव में रुचि रखने वाले बेरोजगार युवाओं का डेटा एकत्र किया जाना चाहिए और उन्हें उनकी रुचि की परवाह किए बिना विदेश में नौकरी के अवसर प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हुस्नाबाद विधानसभा क्षेत्र में आयोजित मेगा जॉब मेला को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और इससे 5 हजार लोगों को नौकरी का मौका मिला है। उन्हें सलाह दी जाती है कि उन्हें नौकरी की सुरक्षा प्रदान करके और विदेशों में लाखों वेतन वाली नौकरियों के लिए कंपनी के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण प्रदान करके उन्हें यहां से अच्छी कंपनियों में भेजने के लिए उपलब्ध बेहतर अवसरों का लाभ उठाएं।

विशेष रूप से जर्मनी, जापान, कनाडा, खाड़ी देशों, अमेरिका, ब्रिटेन, इजराइल और न्यूजीलैंड में नौकरी के अधिक अवसर होंगे। अधिकारियों ने कहा कि टैंककॉम द्वारा पहले ही हजारों लोगों को प्रशिक्षित किया गया है और नौकरी के अवसर दिए गए हैं। बैठक में विशेष सचिव उद्योग टैंकोम सीईओ डॉ.ई विष्णु वर्धन रेड्डी, टैंकोम जीएम नागा भारती, शबना टैंकोम मैनेजर और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें X@SCRailwayindia पर फालो करें। निविदा सूचनाओं का विवरण हमारे **वेबसाइटः** www.scr.indianrailways.gov.in पर भी उपलब्ध।

**नोटिस नं. सी/सी/ई-आक्शन एन्ड मैन्युएल टेंडर/एससी/2024-25 दि.25/10/2024**

PUB/1068

भारत के राष्ट्रपति, संघीय गणराज्य की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, सिकंदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा वाणिज्यिक आय तथा एनएफआर संविदाओं हेतु ई-नीलामी एवं मैन्युएल टेंडर आमंत्रित है। तदनुसार, एससी डिवीजन ने निम्न श्रेणियों के लिए ई-नीलामी व मैन्युएल टेंडर संसाधित की है, जिसे **वेबसाइट्सः** https://www.ireps.gov.in/website एवं www.scr.indianrailways.gov.in पर अधिसूचित किया गया है।

| क्रम सं. | श्रेणी | ई-नीलामी एवं मैन्युएल टेंडर की तिथि |
|---|---|---|
| 1 | पार्किंग | 28-10-2024 एवं 01-11-2024 |
| 2 | पे एण्ड यूज टायलेट्स या शौचालय | 30-10-2024 |
| 3 | कैटरिंग या खानपान | 31-10-2024 एवं 01-11-2024 |
| 4 | इवी(बैटरी स्वैप्पिंग एण्ड इवी चार्जिंग स्टेशन्स) | 01-11-2024 |
| 5 | आरसीआर(रेल कोच रेस्टारंट) | 02-11-2024 |
| 6 | एमपीएस | 04-11-2024 |
| 7 | बाक्स(बाक्सन वैगन क्लीनींग) | 04-11-2024 |
| 8 | स्कैन(पार्सल स्कैन्नर) | 06-11-2024 |
| 9 | एटीएम | 06-11-2024 एवं 08-11-2024 |
| 10 | हाल्ट एजेन्ट कान्ट्राक्टर्स या ठेकेदारों की नियुक्ति | 19-11-2024 |

विस्तृत विवरण हेतु पार्टीज वेबसाइट्सः https://www.ireps.gov.in/website तथा www.scr.indianrailways.gov.in देखें। पूछताछ/स्पष्टीकरणों हेतु कृपया अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पर करें।

वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, सिकंदराबाद

A1391

भाकृ अनुप-केन्द्रीय बारानी कृषि अनुसन्धान संस्थान

ICAR - Central Research Institute for Dryland Agriculture

Santoshnagar, Saidabad (P.O.), Hyderabad-500 059

**सूचना**

आईसीएआर-क्रिडा, हैदराबाद कार्यालय में, युवा पेशेवर-।(2 पद) तथा प्रशासकीय सहायक(1 पद) का अस्थायी पद भरा जायेगा। विस्तृत विवरण हेतु http://www.icar-crida.res.in पर जाएं।

हस्ता./-
प्रशासकीय अधिकारी

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 26 अक्टूबर- 2024

# आतंकवाद ने फिर सिर उठाया

केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में नई सरकार का गठन क्या हुआ सीमा पार के आतंकवाद ने फिर सिर उठाना शुरू कर दिया है। सरकार गठन के बाद एक हफ्ते में ही 4 ताबडतोड आतंकी हमले हुए हैं। प्रवासी मजदूरों को टारगेट करके 3 हमले हो चुके हैं। गुरुवार को गुलमर्ग में सेना के ट्रक पर घात लगाकर किए गए हमले में 2 जवानों समेत 4 की मौत हो गई। इसी हफ्ते आतंकियों ने एक सुरंग निर्माण कंपनी के कर्मचारियों पर हमला किया था जिसमें 7 की मौत हो गई थी। आतंकियों के निशाने पर इस बार सिर्फ सुरक्षा बल ही नहीं, बल्कि बाहरी राज्यों से आए मजदूर, पर्यटक भी है। कड़ी सुरक्षा की वजह से विधानसभा चुनाव के दौरान गड़बड़ी नहीं फैला पाए आतंकी अब बौखलाहट में हमले तेज कर दिए हैं। ज्यादातर हमलों के पीछे पाकिस्तान के घुसपैठी आतंकी हैं। जिस तेजी से आतंकी वारदात का नासूर बढ़ रहा है, उसकी दोगुनी तेजी से भारत सरकार को सीमा पार आतंकवाद का इलाज भी करना होगा। गुरुवार को गुलमर्ग में 11 किलोमीटर दूर एलओसी के पास आतंकियों ने सप्लाई लेकर जा रहे मिलिट्री ट्रक पर घात लगाकर हमला किया। इसमें राष्ट्रीय राइफल्स के 2 जवानों और 2 पोर्टर की मौत हो गई। 3 अन्य सैनिक जख्मी हुए हैं। गुरुवार को ही दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में यूपी के बिजनौर के शुभम कुमार को गोली मार दी। वह कश्मीर में नाई का काम करता है। खुशकिस्मत था कि गोली उनके दाहिने हाथ में लगी। उन्हें तुरंत ही त्राल के नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें खतरे से बाहर बताया। ये एक सप्ताह के भीतर प्रवासी मजदूरों को टारगेट करके किया हुआ तीसरा आतंकी हमला था। इसके पहले रविवार को गांदरबल में आतंकियों के हमले में एक सुरंग-निर्माण कंपनी के 7 कर्मचारियों की मौत हो गई। गांदरबल में श्रीनगर-लेह हाइवे पर गगनगीर के पास हुए इस आतंकी हमले में मरने वालों में एक लोकल डॉक्टर भी थे। इससे पहले शुक्रवार को शोपियां में आतंकवादियों ने बिहार के एक प्रवासी मजदूर को पहले अगवा किया था और बाद में उसकी हत्या कर दी थी। बता दें कि लोकसभा चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले बढ़े हैं। अपेक्षाकृत शांत रहे जम्मू को भी आतंकियों ने अपनी वारदातों का मुख्य केंद्र बना लिया है। 4 मई के बाद आतंकी हमलों में सुरक्षा बलों के 24 जांबाजों ने सर्वोच्च बलिदान दिया है। इनमें 18 तो सिर्फ जम्मू क्षेत्र में थे। बाकी 6 कश्मीर में। इस दौरान कम से कम 20 आतंकी भी ढेर किए गए। सवाल है कि सीमा पार आतंकवाद का समाधान आखिर क्या है? बढ़ते आतंकी हमलों को देखते हुए भारत को कोई ठोस रणनीति बनानी पड़ेगी। जम्मू-कश्मीर चुनाव के दौरान जिस तरह की अभेद्य सुरक्षा थी, उस स्तर पर व्यापक तैनाती तो मुश्किल है, लेकिन सरकार को कुछ न कुछ ठोस तो करना ही पड़ेगा। चुनाव के दौरान बड़े पैमाने पर अर्धसैनिक बलों की भी तैनाती हुई थी जो अब अपनी तैनाती वाली मूल जगहों पर लौट चुके हैं या लौट रहे हैं। पिछले साल भी जम्मू क्षेत्र में आतंकी हमलों में तेजी दिखी थी। एलओसी के नजदीक राजौरी और पुंछ जिले में सिलसिलेवार आतंकी हमलों के बाद 13 जनवरी 2023 को गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू स्थित राजभवन में रिव्यू मीटिंग की थी। तब आतंकवाद से निपटने के लिए उन्होंने तीन महीने की एक खास रणनीति का ऐलान किया था। एक बार फिर उसी तरह की रणनीति की जरूरत है। इसमें सुरक्षा एजेंसियों में तालमेल, एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर हाई टेक निगरानी बढ़ाने जैसे कदमों को उठाने की जरूररत है। जरूरत पड़े तो सीमापार स्थित आतंकी लॉन्च पैड और ट्रेनिंग कैंपों पर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक जैसे कदम से भी गुरेज नहीं करना चाहिए। समय रहते यदि आतंकियों के बाल नहीं बांके गए तो पानी सिर के ऊपर जाने में देर नहीं लगेगी।

# जातिगत समीकरण पर दारोमदार होगा

**के. एस. तोमर**

हरियाणा में जीत के बावजूद भाजपा के लिए उस मॉडल को महाराष्ट्र में दोहराना मुश्किल होगा, क्योंकि मराठवाड़ा और पश्चिमी महाराष्ट्र में भौगोलिक-राजनीतिक परिस्थितियां अलग हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को वहां क्रमशः 0 और 2 सीटें मिली थीं।

इसीलिए पार्टी ने ओबीसी श्रेणी में आने वाले माली, धनगर और वंजारी समुदायों के एकीकरण के लिए माधव फॉर्मूला पर भरोसा किया है। लड़की-बहिन योजना के माध्यम से महिला मतदाताओं के महत्वपूर्ण समर्थन पर भी पार्टी बहुत निर्भर है।

महाराष्ट्र में जातीय-जनसांख्यिकी क्षेत्रीय आधार पर भिन्न होती है। कृषि और बागवानी से जुड़ा माली समुदाय राज्य की आबादी का लगभग 7-8% है। यह विशेष रूप से पश्चिमी महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में प्रभावी है। धनगर समुदाय- जिसकी पृष्ठभूमि पशुपालन की है- भी राज्य में महत्वपूर्ण है।

इनकी आबादी लगभग 9-12% है। वे एसटी का दर्जा मांग रहे हैं। वंजारी समुदाय व्यापार और खेती से जुड़ा है और उसकी आबादी लगभग 2-3% है। यह समुदाय राज्य के विभिन्न हिस्सों में फैला है और राजनीतिक रूप से सजग है।

2024 के लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में भाजपा को झटका लगा था, क्योंकि इंडिया गठबंधन का यह प्रचार कि भाजपा संविधान बदलकर आरक्षण खत्म कर देगी, कामयाब रहा। अब रणनीति बदलनी पड़ सकती है।

वहीं हरियाणा से मिले सबक महाराष्ट्र में कांग्रेस के लिए कारगर साबित हो सकते हैं, क्योंकि पार्टी अब ऊंची जातियों और ओबीसी समुदायों के प्रति संतुलित दृष्टिकोण अपना रही है। यह विदर्भ में पार्टी को मजबूत कर सकता है।

महाराष्ट्र में एनडीए- जो मुख्य रूप से भाजपा, शिंदे की शिवसेना और छोटे सहयोगियों जैसे राष्ट्रवादी समाज पक्ष (आरएसपी) पर आधारित है- अपने पारंपरिक मतदाता आधार को संगठित करने का प्रयास करेगी। 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने महाराष्ट्र में 105 सीटें जीती थीं, अविभाजित शिवसेना ने 56 सीटें जीती थीं और उनकी संयुक्त शक्ति ने उन्हें चुनाव के बाद गठबंधन बनाने में मदद की थी।

इस बार भाजपा 160-170 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है, जबकि शिंदे की शिवसेना को 70-80 सीटें मिल सकती हैं। दूसरी ओर, इंडिया गठबंधन कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार) और उद्धव ठाकरे की शिवसेना की संयुक्त ताकत पर भरोसा कर रहा है। कांग्रेस 90-100 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है, एनसीपी 80-90 सीटों पर, और ठाकरे की शिवसेना 70-80 सीटों पर।

लेकिन मराठवाड़ा, विदर्भ और पश्चिमी महाराष्ट्र में परस्पर-हित टकरा सकते हैं।

मराठा समुदाय- जो महाराष्ट्र की लगभग 30% आबादी का हिस्सा है- राज्य की राजनीति में प्रमुख भूमिका निभाता आया है। मराठवाड़ा में दोनों गठबंधनों के मराठा नेता आमने-सामने होंगे। एकनाथ शिंदे शरद पवार से चुनौती का सामना करेंगे।

उद्धव ठाकरे भी मराठा हैं। औरंगाबाद, बीड और उस्मानाबाद में यह संघर्ष और तीव्र होगा, जहां मराठा नेताओं के बीच कड़ा मुकाबला होगा। दोनों ही गठबंधन मछुआरे, सुनार, खटीक, जैन समुदायों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

# क्या पाकिस्तान से भी रिश्ते सुधार पाएंगे?



**अशोक भाटिया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान अहम द्विपक्षीय वार्ता होने के बाद चीन व भारत के बीच अनेक समझौते हुए उसके बाद इतने वर्षों से रिश्तों पर पड़ीं बर्फ पिघलने लगी है । इससे जानकर लोगों का मानना था कि पाकिस्तान के आका चीन के ठंडे पड़ने के बाद शायद पाकिस्तान भी अपने द्वारा प्रायोजित आतंकवाद से मुंह मोड़ ले पर ऐसा लगता नहीं । एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की बातचीत चल रही थी दूसरी तरफ पाकिस्तान अपनी आतंकवाद की गतिविधियों में लगा रहा । हाल ही में पाकिस्तानी प्रायोजित आतंकवादियों के हमले में जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर सात लोगों मारे गए हैं। यह हमला गगनगीर में एक सुरंग निर्माण स्थल पर हुआ था। अब इस मामले में पूछताछ के लिए जांच एजेंसियां जुट गई हैं। इलाके के तकरीबन 50 लोगों को पूछताछ के लिए बुलाए जाने से जुड़ी जानकारी मिल रही है। यह सभी लोग मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के बताए जा रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार शुरुआती जांच से पता चलता है कि कर्मचारियों को निशाना बनाने वाले आतंकवादी पाकिस्तान से आए घुसपैठिए हो सकते हैं। जो बांदीपुर से जिले में आए थे। पुलिस सूत्रों ने यह भी कहा कि हमलावरों ने हाल ही में घाटी में घुसपैठ की है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जीवित बचे लोगों से की गई पूछताछ से पता चलता है कि हमलावर स्थानीय नहीं थे। इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि वे पाकिस्तानी आतंकवादी थे जो हाल ही में गुरेज सेक्टर से घाटी में घुसपैठ कर आए थे। एक सूत्र ने कहा, "ऐसा लगता है कि आतंकवादी हमले के बाद जंगलों में भाग गए हैं। गौरतलब है कि विदेश मंत्री एस जयशंकर के इस्लामाबाद जाने के बाद ऐसा लग रहा था कि पाकिस्तान दोनों देशों के बीच रिश्ते सुधारने को बेताब है। पाकिस्तान ने भले ही ऐसा खुलकर न कहा हो, लेकिन उसके नेताओं के बयान तो इसी बात की ओर इशारा कर रहे थे । जयशंकर की पाकिस्तान यात्रा के बाद वहां के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने दोनों में रिश्ते सुधरने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा है कि अगर दोनों देशों की क्रिकेट टीमें भारत में किसी प्रतियोगिता का फाइनल खेलती हैं तो वो उसे देखने भारत जा सकते हैं। आइए जानते हैं कि पाकिस्तान के नेता भारत से रिश्ते सुधारने पर इतना जोर क्यों दे रहे हैं। दरअसल पाकिस्तान आर्थिक और राजनीतिक अस्थीरता के दौर से गुजर रहा है। देश में गठबंधन की सरकार चल रही है। उसके एक पूर्व प्रधानमंत्री को जेल में बंद करके रखा गया है। संसद में सबसे अधिक सांसदों वाले दल को सरकार नहीं बनाने दिया गया। अर्थव्यवस्था रसातल में चली गई है। पाकिस्तान इस साल सितंबर में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) से सात अरब डॉलर का कर्ज लिया है। आईएमएफ से उसने रिकॉर्ड 25वीं बार कर्ज लिया है। आईएमएफ के अनुमान के मुताबिक पाकिस्तान के 2023 में कुल कर संग्रह का 68 फीसदी हिस्सा तो केवल कर्ज का व्याज चुकाने में ही चला गया। इस हालात में भी उसके अपने सभी पड़ोसियों से संपर्क खराब चल रहे हैं। व्यापार ठप है। इस हालात से निपटने के लिए ही पाकिस्तान भारत के साथ संबंधों को सुधारने पर जोर दे रहा है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने इस बात पर जोर देते रहते है कि भारत और पाकिस्तान को अतीत को भूलकर अच्छे पड़ोसियों की तरह रहना चाहिए। उनके इस बयान को एस जयशंकर की पाकिस्तान यात्रा के बाद भारत से रिश्ते सुधारने की पहल के रूप में देखा जा रहा था । उन्होंने जयशंकर की यात्रा को 'अच्छी शुरुआत' बताया और उम्मीद जताई कि दोनों पक्ष सकारात्मक रुख के साथ आगे बढ़ेंगे। नवाज शरीफ प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी की अचानक लाहौर यात्रा को भी याद करते रहते है । 9 साल पहले पीएम नरेंद्र मोदी पाकिस्तान गए थे। 25 दिसंबर, 2015 को पीएम अचानक से लाहौर पहुंच गए थे। असल में गए वे अफगानिस्तान दौरे पर थे, लेकिन अंतिम दिन दिल्ली आते वक्त वे 150 मिनट के लिए पाकिस्तान में रुके। किसी को भी उनके उस दौरे की जानकारी नहीं थी, लेकिन पीएम ने एक बड़ा कूटनीतिक दांव चलते हुए पाकिस्तान लैंड होने का फैसला किया। वहां पर तब के तत्कालनी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने काफी गर्मजोशी से पीएम का स्वागत किया था, उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर तक दिया गया। बाद में मोदी नवाज की पोती के निकाह में शामिल हुए और फिर भारत वापस लौटे। अब उस दौरे के बाद ऐसा माना गया कि भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में सुधार हो सकता है। लेकिन फिर उरी हमला और फिर पुलवामा ने खटास बढ़ाने का काम कर दिया। इस अवसर पर नवाज शरीफ ने कहा कि भारत-पाकिस्तान ने 75 साल इसी तरह लड़ते हुए बिताए हैं, हमें इसे अगले 75 सालों तक नहीं चलने देना चाहिए। उनका कहना है कि पीएमएल-एन की सरकारों ने दोनों देशों के बीच के रिश्ते को सुधारने के लिए कड़ी मेहनत की है।दोनों पक्षों को मिल-बैठकर चर्चा करनी चाहिए कि आगे कैसे बढ़ना है। एस जयशंकर और पाकिस्तानी विदेश मंत्री इसहाक डार की मुलाकात से उम्मीद जगी कि शायद दोनों देशों के बीच क्रिकेट रिश्ते बहाल हो जाएं।नवाज शरीफ ने भी भारत-पाकिस्तान के बीच क्रिकेट संबंधों को फिर से शुरू करने की वकालत की । उनका कहना है कि अगर दोनों टीमें पड़ोसी देश में किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में खेलती हैं तो वह भारत जरूर जाना चाहेंगे। इतना ही नहीं नवाज शरीफ ने दोनों दोशों के बीच व्यापारिक संबंधों के महत्व पर भी जोर दिया था । नवाज शरीफ ने 1999 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की दिल्ली-लाहौर बस यात्रा को भी याद किया। उन्होंने कहा कि वाजपेयी को आज भी लाहौर घोषणापत्र और उस समय उनके शब्दों के लिए याद किया जाता है। वह जब उस यात्रा के वीडियो देखते हैं तो उन सुखद यादों को महसूस करके बहुत अच्छा लगता है। ज्ञात हो कि भारत ने पाकिस्तान संग रिश्ते सुधारने और अमन बनाए रखने की हमेशा बहुत कोशिशें की, लेकिन सब बेकार साबित हुईं। पाकिस्तान हमेशा ही ऐसी कोशिशों पर पानी डालता रहा है।वाजपेयी और नवाज शरीफ के बीच द्विपक्षीय मसौदे पर हस्ताक्षर हुए थे। इसमें था कि दोनों देशों के बीच जंग नहीं होगी। लेकिन कुछ ही महीनों बाद पाकिस्तान ने भारत को करगिल युद्ध का जख्म दे दिया। नवाज शरीफ ने खुद इस बात को स्वीकार किया था कि लाहौर समझौते पर पाकिस्तान ने पानी डाल दिया।उन्होंने माना था कि 28 मई 1998 को पाकिस्तान ने पांच परमाणु परीक्षण किए उसके बाद वाजपेयी वहां गए और उनके साथ समझौता किया। लेकिन पाकिस्तान ने उस समझौते का उल्लंघन किया,यह उनकी गलती थी। सभी जानते है कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पिछले काफी समय से बदहाल है। सितंबर में खबर आई थी कि खर्चों में कटौती करने के लिए उसने डेढ़ लाख नौकरियों तक में कटौती कर दी। इसके साथ ही उसने छह मंत्रालय भंग किए और दो मंत्रालयों का विलय कर दिया।

उसके पास इन मंत्रालयों को चलाने के लिए फंड ही नहीं था। ऐसा उसने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से कर्ज लेने की शर्तों को पूरा करने के लिए किया। वहां से ऐसी खबरें भी आती रहती है कि पाकिस्तान में खाने-पीने की चीजों की कीमतें आसमान छू रही है।पाकिस्तान कर्ज के भारी बोझ तले दबा हुआ है। लेकिन उसके पास ब्याज देने तक के पैसे नहीं हैं। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के मुताबिक, उस पर वित्त वर्ष 2025 के लिए 26।2 अरब डॉलर का कर्ज है। आईएमएफ की रिपोर्ट के मुताबिक उसकी 40।5 प्रतिशत से ज्यादा आबादी गरीबी रेखा से नीचे है। साल 2022 में आर्थित जटिलता सूचकांक में वह 85वें नंबर पर था। पाकिस्तान के पास पहले ही पैसा नहीं है अब उसे अगले 12 महीनों में 30।35 बिलियन अमेरिकी डॉलर का कर्ज चुकाना है। इनमें कई अहम लोन भी शामिल हैं। यह बात केंद्रीय बैंक ने कही है। पैसा तो है ही नहीं ऐसे में ये कर्ज चुकाना पाकिस्तान के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा।कर्ज में दबे पाकिस्तान के तेवर अब ढीले पड़ने लगे है, शायद इसी वजह से वह रिश्ते सुधारने की वकालत कर रहा है।


# अनजाने में मिलावटखोरी के जहर का सेवन



**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

आज के समय में शुद्ध आहार मिलना बेहद मुश्किल हो गया है क्योंकि हर कोई अपने फायदे के लिए दूसरों की जान लेने पर तुला है। कुछ सालों में देश में कैंसर, हृदय विकार, ब्रेन स्ट्रोक और मानवीय अंगो के विफल होने की तादाद अत्यधिक बढ़ गयी है। हर उम्र के लोगों में असामयिक मौत का आंकड़ा लगातार ऊंचाई छू रहा है और मनुष्य शारीरिक व मानसिक तौर पर कमजोर हो रहा है। इन समस्या की मुख्य जड़ मिलावटखोरी का जहर और जहरीला प्रदुषण है। अनजाने में ही सही लेकिन मिलावटखोरी के जहर और प्लास्टिक का सेवन हम रोज कर रहे है। नागपुर का सरकारी अस्पताल, जो एशिया के बड़े अस्पतालों में गिना जाता है, वहां हाल ही में हजारों मरीजों को नकली दवाइयां बाँटी गयी। विश्व प्रसिद्ध तिरुपति मंदिर में प्रसाद के लड्डू में पशु चर्बी के मिलावट का पर्दा फाश हुआ। फसल पर हानिकारक कीटनाशकों का छिड़काव, अनाजों को पोलिश, खाद्यपदार्थों को आकर्षक बनाने के लिए घातक रासायनिक रंगों का प्रयोग, फलों को जल्द पकाने के लिए जानलेवा रसायनों का इस्तेमाल और नकली खाद्यपदार्थ का धड़ल्ले से प्रयोग कर आम लोगों की जान से खिलवाड़ किया जाता है और खाद्य पदार्थों में अस्वच्छता की गंभीर समस्या तो पहले से ही बनी है। फसलों पर छिड़काव किये जानेवाले कीटनाशकों के जहर के असर का इसी बात से अंदाजा लगा सकते है कि छिड़काव के दौरान असावधानी होने पर मनुष्य तुरंत जान गवांता है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, 2020 से 2021 में भारत में कीटनाशक विषाक्तता से संबंधित मौतों की संख्या में 6% की वृद्धि हुई हैं। पिछले सप्ताह नागपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में खेत से बहने वाले पानी को पीकर बाघ की मौत हो गयी, क्योंकि वह कीटनाशक मिश्रित जहरीला पानी था। हमारे देश में त्योहार आते ही जरुरी उत्पादों की मांग बढ़ जाती है और आश्चर्य की बात है कि मांग बढ़ने पर पूर्ति की सामग्री सिमित होने के बावजूद सामग्री के सप्लाई में कमी नहीं आती है। उदाहरण के लिए, महाराष्ट्र राज्य में कोजागिरी पूर्णिमा के दिन दूध का विशेष पेय बनाया जाता है। इस दिन दूध की मांग अन्य दिनों के मुकाबले दोगुनी से अधिक होने के बावजूद पूर्ति उससे भी ज्यादा उपलब्ध होती है। अब ऐसा नहीं हो सकता कि केवल खास दिवस पर ही दुधारू पशु दुगना दूध देते है और उत्पादन एक दिन में दुगना हो जायें। अगर गाय एक दिन में 10 लीटर दूध देती है, तो रोज की तरह 10 लीटर ही दूध देगी, फिर अचानक मार्केट में दूध की आपूर्ति कैसे बढ़ जाती है? मिलावट की इस खाद्य सामग्रियों से स्वास्थ्य की रक्षा कैसे करें? यह गंभीर सवाल उपस्थित होता है। गुणवत्ताहीन और मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन के मामले में फिलहाल हम शिखर पर है। चिकित्सक कहते हैं कि जंक फूड खराब होता है, फलों का सेवन करना बेहतर है, लेकिन अब मार्केट में कैसे फल खरीदे? अपना एक अनुभव साझा कर रहा हूँ, दो दिन पहले मैंने शहर के मुख्य फल मार्केट से अच्छे गुणवत्ता के सेब और मौसंबी खरीदी थी। फलों का बाहरी आवरण देखकर, अच्छी तरह छाँटकर फल खरीदने के बावजूद दूसरे दिन ही उसमे से आधे से ज्यादा फल सड़ गए। फल खरीदते वक्त मैंने फल विक्रेता से आजकल के गुणवत्ताहीन फलों के बारे में शिकायत भी की थी, तो फल विक्रेता का कहना था, कि उनके पास के फल बहुत उच्च गुणवत्ता के है, कोई शिकायत नहीं होगी, फिर भी फल खराब निकले। फलों के जल्दी खराब होने की मुख्य वजह उन पर होने वाली घातक रासायनिक प्रक्रिया है और दूसरी वजह पल-पल बदलता मौसम है। कंज्यूमर गाइडेंस सोसायटी ऑफ इंडिया की वार्षिक रिपोर्ट में पाया गया कि बाजार में उपलब्ध 79% ब्रांडेड या खुला दूध अयोग्यता का गंभीर विषय है। साल 2019 में दूध के पैकेट के 413 नमूनों का परीक्षण किया गया था, उनमें से केवल 87 दूध के नमूने ही भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानक विनिर्देशों के अनुसार योग्य पाए गए। स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालने वाले दूध में कुछ प्रमुख मिलावट यूरिया, फॉर्मेलिन, डिटर्जेंट, अमोनियम सल्फेट, बोरिक एसिड, कास्टिक सोडा, बेंजोइक एसिड, सैलिसिलिक एसिड, हाइड्रोजन पेरोक्साइड, शर्करा और मेलामाइन हैं। दूध केवल हम पीते ही नहीं है, बल्कि हजारों तरह के खाद्यपदार्थ, मिठाइयां और व्यंजन बनाने में इसी दूध का प्रयोग होता है। देश में उत्पादन से ज्यादा दूध बेचा जाता है। आज दूध से बने अधिकतर खाद्य पदार्थों में शुद्ध दूध का स्वाद ही महसूस नहीं होता है। जबकि उत्पाद पूर्णत शुद्ध है, हमें ये समझाने का भरसक प्रयास विक्रेता करता है। रिसर्च कहता है कि देश में हर तीसरा व्यक्ति नकली दूध का सेवन कर रहा है। आज की पीढ़ी बाहर खाना पसंद करती है, हर चीज उन्हें इंस्टेंट चाहिए, गुणवत्ता नहीं, सिर्फ स्वाद ही मायने रखता है। अक्सर सोशल मीडिया पर बहुत से वायरल वीडियो में स्ट्रीट फूड के रंगबिरंगे व्यंजन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक दिखाई पड़ते है। 20-30 रुपये के व्यंजन में भी खूब भर-भरकर बटर, पनीर डाला जाता है, जैसे वह शुद्ध बटर न होकर साधा पानी हो, उसकी कीमत के हिसाब से गुणवत्ता क्या होगी, वह हम समझ सकते है। निम्न दर्जे के खाद्य पदार्थ, अधिकतम पैकेट बंद मसाले, सॉसेज, चटनी, और तेल का अधिकतम प्रयोग, स्वच्छता की कमी नजर आती है। बहुत बार खाद्य पदार्थ तलने के बाद भी वह तेल बार-बार उपयोग में लाया जाता है। गर्म खाद्यपदार्थों में भी प्लास्टिक का प्रयोग बेहद हानिकारक है फिर भी उपयोग किया जाता है। ज्यादातर ऐसे व्यंजनों में गुणवत्ता से समझौता किया जाता है और पोषक तत्वों की जगह केवल विषाक्त तत्व ही दिखाई पड़ते है। बाहरी खाद्य पदार्थों में अधिकतर मिलावटी सामग्री के प्रयोग की संभावना ज्यादा होती है। उदाहरण के लिए अगर हम मार्केट से साबुत मसाले लाकर घर पर पिसा मसाला बनाएं, मूंगफली से तेल, दूध से पनीर, टमाटर से सॉस बनाये फिर भी मार्केट में तैयार उत्पाद से कई गुना महंगा उत्पाद हमारा होगा। फिर मार्केट में इतने सस्ते में उत्पाद कैसे बिकते है? जबकि महंगाई का जमाना है। मिलावटी भोजन अत्यधिक विषैला होता है और कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, मिलावटी भोजन के सेवन से दस्त, मतली, एलर्जी, मधुमेह, हृदय रोग, किडनी विकार, गुर्दे, कैंसर, लेथिरिज्म, तंत्रिका तंत्र से संबंधित रोग और यकृत सहित अंग प्रणालियों की विफलता शामिल है। कुछ मिलावटों में कार्सिनोजेनिक, क्लैस्टोजेनिक और जीनोटॉक्सिक गुण पाए गए हैं। लैंसेट के अध्ययन में पाया गया कि 2019 में भारत में दूषित पानी से पांच लाख से अधिक मौतें हुईं।

# कमाई के नए धंधे



**डॉ टी महादेव राव**

अच्छी कमाई के लिए क्या किया जाए विषय पर मित्रों के साथ चर्चा करने के बाद एक फैसले पर पहुंचा हूं। स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, मंदिर, शराब खाना सारे कामों पर गहन सोच के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि लागत या पूंजी लगाए बिना सिर्फ लाभ ही लाभ देने वाला बेहतरीन आइडिया है स्वामी जी या बाबा जी बनना। हर्रा लगे न फिटकरी रंग चोखा। साधु, संत, स्वामी जी बनने का पूर्वाभ्यास कर रहा हूं। आप कहेंगे राजनीति में तो बहुत पैसा है, लेकिन मेरा अनुभव है कि सारा मामला भारी खर्चे वाला है। इधर जनता के बीच अपनी छवि बनाए रखनी होगी, उधर हाईकमान की नजर में आने के लिए बड़े-बड़े कष्ट उठाने होंगे। फिर चुनाव में टिकट मिलेगा या नहीं इसकी चिंता। टिकट मिल गई तो जीत के प्रति अनिश्चितता। अगर हार गए तो फिर सड़क पर। इसलिए इस नकली आध्यात्मिक मार्ग का चयन किया हूं। आप पूछेंगे कि अगर पकड़े गए तो पिटाई होगी और नाम डूब जाएगा है न। जनता पर भारी पड़ने वाले नकली स्वामी, डुप्लीकेट बाबाओं में मूर्खता से काम कर पकड़ में आने वाले और मार खाने वाले स्वामियों की संख्या इनी-गिनी है। पैसे कमाने के लिए इतना खतरा तो उठाना ही पड़ेगा। वैसे भी इन स्वामियों के क्षेत्र में कई श्रेणियां हैं। पूजा करके गरीबी दूर करने वाले, लोहे को सोना बनाने वाले, महिलाओं पर नजर रखने वाले, बेरोजगारों को झांसा देने वाले, उम्मीदों भरा भविष्य बताने वाले हैं। इस तरह पैसे लूटते हैं, अपनी तिजोरी भरते हैं। अगर पकड़ में आ भी गए तो न पिटें, ऐसी श्रेणी को चुनने में ही हमारी बुद्धिमत्ता है। जनता को भोला समझना और अपना काम निकाल लेना इस धंधे का पहला उसूल है। इस बीच सूर्य भगवान को थोड़ी देरी से आने का आदेश दिया हूं कहने वाले बहुत बड़े स्वामी जी बीमार पड़कर कुछ दिन हिलडुल नहीं सके। फिर भी कह रहा था कि मैं समाधि में जा रहा हूं और जनता ने मान लिया। अपने आवासीय जजीरे (द्वीप) को आजाद देश की मान्यता देने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ को आवेदन कर लोगों को आश्चर्य में डाल गया। एक और अनपढ़ बाबा बिना पढ़े परीक्षा में पास होने की ताबीज बांटता फिर रहा था। इतना पैसा कि क्या कहें। एक ओर पोल खुल रही है तो दूसरी ओर इनके पास जनता की लंबी लाइनों में भी कोई कमी नहीं आई। इन सब का मतलब यही है न कि इस धंधे में सिवाय बरकत के कोई नुकसान नहीं। आपको लग सकता है कि जब पकड़ में आ जाए तो क्या होगा? मेरा कहना यह है मैंने कई प्रकरणों का अध्ययन किया है। कुछ स्वामी अदालत और जेल आते जाते रहते हैं फिर भी अपना धंधा बचाए हुए हैं। दूसरी तरफ धंधे पर पूरा ध्यान रखकर अपनी दिनचर्या निपटा रहे हैं कि नहीं? देश में परमवीर भक्तों की कमी नहीं है यह पिछले कुछ दिनों से हम देख रहे हैं।

# सनातनी विचारधारा और आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा पद्धति का संतुलन



**संजीव ठाकुर**

वर्तमान समय में वैश्विक प्रगति और आर्थिक स्रोत तंत्र के लिए आधुनिक तथा वैज्ञानिक शिक्षा जरूर अत्यंत आवश्यक है परंतु हमें केवल आधुनिक विचारधारा शिक्षा पद्धति पर निर्भर न रहकर अपनी सांस्कृतिक परंपराओं और सनातन संस्कृति के धरातल से जुड़ा रहना होगा तब जाकर ही सनातनी संस्कृत विचारधारा एवं आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा पद्धति की स्वीकार्यता का संतुलन समुचित एवं यथोचित तरीके से हो पाएगा । भारत का सांस्कृतिक, सनातनी, वैदिक इतिहास सदैव गौरवपूर्ण रहा है। वेदों, शास्त्रों ,पुराणों और सनातन संस्कृति एवं संस्कार में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि ईस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण निरूपित कर वृहद वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे । प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए।

जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति ,राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देशको बलवान,शक्तिहीन,भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊर्जावान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त ,कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है। अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी ,बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं।

# दीपावली पर सूर्य-चंद्रमा बनाएंगे दुर्लभ संयोग, इन 4 राशियों के शुरू होंगे अच्छे दिन



सूर्य को ज्योतिष में आत्मा का कारक ग्रह माना जाता है। वहीं चंद्रमा को मन का कारक। इन दोनों ही ग्रहों का व्यक्ति के जीवन पर गहरा असर देखने को मिलता है।

साल 2024 में दीपावली के दिन सूर्य और चंद्रमा एक दुर्लभ संयोग बनाने जा रहे हैं। जिसका शुभ प्रभाव राशिचक्र की कुछ राशियों पर देखने को मिल सकता है। इन राशियों को करियर-कारोबार और पारिवारिक जीवन में बदलाव देखने को मिल सकते हैं। आज हम आपको इन्हीं राशियों के बारे में अपने इस लेख में आपको जानकारी देंगे।

### सूर्य-चंद्रमा का शुभ योग

दीपावली का त्योहार कार्तिक मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। अमावस्या के दिन सूर्य और चंद्रमा एक ही राशि में होते हैं। इस दिवाली पर सूर्य-चंद्रमा तुला राशि में विराजमान रहेंगे। खास बात ये है कि, सूर्य-चंद्रमा एक राशि में तो होंगे, लेकिन साथ ही 1 नवंबर के दिन समान अंश पर भी होंगे। इस दिन सूर्य-चंद्रमा दोनों ही शाम के समय 15-15 डिग्री पर होंगे। ऐसा संयोग बहुत अधिक देखने को नहीं मिलता है। इस संयोग के चलते किन लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे आइए जानते हैं।

### मिथुन

दिवाली के बाद का समय आपके जीवन में कई अच्छे बदलाव लेकर आ सकता है। मानसिक रूप से आप खुद को सशक्त पाएंगे। अध्ययन और अध्यापन कर रहे इस राशि के लोग मनचाहे परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यों को सराहना मिलेगी। प्रेम-संबंधों के लिए भी दिवाली के बाद का समय काफी अच्छा रह सकता है। गिले-शिकवे दूर होंगे और पार्टनर के साथ अच्छी बांडिंग बनेगी।

### कर्क

पारिवारिक माहौल में सकारात्मकता दिवाली के बाद देखने को मिलेगी। अगर लोगों के बीच मनमुटाव हुआ था तो मध्यस्थता करके आप उसे सुलझा सकते हैं। माता-पिता से आपको आर्थिक सहयोग मिलने की भी संभावना है। दिवाली पर या दिवाली के बाद भूमि-भवन आदि आप खरीद सकते हैं। सरकारी क्षेत्र से भी इस राशि के जातक लाभ प्राप्त करेंगे। रुके काम इस दौरान बन सकते हैं।



### धनु

दिवाली के बाद कई स्रोतों से इस राशि के जातकों को धन लाभ मिल सकता है। आपकी ऊर्जा में भी वृद्धि होगी और इसका सही इस्तेमाल भी आप कर पाएंगे। करियर के क्षेत्र में अच्छे बदलाव देखने को मिलेंगे, कार्यक्षेत्र का माहौल आपके अनुकूल होगा। इस दौरान नई जॉब भी आपको मिल सकती है। बड़े भाई-बहनों के साथ आपका अच्छा तालमेल बनेगा और उनके साथ गुणवत्तापूर्ण समय भी बिता सकते हैं। बेवजह की उलझनें इस माह दूर होंगी।

### मकर

इस राशि के कारोबारी नई ऊर्जा से ओतप्रोत नजर आएंगे। बड़ा मुनाफा आपको दिवाली पर और दिवाली के बाद भी हो सकता है। अपनी योग्यता का सही इस्तेमाल करके आप करियर के क्षेत्र में भी ऊंचाइयां छू सकते हैं। इस दौरान पुराने संपर्कों से भी आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। सेहत का मिजाज भी बेहतर होगा और जीवन का आनंद आप ले पाएंगे।

# दीपोत्सव 29 अक्टूबर से 3 नवंबर तक

## इस साल 5 नहीं 6 दिन का रहेगा दीपोत्सव कार्तिक अमावस्या रहेगी दो दिन



इस साल दीपावली की तारीख को लेकर पंचांग भेद हैं, क्योंकि कार्तिक मास की अमावस्या 31 अक्टूबर और 1 नवंबर दो दिन रहेगी। इस वजह से दीपोत्सव 5 नहीं 6 दिन का रहेगा।

इस साल कार्तिक अमावस्या 31 अक्टूबर की दोपहर करीब 3 बजे से शुरू हो जाएगी और अगले दिन यानी 1 नवंबर की शाम करीब 4.40 बजे तक रहेगी। कार्तिक अमावस्या की रात में लक्ष्मी पूजा करने की परंपरा है। इसलिए 31 अक्टूबर की रात लक्ष्मी पूजा करनी चाहिए, क्योंकि 31 की रात में ही अमावस्या तिथि रहेगी और 1 नवंबर की रात में कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि रहेगी।

### 29 अक्टूबर को धनतेरस

मंगलवार, 29 अक्टूबर से दीपोत्सव शुरू हो जाएगा। इस दिन धनतेरस मनाई जाएगी। धनतेरस पर भगवान धनवंतरि जयंती भी मनाते हैं। धनतेरस की रात में यमराज के लिए दीपक जलाने की परंपरा है। इस तिथि पर देवी लक्ष्मी की भी पूजा की जाती है।

### 30 अक्टूबर को रूप चौदस

बुधवार, 30 अक्टूबर को रूप चौदस मनाई जाएगी, इसे नरक चतुर्दशी भी कहते हैं। इस दिन उबटन लगाने की परंपरा है। माना जाता है कि इस तिथि भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर नाम के दैत्य का वध किया था। इसी वजह से इस पर्व को नरक चतुर्दशी कहते हैं।

31 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजा

गुरुवार, 31 अक्टूबर की रात देवी लक्ष्मी की विशेष पूजा की जाएगी। मान्यता है कि देवताओं और दानवों ने मिलकर समुद्र मंथन किया था और इस मंथन से कार्तिक मास की अमावस्या पर देवी लक्ष्मी प्रकट हुई थी। देवी लक्ष्मी ने भगवान विष्णु का वरण किया था। इसके साथ एक अन्य मान्यता ये है कि इस तिथि पर भगवान राम 14 वर्ष का वनवास खत्म करके और रावण वध करके अयोध्या लौटे थे। तब लोगों ने राम के स्वागत के लिए दीपक जलाए थे।

### 1 नवंबर को स्नान-दान की कार्तिक अमावस्या

शुक्रवार, 1 नवंबर को भी कार्तिक मास की अमावस्या रहेगी। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान और दान-पुण्य करना चाहिए। दोपहर में पितरों के लिए धूप-ध्यान भी करें। इस दिन शाम को कार्तिक अमावस्या तिथि खत्म हो जाएगी।

### 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा

शनिवार, 2 नवंबर को कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा यानी गोवर्धन पूजा पर्व है। इस दिन मथुरा स्थित गोवर्धन पर्वत की पूजा करने की परंपरा है। द्वापर युग में श्रीकृष्ण ने ब्रज के लोगों से कंस की नहीं, गोवर्धन पर्वत की पूजा करने के लिए कहा था, तब से ही इस पर्वत की पूजा की जा रही है।

### 3 नवंबर को भाई दूज

रविवार, 3 नवंबर को भाई दूज है। ये पर्व यमुना और यमराज से संबंधित है। माना जाता है कि इस तिथि पर यमराज अपनी बहन यमुना से मिलने जाते हैं। यमुना यमराज को भोजन कराती हैं। मान्यता है कि इस तिथि पर जो भाई अपनी बहन के घर भोजन करता है, यमराज-यमुना की कृपा से उसकी सभी परेशानियां दूर होती हैं और भाग्य का साथ मिलता है।

# धनतेरस के दिन जरूर करें तुलसी से जुड़े ये उपाय



धनतेरस का त्योहार हमारे जीवन में धन-धान्य और समृद्धि लेकर आता है। इस दिन माता लक्ष्मी की पूजा करने का विधान है। साथ ही खरीदारी और कई तरह के उपाय भी इस दिन किए जाते हैं। माना जाता है कि इस दिन किए गए उपायों को शुभ फल व्यक्ति को लंबे समय तक प्राप्त होता है। ऐसे में आज हम आपको धनतेरस के दिन तुलसी से जुड़े कुछ उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं। भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। साथ ही जीवन की कई कठिनाइयों से भी आपको छुटकारा मिल जाता है।

### यह उपाय करने से माता लक्ष्मी की बरसेगी कृपा

माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने वाला यह उपाय केवल धनतेरस के दिन ही किया जाना शुभ माना जाता है। आपको धनतेरस के दिन तुलसी के पौधे को घर के मुख्य द्वार पर रखना चाहिए। इसके बाद एक दीपक आपको तुलसी के पास रखना चाहिए। खासकर रात्रि के समय तुलसी के पौधे को अपने मुख्य द्वार के पास रखें। ऐसा करने से माता लक्ष्मी आपके घर में प्रवेश करती हैं और उनकी कृपा आप पर बरसती है।

### इस उपाय को करने से सभी आर्थिक समस्याएं होंगी दूर

धनतेरस के दिन आपको तुलसी के पौध में गन्ने का रस अर्पित करना चाहिए। यह उपाय करने से धन से जुड़ी सारी समस्याओं का अंत होता है। मान्यताओं के अनुसार, यह उपाय अगर आप धनतेरस के दिन करते हैं तो कई गुना अधिक शुभ फल आपको प्राप्त होते हैं। अगर आप आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं तो धनतेरस के दिन आपको यह उपाय आजमाकर अवश्य देखना चाहिए।

### पारिवारिक खुशी और सुख-समृद्धि के लिए करें ये उपाय

तुलसी को विष्णुप्रिया भी कहा जाता है, यानि अगर आप तुलसी से जुड़ी उपाय करते हैं तो भगवान विष्णु की कृपा भी आप पर बरसती है। अगर आप धनतेरस के दिन तुलसी के पौधे पर चुनरी अर्पित करते हैं तो इससे आपके जीवन में कई शुभ-परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं। यह उपाय आपके घर परिवार में खुशियां लेकर आता है, साथ ही धन-धान्य की भी आपको प्राप्ति होती है।

### इस उपाय से हर कार्य होगा सफल

अगर आपके काम बार-बार अटकते हैं। बने-बनाए कार्यों में बाधा आती है तो आपको धनतेरस के दिन तुलसी की जड़ में गाय का कच्चा दूध अर्पित करना चाहिए। इस उपाय को करने से आपके सभी कार्य बनने लगते हैं। वहीं जो लोग बेरोजगार हैं वो इस उपाय को करके रोजगार प्राप्त कर सकते है। साथ ही यह उपाय आपके आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला भी माना जाता है।

# दीपावली से पहले इन 5 सपनों का आना बेहद शुभ, माता लक्ष्मी की कृपा का हैं संकेत

### सपने में कमल का फूल

दीपावली से पहले अगर किसी व्यक्ति को सपने में कमल का फूल दिखाई देता है, तो इसे शुभ संकेत माना जाता है। ऐसा सपना आने के बाद में आपके जीवन में सुख-समृद्धि आती है। स्वप्नशास्त्र के अनुसार, यह सपना आपके पारिवारिक जीवन में भी सुख-समृद्धि लेकर आता है।



### सपने में धन और सोना

हर व्यक्ति की चाहत होती है कि, उसे जीवन में पर्याप्त धन संपदा मिले। ऐसे में अगर आप दीपावली से पहले सपने में धन या सोना देख लेते हैं तो इसे बेहद शुभ संकेत माना जाता है। ऐसा सपना आने के बाद आपकी झोली खुशियों से भर सकती है। आपको धन-धान्य की प्राप्ति ऐसा सपना आने के होती है।

### सपने में मंदिर देखना या खुद को पूजा करते देखना

दीपावली से पहले अगर आप सपने में मंदिर देखें या फिर खुद को पूजा करते देखें तो यह सपना भी आपके लिए शुभ होता है। इस सपने का अर्थ है कि पारिवारिक जीवन में आपको खुशियां प्राप्त होंगी। साथ ही देवी लक्ष्मी की कृपा से आपके घर में धन भी आएगा। इसके साथ ही अगर आप सपने में कोई धार्मिक स्थान दिवाली से पहले देखते हैं, तो समझ जाइए कोई अच्छा समाचार आपको मिल सकता है। यह सपना आपकी आध्यात्मिक उन्नति को भी दर्शाता है। दीपावली से पहले दीपक का सपने में दिखना भी बेहद शुभ संकेत है।

### सपने में गाय

हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। दिवाली से पहले सपने में गाय का दिखना भी बेहद शुभ होता है। इस सपने का अर्थ है कि, आप जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में लाभ पा सकते हैं। साथ ही धन से जुड़े मामलों में भी आपको सफलता अर्जित होगी।

### सपने में स्वच्छ जल या नदी

अगर आप दीपावली से पहले सपने में गंगा, यमुना जैसी पवित्र नदी देखें या कोई स्वच्छ तालाब देखें तो इसे बेहद शुभ संकेत माना जाता है। इस सपने का अर्थ होता है कि, माता लक्ष्मी आपको कर्मों से प्रसन्न हैं। आपको उनका आशीर्वाद ऐसा सपना आने के बाद प्राप्त हो सकता है। यह सपना आर्थिक रूप से आपको मजबूती दिलाने वाला माना जाता है।

# ये तीन गलतियां बिगाड़ती हैं ग्रहों की दशा, आज ही सुधार लें

ये 3 गलतियां आपके जीवन की क्वालिटी को खत्म कर देती हैं और यही गलतियां आपके जीवन से खुशियों को खत्म कर देती हैं। आज बात करेंगे उन गलतियों की जो भूल कर भी नहीं करनी चाहिए। आप आप जो भी करते हैं उस प्रोफेशन को कोई न कोई प्लेनेट कंट्रोल करते हैं। जैसे कि जो बृहस्पति हैं यह पढ़ाने को कंट्रोल करते हैं। बृहस्पति सोने के काम को कंट्रोल करते हैं। चंद्रमा दूध के काम को चांदी के काम को कंट्रोल करते हैं।

जो ग्रह आपके काम-कारोबार को कंट्रोल कर रहा है। आपके घर में उस ग्रह की दिशा बिगड़ी हुई है तब आप जितने मर्जी उपाय कर लीजिए उस काम में पैसा डालते रहिए वो काम अब आपको अच्छे नतीजे नहीं देगा। जन्म कुंडली के अनुसार वो काम चलेगा लेकिन उस काम का जो प्लेनेट है उसकी दिशा को तो घर में आपने पीड़ित कर रखा है। घर का पर्व सूर्य को कण्ट्रोल करता है। अगर आप पॉलिटिक्स में है और घर के पूर्व को खराब रखा हुआ है न आप इलेक्शन जीत सकते हैं न आप अपने संगठन में आगे आ सकते हैं। यह आपके पैसे के लेन-देन को भी शो करता है। ये आपने बिगाड़ रखा है आपके अगर पैसे का फाइनेंसिंग का शेयर बाजार से संबंधित कोई भी काम है वो अटकना शुरू हो जाएगा। बाजार में पैसा अटक जाएगा तो इस तरह से 12 घर हैं।

पहली गलती ये है कि जो भी प्लेनेट आपके काम से जुड़ा हुआ है। घर की उस दिशा को एकदम से सही रख लीजिए। ये आपके काम को चमकाएगा।

दूसरी सबसे बड़ी गलती है आपके घर के साउथ-वेस्ट एरिया को खराब करके साउथ-वेस्ट एरिया कई चीजों को कंट्रोल करता है। आपके फैमिली के अंदर बॉन्डिंग खराब हो रही है यह साउथ वेस्ट की खराबी है। जितनी स्किल्स आपके पास हैं और आपका हुनर आप कितने अच्छे ,हैं अपने काम में कितना दुनिया के जरूरतों को कंट्रीब्यूट कर पा रहे हैं। यह कंट्रोल सारे का सारा साउथ-वेस्ट के पास है। साउथ-वेस्ट आपके पितरों की दिशा है। पितृ खुश तो जीवन खुश। पितृ खुश तो आने वाली संभावनाएं आपके लिए खुलेगी तो घर का साउथ-वेस्ट यहां पर गलती से भी टॉयलेट आ गया तो, घर के साउथ-वेस्ट में आपने ग्रीनरी रख दी। घर के साउथ-वेस्ट में रसोई रख दी तो भाई आप स्किल्स को भूल जाइए। अब भूल जाइए कि जीवन में अपग्रेड कर सकते हैं। यहां पर कूड़े दान भी मत रखिएगा।



तीसरी गलती है अपने घर के अंदर रंगों का जो संयोजन है। नॉर्थ-ईस्ट में आपने लाल रंग अवॉइड करना है। बर्थ चार्ट में राहु खराब है तो नॉर्थ ईस्ट में नीला रंग भी अवॉइड करिए। बर्थ चार्ट में आपके राहु खराब हैं, मंगल खराब है तो साउथ फेसिंग प्रॉपर्टी यह भी आपकी तीसरी गलतियों में शामिल हो जाएगी। आपके घर में वेस्ट जो दिशा है।

# ऐसे घर को महालक्ष्मी स्वयं कभी नहीं छोड़ती...

हमारी सनातन कर्म कांडमयी पद्धति में श्री गणेश और महालक्ष्मी दोनों का सर्वोपरि महत्व है। प्रत्येक कर्मकांड में गणेश जी का पूजन अत्यावश्यक माना गया है। इन्हें प्रथम पूज्य देव कहा गया है। हिंदू सनातन पद्धति में कोई भी पूजा और कर्मकांड गणपति की पूजा के बिना आरंभ नहीं किया जाता। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार गणेश जी को महालक्ष्मी का दत्तक पुत्र माना जाता है इसलिए लक्ष्मी पूजन के साथ गणपति का पूजन भी अनिवार्य माना गया है। गणपति के पूजन के बिना मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्ति नहीं होती। हमारी सनातनी कर्मकांड पद्धति में इसीलिए ही गणपति स्तोत्र में विशेष रूप से गणेश जी की आराधना करने के लिए प्रेरित किया गया है। गणपति स्तोत्र में भगवान गणेश का स्तवन करते हुए कहा गया है कि

**ओम नमो विघ्न नाशाय सर्व सौख्यप्रदायिने।**
**दुष्टारिष्ट विनाशाय पराय परमात्मने।।**

अर्थात सभी प्रकार के सुख प्रदान करने वाले विघ्न राज को नमन है। दुख अरिष्ट आदि ग्रहों का विनाश करने वाले उन गणपति को नमस्कार है।

गणपति स्तोत्र में भगवान गणेश को मोदक प्रिय कहा गया है। इन्हें सदैव वर प्रदान करने वाला भी कहा गया है। मां लक्ष्मी की कृपा दृष्टि प्राप्त करने के लिए गणपति स्तोत्र की आराधना बड़ी ही कल्याणकारी मानी गई है।

**गणपति स्तोत्र में कहा गया है : इदं गणपति स्तोत्रं य पठेद् भक्तिमान नरः। तस्य देहे च गेहे च स्वयं लक्ष्मी न मुन्चति।।**

अर्थात जो भक्ति भाव से परिपूर्ण मनुष्य इस गणपति स्तोत्र का श्रद्धा भक्ति के साथ पाठ करता है, उसके शरीर और घर को लक्ष्मी स्वयं कभी नहीं छोड़ती। भगवान गणेश की आराधना सर्वदा फलदायक मानी गई है। कनकधारा स्तोत्र में मां लक्ष्मी की आराधना के मंत्र निहित हैं। स्तोत्र में बताया गया है कि लक्ष्मी जी की उपासना उपासक के लिए संपूर्ण मनोरथों, संपत्तियों का विस्तार करती है। जो उपासक भगवान विष्णु की हृदय देवी मां लक्ष्मी का मन, वचन, वाणी और शरीर से भजन करता है, उस पर अपार धन-ऐश्वर्य के माध्यम से मां लक्ष्मी की कृपा दृष्टि होती है। कमल के समान नेत्रों वाली, संपूर्ण इंद्रियों को आनंद देने वाली एवं समस्त तुच्छ प्रवृत्तियों का हरण करने वाली मां लक्ष्मी का अवलंबन उपासक को सदैव धर्म के मार्ग की ओर अग्रसर करता है।

ऋग्वेद के श्री सूक्त में भी मां लक्ष्मी को सुख, समृद्धि, सिद्धि तथा वैभव की अधिष्ठात्री देवी कहा गया है। इन सभी पदार्थों की प्राप्ति की इच्छा रखने वाले मानव के लिए लक्ष्मी जी की उपासना करना अनिवार्य है।

ऋग्वेद के लक्ष्मी सूक्त के मंत्रों से लक्ष्मी का विधिवत पूजन एवं इन मंत्रों के माध्यम से अग्निहोत्र में आहुतियां देने से मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

मनीषियों का कहना है कि जिस प्रकार एक माता को अपने पुत्र से अत्यधिक स्नेह होता है और जो भी उसके पुत्र को प्रसन्न करता है, माता सदैव उस पर प्रसन्न रहती है, ठीक उसी प्रकार मां लक्ष्मी के दत्तक पुत्र गणपति की विधिवत आराधना से मां लक्ष्मी स्वतः ही प्रसन्न हो जाती हैं।

गणेश जी श्रेष्ठ बौद्धिक संपत्तियों एवं मां लक्ष्मी भौतिक धन-ऐश्वर्य की प्रतीक हैं। यदि हमारी बुद्धि में श्रेष्ठ दैवी प्रवृत्तियों का समावेश है तो हम धन-संपत्ति का अपने जीवन में सदुपयोग करने में सक्षम बन सकते हैं। गणपति और लक्ष्मी जी की आराधना मनुष्य को उत्तम बौद्धिक शक्ति एवं धन-ऐश्वर्य की प्राप्ति करवाती है।

# कृष्णा ने खत्म किया गोविंदा से 7 साल पुराना झगड़ा

## बोले- बड़ों की डांट सुन लेनी चाहिए



**हाल ही में** कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक अपना 7 साल पुराना झगड़ा भुलाकर मामा गोविंदा के घर पहुंचे और उनका हाल-चाल लिया। एक इंटरव्यू में इस मुलाकात का जिक्र करते हुए कृष्णा ने कहा- 'जैसे ही भारत लौटा, मैं सीधा 7 साल में पहली बार मामा से मिलने उनके घर पहुंचा। ऐसा लगा मानो मैंने आधा वनवास पूरा कर लिया हो। वो ठीक हो रहे हैं। मैंने उनके साथ लगभग एक घंटा बिताया। यह बहुत ही इमोशनल मोमेंट था।'बताते चलें कि बीते दिनों गोविंदा ने अपने ही घर अपनी गन से मिसफायर कर दिया था और बुलेट उनके पैर में लग गई थी। अस्पताल में 3-4 दिनों तक चले इलाज के बाद वो घर वापस पहुंचे थे। तब गोविंदा के भांजे कृष्णा अभिषेक काम के सिलसिले से ऑस्ट्रेलिया में थे। पर उनकी वाइफ कश्मीरा शाह, गोविंदा से मिलने पहुंची थी। अब ऑस्ट्रेलिया से लौटकर कृष्णा ने अपना झगड़ा भुला दिया है। कृष्णा ने आगे बताया- 'जब मामा के साथ यह घटना हुई तब मैं ऑस्ट्रेलिया में था। मैंने अपना टूर लगभग कैंसिल कर दिया था लेकिन हॉस्पिटल स्टाफ और वाइफ कश्मीरा से बात करने के बाद मुझे इस बात की संतुष्टि हुई कि वो ठीक हो रहे हैं।'

कृष्णा ने कहा, 'मामा के घर पहुंचकर मैं सात साल बाद नम्मो (गोविंदा की बेटी टीना आहूजा) से भी मिला। ये वाकई बहुत इमोशनल मोमेंट था। मैंने मामा को सीधा गले लगा लिया। मुझे खुशी है कि हमने इस बातचीत के दौरान अतीत का कोई जिक्र नहीं किया।'

अंत में कृष्णा ने कहा, 'परिवार ऐसे ही होते हैं। गलतफहमियां हो सकती हैं, लेकिन कोई भी चीज हमें लंबे समय तक अलग नहीं रख सकती। मैं मामी से नहीं मिल सका, क्योंकि वो बिजी थीं लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मैं उनका सामना करने से थोड़ा डर रहा था। मुझे पता था कि वो मुझे डांटेंगी पर आपसे नसमझी में कुछ गलती हो जाए तो बड़ों की डांट सुनने के लिए भी तैयार रहना चाहिए।'

### कई सालों से बंद थी बातचीत

बताते चलें कि बीते कई सालों से गोविंदा और उनके भांजे कृष्णा के बीच तनाव बना हुआ है। गोविंदा ने एक इंटरव्यू में खुलेआम अपने भांजे के सेंस ऑफ ह्यूमर और एक्टर पर बनाए गए चुटकुलों पर आपत्ति जताई थी। इसके अलावा उन्होंने कृष्णा की पत्नी से भी दूरी बना ली थी और उनसे दोबारा कभी बात न करने की कसम खाई थी। हालांकि, इस साल अप्रैल महीने में जब कृष्णा की बहन आरती की शादी हुई, तब गोविंदा अपने बेटे यशवर्धन के साथ शादी में शामिल हुए थे।

# सलमान खान को धमकी देने वाला गिरफ्तार

## 5 करोड़ की फिरौती मांगने के बाद माफी मांगी थी; झारखंड के जमशेदपुर में सब्जी बेचता है



सलमान खान को धमकाते हुए 5 करोड़ रुपए की डिमांड करने वाले शेख हुसैन शेख मौसिन (24) को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुंबई की वरली पुलिस ने इसे झारखंड के जमशेदपुर से बुधवार (23 अक्टूबर) को अरेस्ट किया। आज इसे ट्रांजिट रिमांड पर झारखंड से मुंबई लाया जाएगा। जमशेदपुर के सब्जी बेचने वाले शेख हुसैन शेख मौसिन ने ही पिछले हफ्ते मुंबई ट्रैफिक पुलिस को वॉट्सऐप कॉल करके फिरौती मांगी थी। उसने खुद को लॉरेंस गैंग का मेंबर बताया था।

### धमकी देने के बाद मांगी थी माफी

मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने जानकारी दी कि पुलिस ने संदेश भेजने वाले का पता लगाने के लिए तुरंत जांच शुरू की। इसी बीच, मुंबई ट्रैफिक पुलिस को उसी मोबाइल नंबर से एक माफी वाला मैसेज भी मिला। पुलिस ने झारखंड के उस नंबर का पता लगाया और आरोपी को पकड़ने के लिए एक टीम भेजी।

### मैसेज में लिखा था- सलमान को 5 करोड़ देने होंगे

मुंबई पुलिस के मुताबिक, धमकी भरी मैसेज में लिखा था- 'इसे हल्के में मत लीजिए। सलमान खान को जिंदा रहना है और उसे लॉरेंस से दुश्मनी खत्म करनी है तो उसे 5 करोड़ रुपए देने होंगे। अगर पैसे नहीं दिए गए तो सलमान का हाल बाबा सिद्दीकी से भी बुरा होगा।'

12 अक्टूबर को सलमान के करीबी और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गई थी। इस हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली थी। लॉरेंस गैंग सलमान खान को भी कई सालों से जान से मारने की धमकी दे रहा है। ऐसे में बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सलमान की सुरक्षा बढ़ाई गई है।

### क्या है लॉरेंस और सलमान का विवाद

यह पूरा मामला साल 1998 में हुए काले हिरण के शिकार के मामले से जुड़ा हुआ है। इसमें तब सलमान खान का नाम सामने आया था और उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। हालांकि, दोषी ठहराए जाने के बाद सबूतों के अभाव में सलमान को जमानत पर रिहा कर दिया गया था। तभी से गैंगस्टर लॉरेंस सलमान के पीछे पड़ा है। लॉरेंस चाहता है कि काले हिरण के शिकार के मामले में सलमान खान बिश्नोई समाज से माफी मांग लें। इन दिनों गुजरात की साबरमती जेल में बंद लॉरेंस आए दिन सलमान को जान से मारने की धमकी देता है। अप्रैल 2024 में सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट स्थित घर के बाहर गोलीबारी की जिम्मेदारी भी उसकी गैंग ने ही ली थी।

# एक्टर विक्रम कपाड़िया बोले- यशराज और धर्मा घमंडी : कहा- दोनों बैनर ब्रेक देते हैं पर इज्जत नहीं



'मेड इन हेवन', 'योद्धा', 'द नाइट मैनेजर' और 'द आर्चीज' जैसी फिल्मों में काम कर चुके एक्टर विक्रम कपाड़िया ने बॉलीवुड के दो बड़े प्रोडक्शन हाउस पर अपनी भड़ास निकाली है। एक्टर ने करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन और आदित्य चोपड़ा के यशराज बैनर को घमंडी बताया है। उन्होंने कहा कि दोनों बैनर के इसी ईगो की वजह से कई एक्टर्स परेशान भी हैं।

### हम बड़े बैनर हैं इसलिए पैसा कम देंगे

एक इंटरव्यू में विक्रम ने कहा, 'यशराज और धर्मा को थोड़ा सा घमंड है कि हम बड़े बैनर हैं, तो हम आपको थोड़ा कम पैसा देंगे। पर क्योंकि हम दे रहे हैं तो आपको कम पैसे में भी खुश रहना चाहिए। मुझे लगता है कि वो सभी के साथ ऐसा करते हैं और मेरे ख्याल से इसी वजह से सभी एक्टर्स परेशान हैं।'

### वैल्यू कम देंगे पर पैसा वक्त पर आएगा

विक्रम ने दोनों बैनर के पेमेंट प्रोसेस का जिक्र करते हुए कहा- 'बतौर राइटर यशराज ने मुझे अच्छा पैसा दिया पर उनके मन में कहीं ना कहीं यह रहता है कि हम यशराज हैं। आपको रोल दे रहे हैं और ब्रेक भी दे रहे हैं तो भले ही वैल्यू थोड़ी कम देंगे पर पैसा समय पर ही आता है।'

### एक्टर ने बालाजी की तारीफ की

विक्रम ने अपने करियर की शुरुआत में एकता कपूर के कई टीवी शोज भी किए हैं। उन्होंने एकता कपूर के बैनर बालाजी टेलीफिल्म्स की तारीफ करते हुए कहा- 'इस मामले में बालाजी का काम बढ़िया है। वो हर महीने की 23 तारीख को आपको चेक पकड़ा देते हैं। अगर आप शहर में नहीं हैं तो आपका अकाउंट डिटेल्स लेकर आपका पैसा आपको भेज देते हैं।'

### 70 के दशक में शुरू हुए थे यशराज और धर्मा

फिल्म प्रोडक्शन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी यश राज की शुरुआत 1970 में मशहूर फिल्ममेकर यश चोपड़ा ने की थी। साल 2012 के बाद से उनके बड़े बेटे आदित्य चोपड़ा ने यह बैनर संभाला है। आज यह देश की सबसे बड़ी फिल्म प्रोडक्शन कंपनी में से एक है।

वहीं धर्मा की शुरुआत साल 1979 में प्रोड्यूसर यश जौहर ने की थी। बैनर की पहली फिल्म अमिताभ बच्चन स्टारर 'दोस्ताना' थी जो साल 1980 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी। 2004 में यश जौहर के निधन के बाद से उनके बेटे करण जौहर इसके संभाल रहे हैं।

### करण जौहर ने कहा था एक्टर्स ज्यादा फीस मांगते हैं

हाल ही में धर्मा प्रोडक्शन के मालिक करण जौहर ने एक्टर्स की ज्यादा फीस की डिमांड के बारे में बात की थी। फिल्ममेकर ने कहा था कि एक्टर फीस तो एकदम हाई मांगते हैं पर वो ये नहीं देखते कि वह फिल्म उनके फीस का आधा भी कमा नहीं पाई है। कलाकारों को समझना चाहिए कि अभी समय कैसा है। फिल्मों का माहौल कैसा है।

# 'दंगल' के लिए फोगाट परिवार को मिले थे 1 करोड़ : बबीता बोलीं- किरदारों के नाम तक बदलना चाहते थे मेकर्स

साल 2016 में रिलीज हुई आमिर खान स्टारर फिल्म दंगल ने रेसलर-पॉलिटिशियन बबीता फोगाट को घर-घर में मशहूर कर दिया था। इस फिल्म ने दुनिया भर में 2 हजार 160 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। हालांकि, यह कहानी जिस फोगाट परिवार से प्रेरित थी उसे मेकर्स ने मात्र 1 करोड़ रुपए दिए थे।

### पूरी कमाई के 1% से भी कम पैसा मिला: बबीता

हाल ही में न्यूज 24 को दिए एक इंटरव्यू में बबीता ने इस बारे में बात की। जब बबीता से पूछा गया कि दंगल के मेकर्स ने फोगाट परिवार को कितने पैसे दिए तो बबीता ने कहा, 'हमें जो पैसा मिला वो फिल्म की पूरी कमाई के 1% से भी कम था।'

### स्क्रिप्टिंग प्रोसेस के दौरान हो गई थी डील

आगे एंकर ने पूछा कि क्या




फोगाट परिवार को मेकर्स ने 20 करोड़ रुपए दिए थे? इसके जवाब में बबीता ने कहा, 'यह इसके भी 10% का आधा था, करीब 1 करोड़ रुपए। यह डील आमिर खान के प्रोड्यूसर के तौर पर आने से बहुत पहले ही तय हो गई थी, जब डायरेक्टर नितेश तिवारी की टीम स्क्रिप्टिंग प्रोसेस में थी।'

बबीता ने आगे बताया- 'पापा (महावीर सिंह फोगाट) ने मेकर्स से सिर्फ एक ही बात कही थी। हमें लोगों का प्यार और इज्जत चाहिए। बाकी सब छोड़ दीजिए।' रेसलर ने यह भी बताया कि फिल्म के लिए आमिर खान जब बोर्ड पर आए थे तो उन्होंने मेकर्स को किरदारों के नाम बदलने का सजेशन दिया था पर हमारे पापा इसके लिए तैयार नहीं हुए।

### 'आमिर की टीम ने पापा को कोई जवाब नहीं दिया'

आगे बबीता बोलीं- 'जब फिल्म हिट हुई तो पापा ने आमिर की टीम को हरियाणा में एक रेसलिंग अकेडमी खोलने का सुझाव दिया था। पर उनके इस आइडिया पर उनकी टीम ने कोई जवाब नहीं दिया।'

### देश की सबसे बड़ी ग्लोबल हिट है 'दंगल'

सिद्धार्थ रॉय कपूर के यूटीवी मोशन पिक्चर्स और आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म 'दंगल' में आमिर खान ने महावीर फोगाट, फातिमा सना शेख और जायरा वसीम ने गीता फोगाट और सान्या मल्होत्रा और सुहानी भटनागर ने बबीता फोगाट का किरदार निभाया था। यह फिल्म आज भी हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी ग्लोबल हिट है।

फिल्म 'दंगल' की कमाई और आमिर खान समेत अन्य मेकर्स को लेकर दिए इस बयान के बाद बबीता फोगाट को गूगल पर लगातार सर्च किया जा रहा है। पिछले 30 दिनों के गूगल ट्रेंड्स को देखें तो साफ है कि बबीता को सर्च करने का ग्राफ तेजी से बढ़ा है।

# रोलेक्स किरदार की लोकप्रियता को सूर्या ने बताया अप्रत्याशित

## निर्देशक लोकेश कनगराज को दिया इस भूमिका का श्रेय

**सूर्या इन दिनों** अपनी आगामी फिल्म 'कंगुवा' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। उनकी और बॉबी देओल के अभिनय वाली ये फिल्म इस साल की सबसे चर्चित और बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। अभिनेता के फैंस बेसब्री से इस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के अलावा फैंस उन्हें रोलेक्स के किरदार में भी देखने को लेकर काफी उत्सुक हैं। सूर्या साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म विक्रम में रोलेक्स के किरदार में कैमियो करते नजर आए थे। हाल में ही अभिनेता ने अपने इस कैमियो को लेकर बात की है।

### 'विक्रम' में रोलेक्स के किरदार में दिखे थे सूर्या

सूर्या ने साल 2022 में दिग्गज अभिनेता कमल हासन की फिल्म 'विक्रम' में रोलेक्स के किरदार में नजर आए थे। साउथ के मशहूर निर्देशक लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उनके कैमियो किरदार की काफी चर्चा हुई थी। अभिनेता इस किरदार में काफी खूंखार और क्रूर नजर आए थे। इस पर बात करते हुए अभिनेता ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उनके इस कैमियो को इतने व्यापक तरीके से पसंद किया जाएगा।

अभिनेता ने इसमें जोड़ते हुए बताया कि उन्होंने इसके लिए पूरे एक दिन की भी शूटिंग नहीं की थी। कंगुवा अभिनेता ने कहा कि उन्होंने इस किरदार के लिए सिर्फ आधे दिन की शूटिंग की थी। उन्होंने ने बताया कि उन्हें इसका बिलकुल भी अंदाजा नहीं था



कि उनका ये किरदार इतना मशहूर हो जाएगा। अभिनेता ने रोलेक्स के रूप में अपने किरदार को एक शानदार किरदार में बदलने का श्रेय निर्देशक लोकेश कनगराज को दिया। इसके साथ ही उन्होंने उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा कि वह भविय में रोलेक्स को पूरी तरह से फिल्म में निभाना चाहेंगे।

### 14 नवंबर को रिलीज होगी 'कंगुवा'

बात करें सूर्या की आगामी फिल्म 'कंगुवा' की, तो ये फिल्म 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म में सूर्या के अलावा बॉलीवुड कलाकार बॉबी देओल और दिशा पाटनी भी नजर आने वाले हैं। सिरुथाई शिवा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को यूवी क्रिएशन और स्टूडियो ग्रीन द्वारा किया जा रहा है। फिल्म एक पीरियड एक्शन ड्रामा होने वाली है। इससे अब तक जारी हुए पोस्टर और वीडियो में दोनों कलाकारों का बेहद अलग और खतरनाक अवतार नजर आ रहा है।

# अक्षय कुमार की 'भूत बांग्ला' में शामिल हुईं वामिका गब्बी?

अक्षय कुमार ने अपने जन्मदिन पर हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' की घोषणा करके अपने प्रशंसकों को खुश किया। अभिनेता ने एक मोशन पोस्टर भी साझा किया जिसे दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। वहीं, अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई रही है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अभिनेत्री वामिका गब्बी फिल्म की टीम में शामिल हो गई हैं।

### वामिका गिब्बी हुईं शामिल

फिल्म की नायिका के साथ साथ इसकी शूटिंग के बारे में भी दिलचस्प जानकारी सामने आई है। फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू होगी। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वामिका ने




डिजिटल दुनिया में अपने काम से सभी को प्रभावित किया है और अब वह बेबी जॉन और भूत बांग्ला जैसी फिल्मों के साथ थिएटर मीडियम पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने डॉटेड लाइन्स साइन कर ली हैं और भूत बांग्ला में उनकी भूमिका दमदार है, जो सिनेमा देखने वाले दर्शकों के बीच हंसी का माहौल पैदा करेगी।'

### फिल्म के कलाकार

दावा किया गया कि अक्षय और वामिका 'भूत बंगला' में एक अनोखी भूमिका में नजर आएंगे और इस बारे में विस्तृत जानकारी गुप्त रखी गई है। बताया गया है कि वामिका के अलावा फिल्म में दो और महिला कलाकार होंगी। यह हॉरर तत्वों से भरपूर एक कॉमिक कैपर है, जिसमें एक ही घर में तीन लड़कियां हैं। साथ ही परेश रावल, राजपाल यादव और असरानी जैसे पागल कलाकारों की टोली भी है। भूत बंगला के लिए और कास्टिंग चल रही है।

# इस अभिनेता को अमिताभ बच्चन की आवाज से थी नफरत, गूंगे के रोल में बिग बी को किया कास्ट



सदी के महानायक अमिताभ बच्चन न केवल अपने अभिनय के लिए बल्कि अपनी आवाज के लिए भी जाने जाते हैं। हालांकि, एक ऐसा समय था, जब बिग बी की आवाज इस अभिनेता को बिल्कुल पसंद नहीं आती थी। हाल ही में, अभिनेत्री शीबा साबिर ने खुलासा किया कि सुनील दत्त को अमिताभ बच्चन की आवाज पसंद नहीं थी और इसलिए उन्हें 'रेशमा और शेरा' में एक मूक किरदार के रूप में लिया गया।

### म्यूट रोल में किया था बिग बी को कास्ट

अभिनेत्री शीबा ने हाल ही में दिग्गज अभिनेता सुनील दत्त के बारे में एक दिलचस्प किस्सा साझा किया। शीबा के अनुसार, सुनील दत्त ने बिग बी को 1971 की फिल्म रेशमा और शेरा में एक मूक भूमिका में लिया क्योंकि उन्हें उनकी आवाज पसंद नहीं थी। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि अमिताभ बच्चन की पहली फिल्म सात हिंदुस्तानी के निर्माता उनके ससुर मनमोहन साबिर ने अभिनेता की गहरी आवाज के बारे में इसी तरह की भावना साझा की थी।

### सुनील दत्त को नहीं पसंद थी अमिताभ की आवाज

सिद्धार्थ कन्नन के साथ इंटरव्यू मे, शीबा ने बताया उन्होंने मुझसे कहा, 'एक हीरो आता था हमारे घर में और आके मेरे पैरों में बैठ जाता था और हमको लगता था कैसी आवाज है इसकी, गूंजती हुई। शीबा ने आगे कहा, सुनील दत्त साहब ने मुझसे कहा था, 'हमें अमिताभ की आवाज नहीं पसंद है, उनकी आवाज रेडियो जॉकी जैसी लगती है'।

अमिताभ ने दत्त साहब की फिल्म में एक मूक किरदार निभाया। यह वही बैरीटोन आवाज है, जिसे अब हम उनके साथ जोड़ते हैं। किसी को नहीं पता था कि आवाज अभिनेता से बड़ी हो जाएगी। मुख्य भूमिका निभाने के अलावा, सुनील दत्त ने रेशमा और शेरा का भी निर्देशन किया।

### इस फिल्म को लेकर चर्चा में हैं अभिनेता

वर्कफ्रंट की बात करें तो अमिताभ बच्चन इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 को होस्ट कर रहे हैं। उनकी नई फिल्म 'वेट्टियन' को भी दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। बता दें कि 32 साल के गैप के बाद रजनीकांत के साथ उनकी जोड़ी दर्शकों का मनोरंजन कर रही है।

# जब महिमा चौधरी ने पिता से छिपाई अपने कैंसर की बात, अनुपम खेर का वीडियो देखने के बाद लगा पता




महिमा चौधरी ने शाहरुख खान के साथ फिल्म 'परदेस' से महिमा ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। वह जल्द ही फैंस के दिलों पर राज करने लगीं। महिमा ने मॉडलिंग से बड़े पर्दे पर आकर बड़ा मुकाम हासिल किया। इस राह में कई बाधाएं भी आईं, लेकिन उन्हें रोक न सकीं। महिमा जल्द ही कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' में नजर आएंगी। अब हाल ही में, महिमा ने अपने ब्रेस्ट कैंसर और इसके इलाज को लेकर खुलकर बात की है।

### पिता से छिपाई थी यह बात

महिमा चौधरी ने हाल ही में साइरस ब्रोचा के यूट्यूब चैनल के लिए दिए गए इंटरव्यू में बताया कि कैसे उन्होंने अपने माता-पिता से अपने ब्रेस्ट कैंसर के बारे में बात छिपाई थी। लॉकडाउन के दौरान अपने इलाज को याद करते हुए उन्होंने बताया कि उनके पिता को इस बारे में तब पता चला जब अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर उनके बारे में बात करते हुए एक वीडियो अपलोड किया।

### लॉकडाउन में की थी पिता से यह ख्वाहिश

पिताजी अक्सर अपने बाल मुंडवाते हैं। तो मैंने कहा, 'पापा लॉकडाउन है, आप मेरे बाल मुंडवाना चाहते हैं, मेरे बहुत बाल झड़ रहे हैं।'

### नर्स से किया था यह सवाल

अभिनेत्री ने आगे बताया कि फिर 2-3 दिनों के बाद वह मेरी नर्स से कह रहे थे, 'मैं इतना बूढ़ा हूं, मेरी दाढ़ी बढ़ गई, इसके बाल क्यों नहीं बढ़ रहे?' तो मैं भी दंग रह गई। मुझे नहीं पता था कि

महिमा ने कहा, "जब मुझे स्तन कैंसर का पता चला तो मैं सोच रही थी, 'उन्हें क्यों बताऊं?' बाकी लोग जानते थे, जैसे मेरी मौसी और मेरी बहन। लेकिन मैं सोच रही थी, 'मेरी मां को मत बताना।' अगर वे भर्ती हो जाएंगे, तो मैं किसकी देखभाल करूंगी? मेरे

मेरे पिताजी इसमें शामिल हैं। वह थोड़े जिज्ञासु हैं। मैंने कहा, 'नहीं, उन्होंने कम से कम तीन बार कहा कि मुझे यह करने की जरूरत है लेकिन उन्हें इसके बारे में पता नहीं था। हालांकि, बाद में अनुपम खेर का वीडियो देखर उन्हें पता चला था"

# ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी ने की रोकने की कोशिश

**कार चालक ने बोनट पर लटका 100 मी. घसीटा, गिरफ्तार**

शिवमोगा, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के शिवमोगा में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। दरअसल, उसने ड्यूटी पर तैनात एक ट्रैफिक पुलिस को बोनट पर लटकाकर कार चलाई थी। यह घटना गुरुवार की है, जब ट्रैफिक पुलिस प्रभु आरोपी को रोकने की कोशिश कर रहे थे। आरोपी की पहचान मिथुन के तौर पर की गई है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में बोनट पर ट्रैफिक पुलिस को देखा गया। हालांकि, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वीडियो में पहले आरोपी ट्रैफिक पुलिस के साथ बहस करता दिख रहा है। इस बहस के दौरान ट्रैफिक पुलिस प्रभु कार के ठीक सामने खड़े थे। उन्होंने आरोपी से गाड़ी को किनारे लगाने को कहा। आरोपी ने ट्रैफिक पुलिस की बात नहीं मानी। उसने अपनी एसयूवी पर ट्रैफिक पुलिस को लटकाकर कार चला दी। करीब 100 मीटर दूर जाने के बाद उसने अपनी गाड़ी रोकी फिर वहां से फरार हो गया। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए पुलिस ने आश्वासन दिया था कि वे जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लेंगे। शिवमोग्गा एसपी मिथुन ने कहा, शिवमोग्गा शहर में सह्याद्री कॉलेज के सामने ड्यूटी पर तैनात एक ट्रैफिक पुलिस कर्मी कार की बानट पर घसीटे जाने से बाल-बाल बच गए। उन्हें 100 मीटर तक कार की बोनट पर बिठाकर ले जाया गया। यह घटना दोपहर के दो बजे की है। ट्रैफिक पुलिस कॉलेज के पास नियमित जांच कर रहे थे। कार चालक ने अपनी रफ्तार बढ़ाई और कुचले जाने से बचने के लिए उन्हें बोनट पर लटकने के लिए मजबूर किया।

# विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका

## बाबा सिद्दीकी के बेटे राकांपा में हुए शामिल



मुंबई, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने वाला है। इस चुनाव से पहले दिवंगत राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी के बेटे ने कांग्रेस को बड़ा झटका दे दिया। मुंबई युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष जीशान सिद्दीकी अब राकांपा में शामिल हो चुके हैं। राकांपा में शामिल होने के बाद ही पार्टी ने पूर्व बांद्रा निर्वाचन क्षेत्र से जीशान की उम्मीदवारी की घोषणा की। उनके अलावा भाजपा के पूर्व सांसद संजयकाका पाटिल और निशिकांत दुबे भी विधानसभा चुनाव से पहले उपमुख्यमंत्री अजित पवार की उपस्थिति में राकांपा में शामिल हो गए। राकांपा में शामिल होने के बाद जीशान सिद्दीकी ने कहा, यह मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत ही भावुक वाला दिन है। मैं अजित पवार, प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे का धन्यवाद करता हूं। इन्होंने इस कठिन समय में मुझ पर विश्वास किया। मुझे बांद्रा ईस्ट से नामांकन मिला है। मुझे यकीन है कि सभी लोगों के प्यार और समर्थन से मैं पूर्वी बांद्रा से दोबारा जरूर जीतूंगा। निशिकांत दुबे ने कहा, मैं आज अपने नेता देवेंद्र फड़णवीस के निर्देश पर राकांपा में शामिल हो गया। मुझे भाजपा से राकांपा में आना पड़ा, क्योंकि इस्लामपुर विधानसभा सीट राकांपा के पास चली गई। मैं राकांपा के टिकट पर इस्लामपुर सीट से जीत हासिल करूंगा। राकांपा में शामिल होने के बाद संजयकाका पाटिल ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, राकांपा महायुति का हिस्सा है। हमारे जिले की इस्लामपुर सहित दो सीटें एनसीपी (महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए) में चली गईं। मुझे चुनाव लड़ना था, इसलिए मैं राकांपा में शामिल हो गया। इन दोनों नेताओं के राकांपा में शामिल होने से पहले पार्टी ने वरिष्ठ नेता छगन भुजबल के बेटे पंकज भुजबल को नासिक जिले के येओला विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतारा है। भुजबल के भतीजे समीर भी नासिक के नंदगांव निर्वाचन क्षेत्र से शिवसेना के मौजूदा विधायक सुहास कांडे के खिलाफ चुनाव मैदान में हैं। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 22 अक्तूबर से शुरू हो चुकी है। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 29 अक्तूबर है। बता दें कि 2019 के विधानभा चुनावों में 288 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा को सबसे ज्यादा 105 सीटें मिली थीं। वहीं, भाजपा की सहयोगी पार्टी शिवसेना को 56 सीटें आई थीं। दूसरी ओर एनसीपी को 54 सीटें जबकि उसकी सहयोगी कांग्रेस को 44 सीटें मिली थीं।

# सूफी गायक सतिंदर सरताज के लिए मुसिबत

**पंजाब में होने वाले शो को लेकर कोर्ट ने किया तलब 30 को सुनवाई**



कपूरथला, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। पंजाब के मशहूर सूफी गायक सतिंदर सरताज के लिए नई मुसीबत खड़ी हो गई है। पंजाब के कपूरथला में उनका एक शो होने जा रहा है, लेकिन उससे पहले ही उन्हें कोर्ट में पेश होना पड़ेगा। सरताज को जिला अदालत कपूरथला ने 30 अक्तूबर को तलब किया है। सतिंदर सरताज के खिलाफ यह समन कपूरथला के एक सीनियर एडवोकेट और स्पोर्ट्स मैन एसएस मल्ली की याचिका पर जारी हुआ है। एसएस मल्ली ने अपनी याचिका में कहा कि गायक सतिंदर सरताज का 10 नवंबर को गुरु नानक स्टेडियम के ग्राउंड में एक शो हो रहा है। शो की अधिकतर टिकट भी बिक चुकी हैं। ऐसे में सरताज की तरफ से स्टेडियम को व्यवसाय के तौर पर उपयोग किया जा रहा है। मल्ली ने याचिका में कहा कि वह रोजाना प्रैक्टिस व योग के लिए स्टेडियम में जाते हैं।

वहीं स्टेडियम में हॉकी ग्राउंड पर रोजाना कई प्लेयर प्रैक्टिस करने आते हैं। कपूरथला में इसके अलावा कोई और ग्राउंड भी नहीं हैं, जिसके चलते रोजाना प्रैक्टिस करने वालो के लिए एक बड़ी दिक्कत होगी। लाखों रुपये खर्च कर उक्त ग्राउंड को सरकारी फंड्स से बनाया गया है। ऐसे में सरताज का 10 नवंबर को होने वाले शो से जहां खिलाड़ियों को दिक्कत आएगी, वहीं उनकी रोजाना की प्रैक्टिस भी बाधित होगी।

# पति के सामने गैंगरेप कर वीडियो बनाया पुलिस ने 2 दिन दबाए रखा मामला

रीवा, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के रीवा में पहाड़ी पर घूमने गए एक दंपती के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। आरोपियों ने पहले पति के साथ मारपीट की और उसे बंधक बना लिया फिर महिला के साथ दरिंदगी की और उसका वीडियो बना लिया। बाद में दोनों को छोड़ दिया और कहा कि अगर किसी को इस घटना के बारे में बताया तो वीडियो वायरल कर दिया जाएगा। डरे-सहमे दंपती घर चले गए। हालांकि, अगले दिन उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद पीड़ित महिला को अस्पताल भिजवा दिया था, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। रीवा में 23 अक्टूबर को रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के आयोजन था। ऐसे में इस घटना को ज्यादा तूल नहीं दिया गया। महिला के साथ दरिंदगी के चार दिन बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ है। हालांकि, अब तक गिरफ्तारी तो दूर आरोपियों की पहचान तक नहीं की जा सकी है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि कुल संदिग्धों की पहचान की गई है। इसके साथ ही उन्होंने आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार करने की उम्मीद जताई है। 21 अक्टूबर को पीड़ित दंपती गुढ़ थाना क्षेत्र में भैरव बाबा पहाड़ी घूमने आए थे। वे मंदिर के थोड़ा आगे पहाड़ी में नाले के पास बैठे थे। इसी बीच कुछ दूरी पर पार्टी कर रहे आधा दर्जन युवक वहां पहुंच गये। उन्होंने युवक को मारपीट कर धमकाया और उसकी पत्नी को दूसरी ओर ले गये। दो आरोपियों ने पति के सामने ही उसकी पत्नी के साथ दरिंदगी की। पति ने विरोध किया तो उसकी जमकर पिटाई की और वीडियो बना लिया।

# 'मेरे पोते जैसे हो, अभी से ऐसे भाषण मत दो'

## शिवराज सिंह चौहान के बेटे को दिग्विजय सिंह की नसीहत



भोपाल, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की दो विधानसभा सीटों पर आगामी महीने में उपचुनाव हैं। इनमें से एक सीट बुधनी और दूसरी विजयपुर है। विदिशा से शिवराज सिंह चौहान के सांसद बनने के बाद बुधनी सीट खाली हुई है। यह सीट भाजपा का गढ़ है। यही वजह है कि भाजपा ने यहां अपनी प्रतिष्ठा दांव पर लगा दी है। भाजपा ने रमाकांत भार्गव को प्रत्याशी बनाया है।

बुधनी शिवराज सिंह चौहान का सबसे मजबूत किला है। पिता के अभेद दुर्ग में प्रचार की कमान शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय चौहान ने संभाली है। मगर उनका एक भाषण और उस पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की प्रतिक्रिया की खूब चर्चा है।

**क्या कहा कार्तिकेय ने?**

मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय ने प्रचार के दौरान कहा कि अगर बुधनी विधानसभा सीट से कांग्रेस का प्रत्याशी जीत गया तो एक भी ईंट नहीं लगेगी।

उन्होंने कहा, अगर 19-20 हुआ तो किसका नुकसान होगा? अपने पैरों पर हम कुल्हाड़ी क्यों मारें? अपनी पोलिंग में गड़बड़ी करके हम क्यों अपनी इज्जत खराब करें? क्या हमको सीएम और मुख्यमंत्री के पास काम कराने नहीं जाना है।

बताइये सरपंच जी, कैसे कराएंगे आप काम? अगर 19-20 हुआ तो नेताओं के पास काम कराने कौन सी सड़क लेकर जाओगे। अगर गलती से कांग्रेस विधायक जीत जाता है तो एक भी ईंट किसी के गांव में नहीं लगने वाली है।

**ना सरपंच हो ना विधायक ऐसा भाषण मत दो**

कार्तिकेय के इस भाषण पर दिग्विजय सिंह ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा कि कार्तिकेय अभी से इस प्रकार का भाषण ना दो। अपने पिता शिवराज सिंह से सीखो। लोकतंत्र में सरकार और विपक्ष दोनों मिलकर भारत निर्माण में सहयोग करते हैं। 10 साल तक मैं मुख्यमंत्री रहा हूं। मगर मैंने इस प्रकार की भाषा का कभी इस्तेमाल नहीं किया। आपके पिता गवाह हैं। प

'चायत राज कानून में निर्माण काम करने की जिम्मेदारी सरपंच की होती है ना कि विधायक की। आप तो अभी ना सरपंच हैं ना विधायक। आप मेरे पुत्र नहीं पौत्र समान है। यह मेरी राय है। आप मानें या ना मानें, आप जानें। जय सिया राम।

13 नवंबर को बुधनी में मतदान बुधनी और विजयपुर विधानसभा सीट पर 25 अक्टूबर नामांकन की आखिरी तारीख है। 30 अक्टूबर तक नामांकन वापस लिया जा सकता है। दोनों ही सीटों पर 13 नवंबर को एक साथ मतदान होगा। 23 नवंबर को परिणामों की घोषणा होगी।

# छिंदवाड़ा में बीजेपी की महिला नेता बोलीं

## जूते-चप्पल से मारूंगी, घसीटते हुए थाने ले जाऊंगी; ऑडियो वायरल

छिंदवाड़ा, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। छिंदवाड़ा की दमुआ नगर पालिका अध्यक्ष और एक सप्लायर के बीच हुई बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें भाजपा की नेत्री किरण खातरकर और नपा अध्यक्ष एक सप्लायर पर गुस्से में भड़कते हुए सुनाई दे रही हैं। साथ ही चेतावनी देती नजर आ रही हैं कि यदि वह नगर पालिका में घुसा तो उसे चप्पल से मारेंगी। इस ऑडियो के वायरल होने के बाद छिंदवाड़ा की राजनीति गरमा गई है। भाजपा इस मामले पर मौन है, लेकिन कांग्रेस ने इसे बड़ा मुद्दा बनाने के प्रयास में है। प्रदेश कांग्रेस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज पर भाजपा की महिला जनप्रतिनिधि के इस रवैये को सत्ता के नशे में चूर होना बताया है। इसके बाद से दमुआ नगर पालिका अध्यक्ष बैकफुट पर आ गई हैं। वायरल हो रहे ऑडियो में दमुआ नगर पालिका अध्यक्ष किरण खातरकर सप्लायर से कह रही हैं, 'क्या कर रहा है तू नगर पालिका के अंदर गया तो जूते और चप्पल से मारूंगी।।। सीधे निकल जाना, नहीं तो थाने तक घसीटते हुए लेकी जाऊंगी'। दूसरी ओर, सप्लायर उनसे पूछ रहा है कि आखिर हुआ क्या है, लेकिन नपाध्यक्ष लगातार धमकी देते हुए कह रही हैं- 'तुम नगर पालिका में घुसे तो जूते चप्पल से मारूंगी'। इस छोटी सी ऑडियो क्लिप के सामने आने के बाद बाद सभी चुप्पी साधे हुए हैं। इस पूरे मामले पर जुन्नारदेव विधायक सुनील ऊइके ने आक्रामक रुख अपनाया है। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष की भाषा को अमर्यादित बताया और कहा कि इसको लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर नपा अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई, तो उग्र आंदोलन होगा। इस मामले को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष किरण खातरकर से संपर्क करने की कोशिश की गई। लेकिन, यह कहते हुए कॉल कट कर दिया कि वह वे अभी नेटवर्क में नहीं हैं, बाद में बात करेंगी।

# इधर तूफान मचा रहा तबाही, उधर महिला को हुआ लेबर पेन जैसे-तैसे हुई डिलीवरी, बच्चे का नाम रख दिया दाना



भद्रक, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। ओडिशा इस वक्त साइक्लोन दाना की चपेट में है। करीब 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आए इस तूफान को देखते हुए सभी एजेंसियां मुस्तैद हैं। सीएम मोहन चरण माझी राहत और बचाव कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसी बीच भद्रक जिले में तूफान के कारण एक गर्भवति महिला घर में ही फंस गई। उसे लेबर पेन होने लगे लेकिन तेज तूफान के कारण उसे इतनी आसानी से डिलीवरी के लिए अस्पताल ले जा पाना संभव नहीं था। तमाम एजेंसियों की मुस्तैदी के बाद महिला जैसे-तैसे अस्पताल पहुंची और उन्होंने एक बेटे को जन्म दिया। महिला ने अब अपने बेटे का नाम ही साइक्लोन दाना के नाम पर रखने का निर्णय लिया है। ओडिशा के भद्रक जिले के धुसुरी में बच्चे का जन्म हुआ। मां और नवजात दोनों स्वस्थ हैं। चूंकि बच्चे का जन्म साइक्लोन दाना के दौरान हुआ था, इसलिए परिवार के सदस्यों ने उसका नाम चक्रवात के नाम पर रखने की योजना बनाई है। नवजात की मां ने कहा, हमें तूफान के कारण अस्पताल में भर्ती होने के लिए कॉल आया था। बाद में दिन में मुझे प्रसव पीड़ा हुई और मैंने एक बच्चे को जन्म दिया। वह स्वस्थ है, उसका वजन लगभग 3.80 किलोग्राम है। यह एक सामान्य प्रसव था। चूंकि उसका जन्म तूफान के दौरान हुआ था, इसलिए परिवार के सदस्य उसका नाम 'दाना' रखने की योजना बना रहे हैं। एक रिश्तेदार ने कहा, हम उसका नाम दाना रखने की योजना बना रहे हैं। हम साइक्लोन दानाको लेकर चिंतित थे, लेकिन अब जन्म के बाद हम बहुत खुश हैं। यह एक लड़का है। उसका जन्म सुबह करीब 10:15 बजे हुआ। हम अपने परिवार के नए सदस्य से बहुत खुश हैं।

# चेन्नई में 'ब्रेकिंग बैड': एक गोल्ड मेडलिस्ट, 7 कैमिस्ट्री स्टूडेंट्स; ऐसे हुआ ड्रग सिंडिकेट का खुलासा

चेन्नई, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। साल 2008 में आई ड्रामा सीरीज 'ब्रेकिंग बैड' काफी चर्चित रही थी। अमेरिकन क्राइम ड्रामा सीरीज में दिखाया गया था कि वाल्टर व्हाइट नाम का किरदार कैमिस्ट्री टीचर होता है। वह स्टेज-थ्री लंग कैंसर से जूझ रहा होता है। तभी वह अपराध की दुनिया का रास्ता चुनता है और अपने पूर्व छात्र जेसी पिंकमैन के साथ मिलकर नशीली दवा मेथामफेटामाइन का प्रोडक्शन करता है। ताकि वह परिवार के लिए पैसे कमा सके। इसी ब्रेकिंग बैड की असली कहानी चेन्नई में घटती हुई नजर आई।

आइए आपको बताते हैं पूरा मामला क्या है। दरअसल, चेन्नई में पुलिस ने एक ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। बता दें कि ये समूह प्रतिबंधित और नशीली दवा मेथामफेटामाइन बनाकर उसे बाजार तक पहुंचा रहा था। 'मेथ' को अत्यधिक नशीली दवा माना जाता है। चेन्नई पुलिस ने इस गैंग के ऑपरेशन का भंडाफोड़ किया और सात लोगों को गिरफ्तार किया है। खास बात यह है कि इस गिरोह में शामिल लोगों ने शहर में गुप्त रूप से एक लैब बनाई थी। बताया जा रहा है कि इस गिरोह का सरगना खुद कैमिस्ट्री का छात्र रहा है। उसने अपने गिरोह में कई इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स को भर्ती किया था। जो कैमिस्ट्री की अच्छी खासी नॉलेज रखते थे।

बता दें कि पुलिस ने गैंग का पर्दाफाश कर कुल 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में पांच इंजीनियरिंग स्नातक और चेन्नई के एक प्रतिष्ठित कॉलेज में रसायन विज्ञान का स्नातकोत्तर छात्र शामिल है। वह एक अन्य संस्थान में विज्ञान स्नातक पाठ्यक्रम में स्वर्ण पदक विजेता भी था। युवा स्नातकों के समूह ने अरुण कुमार नामक एक व्यक्ति से प्राप्त मेथामफेटामाइन की छोटी मात्रा बेचकर नशीली दवाओं की तस्करी शुरू की, जिसके खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज है। बाद में, उन्हें खुद ही दवा बनाने का विचार आया और उन्होंने रसायन विज्ञान के छात्र को इसमें शामिल कर लिया।

फिर उन्होंने इस मेथ को बनाने के लिए इसमें इस्तेमाल होने वाले रसायन खरीदे। गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक ने अपने माता-पिता से कहा कि वह एक कैफे खोल रहा है और उसने उनसे कुछ पैसे लिए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, उसके माता-पिता ने उसकी मदद के लिए पैसे उधार लिए थे, क्योंकि उन्हें लगा कि वह कोई व्यवसाय शुरू करना चाहता है। जब पुलिस ने इस गिरोह का भंडाफोड़ किया, तो उन्होंने उनकी प्रयोगशाला पर छापा मारा और 245 ग्राम मेथमफेटामाइन, 2 लैपटॉप और 7 मोबाइल फोन बरामद किए। जांच के बाद इंजीनियरिंग स्नातक और रसायन विज्ञान के छात्र सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अब दो और लोगों, अरुण कुमार और कार्तिक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार, ये भी ड्रग के धंधे में शामिल हैं। नशीले पदार्थों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने आज युवाओं से नशीले पदार्थों से दूर रहने का आग्रह किया। इस ग्रुप ने अरुण कुमार नाम के एक शख्स से मेथामफेटामाइन की छोटी मात्रा लेकर नशीली दवाओं की तस्करी शुरू की थी।

बाद में छात्रों ने खुद ही 'मेथ' बनाने की सोची। उन्होंने इसके बाद कैमिस्ट्री के दूसरे स्टूडेंट्स को इसमें शामिल कर लिया। फिर उन्होंने इसके लिए कुछ जरूरी रसायन खरीदे। वे देखते ही देखते 'मेथ' बनाने लगे और इसे स्टूडेंट्स तक भी पहुंचाने लगे, लेकिन उनका प्लान तब फेल हो गया, जब चेन्नई पुलिस ने इसका भंडाफोड़ कर दिया। पुलिस ने सात लोगों को नशीली दवा बेचने के मामले में गिरफ्तार किया है।

# पंडित जी को पिलाया 'नशे वाला दूध', बनाया अश्लील वीडियो, यूट्यूबर दंपति का डर्टी गेम, खुल गई पोल

उधमसिंह नगर, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तराखंड के उधमसिंह नगर से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली खबर सामने आई है। यहां एक यूट्यूबर दंपति ने वहीं पर रहने वाले पंडित जी को पूजा पाठ करवाने के बहाने अपने घर बुलाया। लेकिन पंडित जी नहीं जानते थे उनके साथ यहां क्या होने वाला है। जैसे ही पंडित जी यूट्यूबर दंपते के घर पहुंचे, उन्हें वहां पीने के लिए गर्म दूध दिया गया। पंडित जी ने जैसे ही दूध पिया उन्हें चक्कर आने लगा और वो बेहोश हो गए। इसके बाद दंपति ने जो कुछ भी उनके साथ किया वो पंडित जी को सात जन्मों तक याद रहेगा। यूट्यूबर दंपति ने बेहोश पड़े पंडित जी के कपड़े उतारे। उनका अश्लील वीडियो बनाया। कई फोटो भी खींचे। फिर पंडित जी के होश में आने का इंतजार करने लगे। जैसे ही पंडित जी को होश आया, दंपति ने उन्हें उनका अश्लील वीडियो दिखाया। फिर ब्लैकमेल करने लगे। बोले- अब हम जो भी आपसे मांगेंगे, चुपचाप वो सब कुछ हमें दे देना। नहीं तो बुरा होगा। उन लोगों ने पंडित जी के बैंक अकाउंट से 2.57 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। उनका फोन भी रख लिया। फिर कहा- अगर इस बारे में किसी को बताया तो हम तुम्हारे फोटो और वीडियो यूट्यूबर पर अपलोड कर देंगे। फिर तुम कहीं के नहीं रहोगे।

पंडित जी उनकी बातें सुनकर सहम गए। चुपचाप वहां से चले गए। लेकिन उसके बाद भी यूट्यूबर दंपति उन्हें तंग करने लगा। तंग आकर पंडित जी ने पुलिस से इसकी शिकायत कर दी।

# वर्ली सीट पर आदित्य ठाकरे को बीजेपी टक्कर देगी या एनसीपी, चर्चा में इन 2 नेताओं के नाम



मुंबई, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों की ओर से उम्मीदवारों के चयन को लेकर लगातार मंथन किया जा रहा है। 29 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख है, लेकिन कई सीटों पर उम्मीदवारों के चयन को लेकर स्थिति साफ नहीं हो सकी है। मुंबई की हाई प्रोफाइल सीटों में एक सीट है वर्ली विधानसभा सीट। यहां से शिवसेना (यूबीटी) ने आदित्य ठाकरे को मैदान में उतारा है जबकि शिवसेना (एकनाथ शिंदे) भी कड़ी चुनौती देने की तैयारी में जुटी है। इसके लिए 2 बड़े नामों पर चर्चा चल रही है। शिवसेना (शिंदे गुट) उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे को कड़ी चुनौती देने के लिए राज्यसभा सांसद मिलिंद देवड़ा को चुनावी मैदानी में उतारने की रणनीति पर काम कर रही है। पार्टी में इस संबंध में गंभीर मंथन भी हुआ है। इसी सिलसिले में मिलिंद देवड़ा से भी सीएम शिंदे सहित तमाम बड़े नेताओं ने बातचीत की है और विचार किया जा रहा है आदित्य के सामने मजबूत युवा चेहरे के तौर पर मिलिंद देवड़ा को ही उतारा जाए। हालांकि इस पर अभी तक अंतिम फैसला नहीं लिया जा सका है।

**मंथन में जुटा एकनाथ शिंदे गुट**

ताकतवर देवड़ा परिवार के वारिस मिलिंद देवड़ा के करीबियों ने भी इस बात की पुष्टि की है कि अभी सिर्फ विचार विमर्श हो रहा है, अंतिम निर्णय पार्टी लेंगी। मिलिंद के अलावा वर्ली सीट पर बीजेपी की ओर से शायना एनसी के नाम की भी चर्चा चल रही है। शायना एनसी का पूरा नाम शाइना नाना चुडासमा है और फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में बेहद कामयाब रही हैं। शाइना इस समय भारतीय जनता पार्टी की प्रवक्ता भी हैं। शायना एनसी ने पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में कार्यकर्ताओं से लगातार मुलाकात कर रही हैं और बैठक भी करना शुरू कर दिया है।

**बीजेपी भी कर रही खास प्लानिंग**

हालांकि वर्ली सीट किसके कोटे में जाएगी, ये स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। लेकिन कयास यही लगाए जा रहे हैं कि महायुति गठबंधन में शिंदे गुट को कोटे के तहत यह सीट मिल जाए। ऐसे में उनके पास मजबूत चेहरे के रूप में मिलिंद देवड़ा हैं लेकिन वर्ली सीट पर बहुतायत में मराठी वोटर्स जीत तय करते हैं, ऐसे में पार्टियों के लिए इसका भी ध्यान रखना अनिवार्य है। अगर मिलिंद देवड़ा चुनाव नहीं लड़ते हैं तो बीजेपी शायना एनसी को शिंदे गुट ज्वाइन कराकर मैदान में उतार सकती है। इससे पहले बीजेपी अपने 2 पूर्व सांसदों समेत कुल 3 नेताओं को एनसीपी (अजीत पवार गुट) ज्वाइन कराकर वहां से टिकट दिला दिया है।

**29 तक नामांकन दाखिल करने का वक्त**

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में सबसे तेज साड़ी पहनने का रिकॉर्ड बनाने वाले शायना ने साल 2004 में राजनीति में प्रवेश किया और भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। वह बीजेपी की राष्ट्रीय प्रवक्ता, बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की सदस्य और पार्टी की महाराष्ट्र इकाई की कोषाध्यक्ष के पदों पर हैं।

# बीजेपी के विरोध के बावजूद नवाब मलिक को टिकट देंगे अजीत पवार! अबू आजमी के खिलाफ उतारने की तैयारी



मुंबई, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए एनसीपी अजीत पवार गुट ने शुक्रवार को अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी। इस लिस्ट की सबसे बड़ी बात यह रही कि नवाब मलिक का टिकट कट गया। जिस अणुशक्ति नगर सीट से नवाब मलिक विधायक हैं वहां से उन्हें टिकट नहीं मिला। अजीत पवार ने नवाब मलिक की बेटी सना मलिक को अणुशक्ति नगर से उम्मीदवार बनाया है।

**अबू आजमी के खिलाफ लड़ सकते हैं नवाब मलिक**

सूत्रों के अनुसार, बीजेपी अणुशक्ति नगर से नवाब मलिक को टिकट देने का विरोध कर रही थी। ताजा जानकारी के अनुसार, अजित पावर गुट से नवाब मलिक को टिकट देने को लेकर भाजपा का विरोध बरकरार है। हालांकि अजीत पवार नवाब मलिक को टिकट देने के फैसले पर कायम हैं। सूत्रों के मुताबिक एनसीपी अजीत गुट नवाब मलिक को मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा सीट से टिकट दे सकती है। यहां से मौजूदा समय में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी विधायक हैं।

**मंगलवार को फाइल कर सकते हैं नामांकन**

सूत्रों के अनुसार, मुंबई के मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा सीट से नवाब मलिक मंगलवार को बतौर एनसीपी के कैंडिडेट नामांकन फाइल कर सकते हैं। अजीत पवार को लगता है कि नवाब मलिक के आने से अबू आजमी की राह यहां पर आसान नहीं होगी।

**बीजेपी क्यों कर रही नवाब मलिक की उम्मीदवारी का विरोध**

दरअसल, पूर्व मंत्री नवाब मलिक पर अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से संबंध रखने का आरोप है। यह आरोप बीजेपी के नेता ही लगाते रहे हैं। मलिक को साल 2022 में दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों के खिलाफ एनआईए द्वारा दर्ज एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। मुंबई बीजेपी अध्यक्ष आशीष शेलार ने खुलकर नवाब मलिक की उम्मीदवारी का विरोध किया है। शेलार ने कहा भाजपा ऐसे विवादास्पद शख्सियतों से जुड़े किसी भी व्यक्ति का नामांकन स्वीकार नहीं करेगी जिससे गठबंधन में मुश्किलें आएं। एनसीपी के विभाजन के बाद नवाब मलिक अजीत पवार के साथ चले गए थे।

**कई बार से विधायक हैं नवाब मलिक**

बता दें कि अणुशक्ति नगर से नवाब मलिक 2014 में हार गए थे लेकिन 2019 में एक बार फिर से जीत दर्ज करने में सफल रहे। वह 2009 में भी यहां से विधायक चुने गए थे। नवाब मलिक इससे पहले 1996 से लगातार तीन बार नेहरू नगर से चुने गए थे।



# दिवाली पर मोदी सरकार ने कारोबारियों-उद्यमियों को दी बड़ी सौगात, अब होगा डबल फायदा!



नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिवाली से पहले मोदी सरकार अपने कारोबार को फैलाने और विस्तार देने की योजना बना रहे उद्यमियों को बड़ी सौगात दी है। अब उन्हें प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत पहले के मुकाबले डबल लोन मिल सकेगा। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत मुद्रा लोन की लिमिट को मौजूदा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया है। सरकार ने इस फैसले को लेकर नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई, 2024 को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट पेश करते हुए ये एलान किया था कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत दिए जाने वाले 10 लाख रुपये के लोन की लिमिट को बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया जाएगा। अब इस एलान को लागू कर दिया गया है। वित्त मंत्रालय ने कहा, इस लिमिट को बढ़ाये जाने से मुद्रा स्कीम का जो लक्ष्य है उसे हासिल करने में मदद मिलेगी और ऐसे नए उद्यमी जिन्हें फंड की जरूरत है उन्हें अपने कारोबार के ग्रोथ और विस्तार करने के लिए अब ज्यादा फंड उपलब्ध कराया जा सकेगा। मौजूदा समय में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में शिशु, किशोर और तरुण नाम से तीन कैटगरी है जिसके तहत लोन दिया जाता है। अब तरुण प्लस नाम से नए कैटगरी को लॉन्च किया गया है। मुद्रा योजना में शिशु के तहत 50,000 रुपये तक का लोन देने का प्रावधान है। किशोर स्कीम के तहत अपना कारोबार करने वाले 50,000 रुपये से लेकर 5 लाख रुपये तक मुद्रा लोन ले सकते हैं। तरुण स्कीम के तहत 5 लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक का लोन देने का नियम है। जिन कारोबारियों ने तरुण योजना के तहत लिए गए कर्ज को सफलतापूर्वक लौटा दिया है उन्हें अपने कारोबार के ग्रोथ और विस्तार करने के लिए तरुण प्लस कैटगरी के तहत 10 लाख रुपये से लेकर 20 लाख रुपये का लोन अब मिल सकेगा। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 20 लाख रुपये तक के लोन पर गारंटी कवरेज क्रेडिट गारंटी फंड फॉर माइक्रो यूनिट्स के तहत दिया जाएगा।

## 98% गिर गया इस सरकारी कंपनी का नेट प्रॉफिट, 8% गिरा शेयर कैसे पड़ी मुनाफे पर चोट?


नई दिल्ली,25 अक्टूबर (एजेंसियां)। सरकारी फ्यूल रिटेलर कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन ने शुक्रवार को अपना सितंबर तिमाही का रिजल्ट जारी किया। इस दौरान कंपनी का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 97.5% घटकर 142.67 करोड़ रुपये रह गया। पिछले साल समान तिमाही में कंपनी ने 5,826.9 करोड़ रुपये का मुनाफा हासिल किया था। हालांकि जुलाई-अगस्त तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 1,02,288.6 करोड़ रुपये से 5.3% बढ़कर 1,07,754.9 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा किन चुनिंदा पेट्रोलियम उत्पादों पर मार्केटिंग मार्जिन में कमी, कमजोर क्रैक स्प्रेड के कारण रिफाइनिंग मार्जिन में कमी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल और उत्पाद की कीमतों में गिरावट के कारण उसका प्रॉफिट गिरा है। स्टैंडअलोन आधार पर एचपीसीएल का रेवेन्यू दूसरी तिमाही में 1,08,216 करोड रुपये रहा जो पिछले साल समान तिमाही में 1,02,618 करोड़ रुपये था। कंपनी का स्टैंडअलोन प्रॉफिट 631 करोड़ रुपये रहा जो पिछले साल समान तिमाही में 5,118 करोड़ रुपये था। अप्रैल से सितंबर के दौरान कंपनी की रिफाइनरीज ने 12.06 मिलियन टन का आउटपुट हासिल किया। दूसरी तिमाही में कंपनी ने 6.30 मिलियन टन कच्चे तेल को प्रोसेस किया। इस दौरान कंपनी ने अपने क्रूड बास्केट का विस्तार करते हुए पहली बार जुबली और पाज़फ़्लोर ग्रेड का क्रूड खरीदा। इस रिजल्ट से कंपनी के शेयरों में भारी गिरावट आई है। बीएसई पर कंपनी का शेयर दोपहर बाद 3.00 बजे 8.03% की गिरावट के साथ 372.15 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप भी घटकर 79,186.91 करोड़ रुपये रह गया। इस शेयर का 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 457.20 रुपये और न्यूनतम स्तर 159.58 रुपये है।

## एलन मस्क के नेटवर्थ में एक ही दिन में आया रिकॉर्ड उछाल, क्यों इतनी बढ़ गई संपत्ति




नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। दुनिया के सबसे अमीर अरबपति एलन मस्क के नेटवर्थ में एक ही दिन में 33.5 बिलियन डॉलर का उछाल देखने को मिला है जिसके बाद उनकी संपत्ति बढ़कर 270 बिलियन डॉलर हो गई है। एलन मस्क की इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी टेस्ला के शानदार नतीजों के बाद स्टॉक में आई जोरदार तेजी के चलते कंपनी के सीईओ एलन मस्क की संपत्ति में ये जोरदार उछाल देखने को मिला है। ब्लूमबर्ग बिलियनायर इंडेक्स के मुताबिक एक ही दिन में 53 वर्षीय एलन मस्क के नेटवर्थ में 33.5 बिलियन डॉलर बढ़ गई और ये अब 270 बिलियन डॉलर पर आ गया है। साल 2024 में एलन मस्क की संपत्ति में 41.1 बिलियन डॉलर का उछाल आया है। यानि साल 2024 में एलन मस्क की संपत्ति में जितना उछाल आया है उसमें 81.31 फीसदी की बढ़ोतरी अकेले गुरुवार 24 अक्टूबर, 2024 के सत्र में ही देखने को मिला है। जबकि एलन मस्क के कुल नेटवर्थ में 15 फीसदी का इजाफा एक ही दिन में हुआ है। टेस्ला में एलन मस्क की 13 फीसदी हिस्सेदारी है। मई 2013 के बाद ये पहला मौका है जब टेस्ला के स्टॉक में इतना बड़ा उछाल देखने को मिला है। साल 2010 में टेस्ला ने अपना आईपीओ लॉन्च किया था। साल 2023 के बाद पिछले तिमाही में टेस्ला के मुनाफे में सबसे ज्यादा इजाफा हुआ है। एलन मस्क ने अगले वर्ष 2025 में अपने व्हीकल सेल्स में 30 फीसदी के ग्रोथ का अनुमान जताया है। उन्होंने बताया कि सायबरट्रक ने इस तिमाही में पहली बार प्रॉफिट कंपनी के लिए जेनरेट किया है। इसी के चलते टेस्ला के स्टॉक में 22 फीसदी का उछाल आ गया जिससे एलन मस्क के नेटवर्थ में एक ही दिन में 33.5 बिलियन डॉलर बढ़ गई। टेस्ला के नतीजों पर एलन मस्क ने कहा, वे उम्मीद करते हैं कि टेस्ला 2026 में सायबरकैब और रोबोटैक्सी को रोलआउट कर देगी और कंपनी ने 2-4 मिलियन यूनिट्स मैन्युफैक्चरिंग का लक्ष्य तय किया है। ब्लूमबर्ग बिलियनायर इंडेक्स में एलन मस्क पहले स्थान पर है।
पर दूसरे स्थान पर मौजूद अमेजन के जेफ बेजोस 209 बिलियन डॉलर का नेतर्त के साथ दूसरे स्थान पर हैं और दोनों के बीच नेटवर्थ में 61 बिलियन डॉलर का अंतर है।

## वारी के इस स्टॉक से पहले मिल चुका है 66000% का रिटर्न
### क्या नया शेयर भी कराएगा बंपर कमाई?



नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत इस समय एनर्जी ट्रांजिशन फेस में है और इसलिए देश में रिन्यूएबल एनर्जी से लेकर बैटरी मेकिंग इत्यादि सभी कंपनियों का कारोबार बढ़ रहा है।ऐसे में एक एनर्जी कंपनी वारी एनर्जीज़ ने मार्केट अपना आईपीओ लाकर दस्तक दी है और अब इसका शेयर 28 अक्टूबर को लिस्ट होना है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वारी ग्रुप की ही एक अन्य सब्सिडियरी के स्टॉक ने अपने निवेशकों को 66,000 प्रतिशत तक का रिटर्न दिया है। वारी ग्रुप की स्मॉल कैप कंपनी वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीस को बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट कराया गया है। इस कंपनी के शेयर ने बीते 5 साल में निवेशकों के पैसे में 66,000 प्रतिशत का इजाफा किया है। हाल में मार्केट डाउन होने की स्थिति में भी इस शेयर का रिटर्न 59,000 प्रतिशत का है। जबकि एक साल की अवधि में कंपनी के स्टॉक का रिटर्न 500 प्रतिशत का रहा है।


**वारी एनर्जीस का जीएमपी**

वारी एनर्जीज़ की शेयर लिस्टिंग भले 28 अक्टूबर को होनी है, लेकिन शेयर लिस्टिंग से पहले ही कंपनी के शेयर को लेकर ग्रे मार्केट में बज बना हुआ है। वारी एनर्जीस के शेयर का जीएमपी (ग्रे मार्केट प्रीमियम) 25 अक्टूबर को 1,430 रुपए तक पहुंच गया है और इसका संभावित लिस्टिंग प्राइस 2,933 रुपए बना हुआ है। ये इसके आईपीओ प्राइस 1,503 रुपए से 95 प्रतिशत प्रीमियम पर है।लेकिन इससे पहले कंपनी के शेयर का जीएमपी 105.79 प्रतिशत तक चढ़ चुका है। इसका संभावित लिस्टिंग प्राइस 3,093 रुपए तक पहुंच चुका है।

**दिखेगा वारी एनर्जीस का जलवा**

वारी एनर्जीस के शेयर को लेकर तेजी का माहौल इसलिए भी बना हुआ है, क्योंकि कंपनी फ्यूचर की जरूरत पर दांव लगा रही है। ये कंपनी सोलर ईपीसी सेक्टर पर काम करेगी।
इसके पास अभी ही सोलर पावर जेनरेशन की 13 गीगावा की कैपेसिटी है। वहीं कंपनी के पास फ्यूचर के लिए ऑर्डर बुक भी भरपूर भरी हुई है। इसलिए कंपनी के फंडामेंटल्स को देखते हुए, निवेशक इसके शेयर्स पर दांव लगाने की प्लानिंग कर रहे हैं।

## माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला को 2024 में मिलेगा इतना वेतन कि सुनकर दंग रह जायेंगे!




नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। माइक्रोसॉफ्ट के भारतीय मूल के सीईओ सत्या नडेला के वेतन में जोरदार बढ़ोतरी हुई है। साल 2024 में सत्या नडेला को कुल वेतन-भत्ता मिलाकर 79.1 मिलियन डॉलर ( 670 करोड़ रुपये ) मिलेंगे जो साल 2023 के मुकाबले 63 फीसदी ज्यादा है। साल 2014 के बाद से पहला मौका है जब सत्या नडेला को 79.1 मिलियन डॉलर कम्पंसेशन दिया जाएगा। 2014 में उन्हें माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ बनने के बाद 84 मिलियन डॉलर वेतन के तौर पर दिया गया था। गुरुवार को रेगुलेटरी फाइलिंग के जरिए सत्या नडेला के वेतन में की गई बढ़ोतरी की जानकारी सामने आई है। नडेला के वेतन में बड़ा हिस्सा परफॉर्मेंस बेस्ड स्टॉक अवाड्र्स का है जिसका वैल्यू 2024 में 71.2 मिलियन डॉलर है। पिछले साल 2023 में उन्हें परफॉर्मेंस बेस्ड स्टॉक अवाड्र्स के तौर पर 39 मिलियन डॉलर दिया गया था और उनका कुल वेतन 48.5 मिलियन डॉलर रहा था। साल 2024 में माइक्रोसॉफ्ट के शेयर में 28 फीसदी का उछाल देखने को मिला है और गुरुवार 24 अक्टूबर, 2024 को कंपनी का मार्केट कैप बढ़कर 3.6 ट्रिलियन डॉलर पर जा पहुंचा है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में कंपनी के निवेश करने और टेक्नोलॉजी के चलते रेवेन्यू बढ़ने से कंपनी का वैल्यूएशन बढ़ा है। माइक्रोसॉफ्ट अपने ऑफिस प्रोडक्ट्स और एआई-पावर्ड कॉपीलॉट एसिसटेंट को एआई के साथ फोल्ड कर रही है जिसके लिए वो अपने कस्टमर्स से चार्ज करती है। सत्या नडेला को 2024 में मिलने वाले कुल वेतन में 2.5 मिलियन डॉलर सैलेरी का हिस्सा है जो कि पिछले साल भी यही था। उन्होंने कैश बोनस को घटाने की अपील की थी जिसे बोर्ड ने स्वीकार कर लिया। साल 2022 में नडेला को 10 मिलियन डॉलर बोनस के तौर पर मिला था जो 2023 में घटकर 6.4 मिलियन डॉलर और 2024 में घटकर 5.2 मिलियन डॉलर पर आ गया है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सूर्य- | तुला | मे |
| चंद्र- | कर्क | मे |
| मंगल | कर्क | मे |
| बुध- | तुला | मे |
| गुरु- | वृष | मे |
| शुक्र- | वृश्चिक | मे |
| शनि- | कुंभ | मे |
| राहु- | मीन | मे |
| केतु- | कन्या | मे |

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| तुला-- | 05-38 बजे |
| वृश्चिक- | 07-48 बजे |
| धनु---- | 10-01 बजे |
| मकर... | 12-07 बजे |
| कुंभ- | 13-58 बजे |
| मीन- | 15-36 बजे |
| मेष--- | 17-12 बजे |
| वृष--- | 18-57 बजे |
| मिथुन | 20-58 बजे |
| कर्क-- | 23-09 बजे |
| सिंह--- | 01-22 बजे |
| कन्या-- | 03-29 बजे |

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त
महावीर निर्वाण संवत -2550,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000 सूर्योदय - 06-16 सूर्यास्त. -17-43
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल -- पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- दशमी 05-24 पूर्ण है
मास - कार्तिक कृष्ण , शनिवार 26 October
नक्षत्र - आश्लेषा 09-45 तक उपरान्त मघा
योग - शुक्ल 05-56 अहोरात्र
करण- वणिज 16-19 तक उप विष्टी
विशेष:-
व्रत -त्योहार - आचार्य श्रीरामशर्मा जन्म

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 09:07 से 10:33 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 06:16 - 07:40 | अशुभ | लाभ | 17:46 - 19:20 | शुभ |
| शुभ | 07:40 - 09:07 | शुभ | उत्पात | 19:20 - 20:53 | अशुभ |
| रोग. | 09:07 - 10:33 | अशुभ | शुभ | 20:53 - 22:27 | शुभ |
| उत्पात | 10:33 - 11:59 | अशुभ | अमृत | 22:27 - 00:00 | शुभ |
| चंचल. | 11:59 - 13:26 | शुभ | चंचल | 00:00 - 01:34 | शुभ |
| लाभ | 13:26 - 14:53 | शुभ | रोग. | 01:34 - 03:07 | अशुभ |
| अमृत | 14:53 - 16:20 | शुभ | काल. | 03:07 - 04:40 | अशुभ |
| काल. | 16:20 - 17:43 | अशुभ | लाभ. | 04:40 - 06:14 | शुभ |

## एफआईआई के बिगाड़ दिया निवेशकों का फेस्टिव मूड
### सेंसेक्स निफ्टी जोरदार गिरावट के साथ हुआ बंद

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय शेयर बाजार के लिए आज सेशन ब्लैक फ्राइडे साबित हुआ है। कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, बैंकिंग और ऑटो सेक्टर में भारी बिकवाली के चलते हफ्ते के आखिरी कारोबारी सत्र में बाजार तेज गिरावट के साथ बंद हुआ है। सेंसेक्स 80000 के नीचे जा फिसला है तो मिडकैप स्टॉक्स और स्मॉल कैप स्टॉक्स भी औंधे मुंह जा गिरा है। निवेशकों को आज के सत्र में 6 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है। बाजार बंद होने पर सेंसेक्स 663 अंकों की गिरावट के 79,402 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 218 अंक गिरकर 24,180 अंकों पर क्लोज हुआ है। आज के कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों में 10 तेजी के साथ बंद हुए जबकि 20 में गिरावट देखने को मिली है। सबसे बड़ी गिरावट इंडसइंड बैंक के स्टॉक में देखने को मिली है जो अपने खराब नतीजों के चलते 18.79 फीसदी गिरकर बंद हुआ है। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.56 फीसदी, एल एंड टी 3.01 फीसदी, एनपीटीसी 2.73 फीसदी, अडानी पोर्ट्स 2.33 फीसदी, मारुति 2.14 फीसदी गिरकर बंद हुआ है। तेजी वाले शेयरों में आईटीसी 2.24 फीसदी, एक्सिस बैंक 1.85 फीसदी, एचयूएल 0.96 फीसदी, सन फार्मा 0.53 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 0.51 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ है। शेयर बाजार में भारी बिकवाली के चलते निवेशकों को आज भी भारी नुकसान हुआ है। बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 437.76 लाख करोड़ रुपये पर क्लोज हुआ है जो पिछले सेशन में 444 लाख करोड़ रुपये के करीब रहा था। यानि आज के सत्र में निवेशकों को 6 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

## तेल में बड़ा खेल करने की तैयारी में मुकेश अंबानी! आखिर क्या है रिलायंस इंडस्ट्रीज का प्लान



नई दिल्ली,25 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज तेल के बिजनस में बड़ा फेरबदल करने की तैयारी में है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक रिलायंस इंडस्ट्रीज अपने ट्रेडिंग ऑपरेशंस का पुनर्गठन कर रही है। इसमें दुबई से क्रूड ऑयल ट्रेडिंग टीम को वापस बुलाना शामिल है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह दावा किया गया है। रिलायंस जामनगर में दुनिया का सबसे बड़ा रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स चलाती है। उसकी योजना इस साल के अंत तक दुबई से अपनी क्रूड ट्रेडिंग टीम को वापस बुलाने की है। सूत्रों का कहना है कि रिलायंस ने कच्चे तेल की सप्लाई के लिए रूस के साथ लॉन्ग-टर्म एग्रीमेंट किया है। इससे स्पॉट कार्गो खरीदने की जरूरत कम हो गई है। एक सूत्र ने कहा कि रिलायंस की अब रूस के साथ क्रूड इम्पोर्ट डील हो गई है। साथ ही उसकी मिडिल ईस्ट के बड़े प्रॉड्यूसर देशों के साथ भी डील है। इसलिए दुबई में स्टाफ पर ज्यादा खर्च करने का कोई मतलब नहीं रह गया है। इस बारे में रिलायंस ने ईमेल का जवाब नहीं दिया। 2021 में रिलायंस ने ऑयल और रिफाइंड फ्यूल की ट्रेडिंग के लिए यूएई में एक ऑफिस खोलने की घोषणा की थी। इसके एक साल बाद मुकेश अंबानी की कंपनी ने अपनी क्रूड ट्रेडिंग टीम को दुबई भेजा था। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद दुबई रूसी तेल के व्यापार का हब बनकर उभरा था।

**जामनगर रिफाइनरी**

रिलायंस अपनी जरूरत का 40% कच्चा तेल रूस से आयात करती है। जामनगर में रिलायंस की रिफाइनरी में रोजाना 14 लाख बैरल तेल को प्रोसेस किया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक रिलायंस के दुबई ऑफिस में करीब 20 ट्रेडर्स हैं। सूत्रों ने कहा कि तीन-चार को छोड़कर बाकी सबको मुंबई बुला लिया जाएगा। बाकी लोगों को भी धीरे-धीरे मुंबई हेडक्वार्टर वापस लाया जाएगा। कंपनी ने पहले ही इस बारे में दुबई के ट्रेडर्स को बता दिया है। लेकिन कंपनी अपनी प्रॉडक्ट ट्रेडिंग टीम को लंबे समय तक दुबई में बनाए रखना चाहती है। रिलायंस का दुबई के अलावा ह्यूस्टन और लंदन में भी ट्रेडिंग ऑफिस है। कंपनी लंदन में अपनी टीम को बढ़ाना चाहती है। पिछली तिमाही में रिलायंस ने अपने पेट्रोकेमिकल ट्रेडि को दुबई से मलेशिया ट्रांसफर कर दिया था। मलेशिया में उसकी प्रॉडक्शन फैसिलिटीज हैं। रिलायंस की मलेशिया में दो कंपनियां हैं। इनमें इंटिग्रेटेड पॉलिस्टर और टेक्सटाइल कंपनी रेक्रॉन और आरपी केमिकल्स शामिल हैं।

## आपका राशिफल

**मेष** — चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
कुछ समय से अपने कार्यालय में आप काफी अच्छा काम कर रहे है और ये खूबी आज आपको अपने मालिक की नजरो में काफी ऊपर उठाएगी । पदोन्नति भी आपका इतंजार कर रही है परन्तु आपके सहकर्मियों की द्वेष एवं जलन आपका मन ख़राब कर सकती है । ये आपके लिए एक मुश्किल चुनौती की तरह है और आपको इस बात का ध्यान रखना है की ये चीज़ आपके मन और मस्तिस्क पर बुरा प्रभाव न डाले ।

**वृष** — ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज किसी भी परीक्षा में उतरने के लिए अच्छा दिन नहीं है, हालांकि अगर आप परीक्षा में बेठ रहे है तो किसी नकारात्मक विचारों को अपने पास न आने दे । आप आगे बढे और आपकी शक्ति और सकारात्मकता आपकी कुण्डली से किसी भी नकारात्मक प्रभाव से लड़ सकती है। आज पैसे उधार न दे क्योकि आपको धोखा मिल सकता है । बड़ी राशि उधार देने से बचे ।

**मिथुन** — का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज कार्य क्षेत्र में आप किसी गलतफहमी का शिकार हो सकते है , लेकिन अपने सहकर्मियों की आलोचना न करे ।आप ग्रहों के प्रभाव की वजह से तनाव और गुस्से में आ सकते है और आप इसकी भड़ास अपने सहयोगियों पर निकाल सकते है । इसकी वजह से आपके कार्यस्थल में अनावश्यक और अतिरिक्त तनाव पैदा होगा और यहां तक कि वह आपके स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकता है।

**कर्क** — ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आज के दिन विधार्थियो , युवा बेरोजगारो और स्वनियोजित व्यवसायियों के लिए काफी करियर अवसर आयेंगे । आप एक ऐसी परियोजना के भागीदार बन सकते है जिससे आपके करियर की दिशा परिवर्तित हो सकती है और काफी समय से आपको इसकी तलाश भी थी । आपको इस अवसर का उपयोग काफी समझ के साथ करना है क्यों की ये अवसर जीवनभर में यदा कदा ही मिलता है।

**सिंह** — मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आज आप अपने सहयोगियों और ग्राहकों के साथ बेहतर संबंध बनायेंगे । आज कुछ ऐसा नया करने के लिए ये दिन अच्छा है , जिसमे आपके प्रभावशाली कौशल की आवश्यकता हो , हालांकि जो लोग बीमार हैं , वो लोग घर से काम शुरू कर सकते है। इससे अप्रत्याशित रूप से आपके काम की गुणवत्ता में सुधार होगा और उस समय की बचत भी होगी जो यात्रा में बर्बाद हो रहा था ।

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आप एक किसी ऐसे व्यक्ति से मिलेंगे जो आपको एक आकर्षक कैरियर के अवसर प्रदान करेगा । हालांकि,इसे स्वीकार करने से पहले परिणाम के बारे में लम्बा और कठिन सोचने की जरूरत है क्योकि सब चमकती हुई चीज़ सोना नहीं होती । ये आप के आस पास के लोगों को प्रभावित करेगा लेकिन ये दिन इस तरह के एक महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए उतना अच्छा नहीं है ।

**तुला** — रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आज आप वह प्यार और ख़ुशी को पाएंगे जो आप अपने कार्य क्षेत्र में महसूस करते थे । बाहरी दबावों और काम के बोझ की वजह से वह ख़ुशी कही दब सी गई थी पर एक खुशनुमा पल आपको ये एहसास कराएगा की क्यों अपने ये कार्य क्षेत्र चुना था और ये क्यों आप पर इतना जचता है । आज का दिन अपने कार्य क्षेत्र में अपना रवैया बदलने के लिए अति उत्तम है ।

**वृश्चिक** — तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आपके वित्तीय संसाधनो का विस्तार होगा जिसका लाभ लेने के लिए आप पूरी तरह तैयार है । आप आज अपने घर , व्यवसाय या वाहन के लिए भी ऋण के लिए आवदेन कर सकते है जो की आराम से मंजूर हो जायेगा । जिन विद्यार्थियों ने शिक्षा ऋण के लिए आवदेन किआ हुआ है उन्हें भी शुभ सन्देश की प्राप्ति होगी । आज का दिन शेयर बाजार में निवेश के लिए उत्तम है ।

**धनु** — ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
ग्रहों की ऊर्जा के प्रभाव के तहत आज आप अपने भीतर की आवाज सुनने के लिए सक्षम हो पायेंगे । इन आवाजों के गहरे अर्थ को आप समझने की कोशिश करे । अगर आप उन्हें समझ लेते हैं, तो आप आसानी से काम कर पायेंगे । इसके अलावा, स्पष्ट रूप से अपने आप को व्यक्त करने में संकोच न करे ।

**मकर** — भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
यह गतिविधियों और उपलब्धियों को याद करने या समर्थन करने का अछा समय है और ये आपकी उपलब्धियों को मजबूती देगा की आप रास्ते पर प्रथम है । ये समय नयी शुरुआत करने के लिए अच्छा है चाहे वह नई परियोजना या एक नई नौकरी को लेकर हो । इस ऊर्जा को जब तक बनाए रखने की कोशिश करें , जब तक आप अपनी मंज़िल पर नहीं पहुंच जाते ।

**कुंभ** — गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज बड़ी और छोटी सफलताएं आपके कार्य क्षेत्र में दस्तख़त दे रही है । आपके द्वारा एक समय में प्रदान की गई सेवाओं के लिए आपको कुछ भुगतान प्राप्त हो सकता हैं या आपको एक अप्रत्याशित बोनस मिल सकता है। एक लंबे समय से जो पदोन्नति अटकी हुई थी वह आपको मिल सकती है या आपका पद उँचा हो सकता है ।

**मीन** — दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज आपके समान हित के लोगों या एक समान व्यवसाय करने वालो के साथ वार्तालाप होगी । आपको इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए एवं दूसरों को बढ़ावा एवं प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि बदले में वे भी आपको समर्थन दे । आपको उन लोगों से ज्यादा उम्मीद नहीं करनी चाहिए क्यों की चीजे धीरे धीरे खुलती है और लोगो को नयी वस्तु या व्यक्ति पर भरोसा करने में समय लगता है ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

## इंडिगो को दूसरी तिमाही में 987 करोड़ का नुकसान : पिछले साल जुलाई-सितंबर में 189 करोड़ मुनाफा था
### रेवेन्यू 13.55% बढ़ा; एक साल में 80% चढ़ा शेयर

मुंबई,25 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत में लो-कॉस्ट एयरलाइन इंडिगो का संचालन करने वाली कंपनी इंटरग्लोब एविएशन को वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में 986.77 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। एक साल पहले की समान तिमाही (क्यू 2 एफवाई24) में कंपनी को 188.9 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा (कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट) हुआ था। जुलाई-सितंबर में इंडिगो के ऑपरेशन से कंसॉलिडेटेड रेवेन्यू सालाना आधार पर 13.55% बढ़कर 16,969.6 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले की समान तिमाही यानी एफवाई24 की दूसरी तिमाही में कंपनी रेवेन्यू 14,943.9 करोड़ रुपए रहा था। पिछली तिमाही यानी अप्रैल-जून में कंपनी ने ऑपरेशन से 19,571 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था। मौजूदा तिमाही (क्यू 2) में इसमें 13.29% की गिरावट हुई है। वहीं, पिछली तिमाही में कंपनी को 2,729 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट हुआ था।जुलाई-सितंबर के नतीजों के पहले इंटरग्लोब एविएशन का शेयर आज यानी शुक्रवार (25 अक्टूबर) 3.23% गिरावट के साथ 4,373.70 रुपए के स्तर पर बंद हुआ। कंपनी का शेयर 5 दिन में 6.08% और एक महीने में 8.54% गिरा है। वहीं, इंडिगो का शेयर 6 महीने में 14.72%, एक साल में 80.07% और इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 46.84% का पॉजिटिव रिटर्न दिया है।

## सोना और चांदी के दाम में आज गिरावट : सोना 182 गिरकर 78,064 पर आया
### चांदी 1,418 सस्ती होकर 96,075 प्रति किलो बिक रही



मुंबई,25 अक्टूबर (एजेंसियां)। सोना और चांदी के दाम में आज यानी 25 अक्टूबर को गिरावट देखने को मिल रही है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 182 रुपए गिरकर 78,064 रुपए पर आ गया है। इससे एक दिन पहले सोना 78,246 रुपए प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं, चांदी की कीमत में भी 1,418 रुपए की गिरावट है और यह 96,075 रुपए प्रति किलो के भाव पर आ गई है। इससे एक दिन पहले चांदी 97,493 रुपए पर बंद हुई थी। 23 अक्टूबर को बाजार ओपन होने पर सोने ने 78,703 रुपए और चांदी ने 99,151 रुपए का ऑल टाइम बनाया था।

**महानगरों सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79,730 रुपए है।
**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 72,950 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79,580 रुपए है।
**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 72,950 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 79,580 रुपए है।
**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 72,950 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79,580 रुपए है।
**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,000 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79,630 रुपए है।
**हैदराबाद :** सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 79,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 72,950 रुपये है।

**साल के आखिर तक 79 हजार तक जा सकता है सोना**

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी हेड अनुज गुप्ता के अनुसार, जियोपॉलिटिकल टेंशन और फस्टिव सीजन शुरू होने से सोने को सपोर्ट मिल रहा है। इससे आने वाले दिनों में सोने-चांदी में बढ़त देखने को मिल सकती है। इस साल सोना 79 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं, चांदी भी 1 लाख रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है।

# भारत ने चीन को गर्दन से दबोचा और ड्रैगन की कराह निकल गई

› सीमा विवाद पर भारत ने चीन से वो करवाया जो पहले कभी नहीं हुआ था
› चीन देप्सांग और देमचोक में भारत की पहुंच बहाल करने को मजबूर हुआ
› भारत के धैर्य और रणनीति ने चीन की सारी चालाकियों पर पानी फेर दिया

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एक्सक्लूसिव डेस्क)। भारत ने पूर्वी लद्दाख में चीन को कड़ी टक्कर दी है। इस कूटनीतिक रस्साकशी में चीन को भारत के साथ समझौता करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इससे साबित होता है कि दृढ़ रहने, मोलभाव की ताकत बनाने और सख्त बातचीत करने से चीन जैसे आक्रामक पड़ोसी को पीछे हटने पर मजबूर किया जा सकता है।

यह समझौता दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे सीमा विवाद, विशेष रूप से देप्सांग और देमचोक क्षेत्रों में गश्त के अधिकारों पर केंद्रित है। चीन ने 2020 से देप्सांग के मैदानों में लगभग 650 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र और देमचोक में दो गश्ती बिंदुओं (पेट्रोलिंग पॉइंट्स) पर भारत की पहुंच को अवरुद्ध कर दिया था, जिसे भारत ऐतिहासिक रूप से अपना क्षेत्र मानता है।

चीन का तर्क था कि ये मसले 2020 के गतिरोध से पहले के हैं, इसलिए इन्हें 'विरासत के मुद्दे' मानकर अलग से सुलझाया जाना चाहिए। हालांकि, भारत ने इस तर्क को खारिज करते हुए जोर देकर कहा कि ये सभी मुद्दे मौजूदा गतिरोध का हिस्सा हैं और इन्हें हल किए बिना असहमति की स्थिति खत्म नहीं हो सकती।

चीन ने देप्सांग में 'बॉटलनेक' नामक एक संकरे रास्ते पर अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा दी थी, जिससे भारतीय सैनिकों के लिए गश्त करना मुश्किल हो गया था। भारत देप्सांग में अपने ऐतिहासिक दावे के लगभग 70% क्षेत्र (लगभग 650 वर्ग किलोमीटर) में गश्त करने के अधिकार पर अड़ा रहा। देमचोक में विवाद का क्षेत्र छोटा था, लेकिन यहां मुद्दा सिद्धांत का था। भारत ने स्पष्ट किया कि चीन ने जिन दो पेट्रोलिंग पॉइंट्स तक पहुंच रोकी है, वहां 2020 से पहले की स्थिति में आकर भारत की पहुंच बहाल किए बिना समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। इसके अलावा, सिंधु नदी और चार्डिंग नाले के पार स्थानीय लोगों की पारंपरिक चरागाह भूमि तक पहुंच का मुद्दा भी महत्वपूर्ण था क्योंकि चीन इन जलस्रोतों के किनारे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को अपने पक्ष में चित्रित करने की कोशिश कर रहा है।

चीन ने 2022 में समझौते से इनकार कर दिया था। तब से दोनों देशों के बीच गतिरोध की स्थिति बनी हुई थी। चीन ने पैंगोंग त्सो झील की तर्ज पर देप्सांग और देमचोक में भी एक 'गैर-गश्ती क्षेत्र' (नॉन पेट्रोलिंग जोन) बनाने का सुझाव दिया था। हालांकि, भारत ने यह कहते हुए इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया कि इन दोनों स्थानों में विवादित क्षेत्र का आकार बहुत बड़ा है और इसे अन्य छोटे विवादित स्थानों से तुलना नहीं की जा सकती जहां सैनिकों के बीच केवल कुछ किलोमीटर की दूरी होती है। ऐसा जान पड़ता है कि 2023 तक चीन का रुख नरम पड़ने लगा था और जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले समझौता होने की संभावना थी। हालांकि, चीन संभवतः पीएलए के दबाव के कारण अंतिम समय पर पीछे हट गया। भारत अपने रुख पर कायम रहा और एक साल तक इंतजार करता रहा। इस दौरान, भारत ने पूर्वी क्षेत्र में यांग्त्से और असाफिला जैसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थानों पर अपनी सैन्य तैनाती को मजबूत कर लिया, जिससे चीन पर दबाव बढ़ गया। अंततः चीन को झुकना पड़ा और एक समझौते के लिए राजी होना पड़ा। हालांकि, भारतीय सेना अभी भी सावधान है क्योंकि इस तरह के समझौतों का पालन जमीनी स्तर पर भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। यही कारण है कि भारत इस बात पर जोर दे रहा है कि समझौते को जमीन पर कितना लागू किया गया है, इसकी पड़ताल होती रहे। अन्य विवादित स्थानों की बात करें तो वहां गैर-गश्ती सिद्धांत (नो पेट्रोलिंग प्रिंसिपल) अभी तक लागू है। यह मोटे तौर पर 1986-87 में वांगडुंग (जिसे सुमदोरोंग चू भी कहा जाता है) घटना को सुलझाने का ही मॉडल था। बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने ऊंचाइयों से अपनी सेनाएं वापस ले लीं थीं। उसके बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 1988 में चीन यात्रा हुई। यह पृष्ठभूमि इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उस यात्रा से बातचीत शुरू हुई जिसके कारण 1993 में सीमा शांति और सद्भाव समझौते पर हस्ताक्षर हुए। इसके बाद 1996 में सैन्य विश्वास निर्माण समझौता हुआ ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एक अपरिभाषित और अचिह्नित सीमा को लेकर मतभेद हिंसक टकराव का रूप न लें। हालांकि, चीन ने 2020 में भारत की उत्तरी सीमाओं पर बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात कर इन समझौतों और कई संबंधित प्रतिबद्धताओं का स्पष्ट रूप से उल्लंघन किया था। चीन ने इन समझौतों में निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया, जिसके तहत एलएसी पर किसी भी अतिरिक्त सैन्य गतिविधि की सूचना दूसरे पक्ष को पहले से दी जानी चाहिए। यह स्पष्ट रूप से शत्रुतापूर्ण इरादे को दर्शाता है, जैसा कि गलवान घाटी में हुई हिंसक टकराव में भी देखा गया था जिसमें 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे।




इसलिए, सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों - एनएसए अजीत डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी - का पहला काम ऐसे परिचालन सिद्धांतों पर एक समझौता करना होगा जिसका पालन दोनों पक्षों के सैनिकों की तरफ से शांति और सद्भाव सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा जब तक कि एक अंतिम समाधान नहीं मिल जाता। बुधवार को कजान में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी के बीच हुई बैठक के बाद फिर से शुरू होने वाले इस तंत्र को यह भी तय करना होगा कि क्या पिछले समझौते अब पुराने हो चुके हैं और क्या नई व्यवस्था पर बातचीत करने की जरूरत है। यदि यह प्रक्रिया सफल होती है तो इससे एक ऐसी योजना आकार ले सकती है जिसके माध्यम से भारत और चीन लद्दाख में एलएसी पर अपने-अपने सैनिकों की संख्या को कम कर सकते हैं। तीन चरण की प्रक्रिया सैनिकों की वापसी, स्थिति को सामान्य बनाना और द्विपक्षीय संबंधों को पुनर्जीवित करना में भारत के लिए यह अगला चरण है। लेकिन चीन ने आधिकारिक रूप से इस क्रम पर सहमति नहीं जताई है और वह सैनिकों की वापसी और पेट्रोलिंग अग्रीमेंट के बाद संबंधों में एक हद तक सामान्यीकरण को दर्शाना चाहता है। यह भारत सरकार के लिए आने वाले दिनों में एक बड़ा फैसला होगा क्योंकि इसका मतलब होगा चीन पर लगाए गए आर्थिक और अन्य प्रतिबंधों में ढील देना। एक बार जब सेना इस बात की पुष्टि कर लेती है कि देप्सांग और देमचोक में सभी पेट्रोलिंग पॉइंट्स तक पहुंच बहाल कर दी गई है तो भारत सामान्यीकरण के कुछ पहलुओं पर विचार कर सकता है जैसे कि क्रमिक विश्वास निर्माण उपाय। लेकिन प्रेस नोट 3 (जो भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से निवेश को प्रतिबंधित करता है) को वापस लेने जैसे किसी भी बड़े फैसले के लिए सीमा के मोर्चे पर और अधिक विश्वास की आवश्यकता होगी। इस संदर्भ में एलएसी पर अनुमानित सैन्य व्यवहार पर नए सिरे से अनुमोदित व्यवस्था के साथ एक मजबूत डी-एस्केलेशन मॉडल को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

तत्काल डिसइंगेजमेंट और पेट्रोलिंग अरेंजमेंट को अंतिम रूप देने के लिए चार साल का प्रयास भारत के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता है क्योंकि इसने चीन को लचीला होने और समझौता करने के लिए मजबूर किया है। यह एक ऐसा पहलू है जो चीन की दुनियाभर में किसी भी डील में नहीं देखा जा सकता है।

## छत्तीसगढ़ की 70 लाख महिलाओं को 1-1 हजार रुपये की सौगात देंगी राष्ट्रपति

### दिवाली से पहले सीधे खाते में आएंगे पैसे



रायपुर, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रही हैं। इस दौरान वह प्रदेश की महिलाओं को दीपावली से पहले बड़ी सौगात देंगी। 25 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ की 70 लाख महिलाओं को दिवाली से पहले महतारी वंदन योजना की 9वीं किश्त की राशि जारी की जाएगी। इस बार महिलाओं के खाते में राष्ट्रपति रिमोट का बटन दबाकर करेंगी। महिलाओं के खाते में शुक्रवार को 651.37 करोड़ रुपये जारी किए जाएंगे। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 9वीं किश्त की राशि के वितरण समारोह नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में होगा। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन एवं सशक्तिरण को बढ़ावा देने, उनके सामाजिक और पारिवारिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने, लिंग विभेद एवं असामानता को दूर करने के उद्देश्य से महतारी वंदन नामक योजना संचालित की जा रही है। इस योजना का शुभारंभ 10 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। यह योजना राज्य में एक मार्च 2024 से लागू की गई है। महतारी वंदन योजना के तहत 21 वर्ष से अधिक आयु की राज्य की लगभग 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए की वित्तीय सहायता राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही है। राज्य में अब तक हितग्राही महिलाओं को 8 मासिक किश्तों में 5227 करोड़ रूपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया गया है। हितग्राही महिलाओं के खाते में 9वीं किश्त की राशि का अंतरण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 25 अक्टूबर को करेंगी। इस अवसर पर महतारी वंदन योजना की दो हितग्राही महिलाएं राष्ट्रपति के समक्ष अपने अनुभव भी साझा करेंगी। राष्ट्रपति इस मौके पर पुरखौती मुक्तांगन में निर्मित सरगुजा प्रखण्ड का लोकार्पण करेंगी। राष्ट्रपति स्थानीय जनजाति समुदाय के लोगों से भी मुलाकात एवं चर्चा करेंगी।

राष्ट्रपति दो दिवसीय दौरे पर आ रही हैं। वह रायपुर और दुर्ग में अलग-अलग उच्च शिक्षण संस्थानों के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर रायपुर और दुर्ग जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

## कंगालतोंग इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

### कई नक्सलियों के घायल होने की खबर

सुकमा, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुकमा के कंगालतोंग इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। सुबह से रुक-रुककर गोलीबारी हो रही हैं। डीआरजी जवान नक्सलियों का डटकर सामना कर रहे हैं।

मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने की खबर है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने मुठभेड़ की पुष्टि की।

# मधु कोड़ा की याचिका एससी से खारिज

### नहीं लड़ सकेंगे विधानसभा चुनाव, कोयला घोटाले में हुई थी तीन साल की सजा




रांची, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोड़ा विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। अब उनके इस सपने पर ग्रहण लग गया है। कोयला घोटाला मामले में तीन साल की सजा पाए मधु कोड़ा ने दोषसिद्धी पर रोक के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। आज सुप्रीम कोर्ट ने उनकी इस याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आर महादेवन की पीठ में उन्होंने दोषसिद्धी पर रोक के लिए याचिका लगाई थी। अदालत ने गुरुवार को कहा था कि याचिका की फाइल देर से मिलने की वजह से उस पर गौर नहीं किया जा सका। ऐसे में सुनवाई शुक्रवार को होगी। आज अदालत ने अपना फैसला सुना दिया है। पूर्व सीएम मधु कोड़ा को झारखंड के राजहरा उत्तर कोयला ब्लॉक को गलत तरीके से आवंटित किए जाने के मामले में तीन साल की सजा निचली अदालत ने सुनाई थी। निचली अदालत ने 13 दिसंबर 2017 को मधु कोड़ा, पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता, झारखंड के पूर्व मुख्य सचिव एके बसु और विजय जोशी को भ्रष्ट आचरण में लिप्त होने और पावर का दुरुपयोग करते हुए कोलकाता स्थित कंपनी विनी आयरन एंड स्टील उद्योग लिमिटेड को कोल ब्लॉक आवंटित करने के मामले में दोषी पाया था। यूपीए सरकार के कार्यकाल के दौरान हुए कोयला घोटाले में वीआईएसयूएल, मधु कोड़ा और एचसी गुप्ता पर 50 लाख और 25 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया था। इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट में भी पूर्व सीएम ने दोषसिद्धि पर रोक की अपील की थी। जिसे अदालत ने 18 अक्टूबर को खारिज कर दिया था। तब सीबीआई ने मधु कोड़ा की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि यह विचार योग्य नहीं है।

इसके बाद सुप्रीम कोर्ट का रूख किया था। सीबीआई ने सुनवाई के दौरान में अदालत को बताया कि मधु कोड़ा की ओर से दायर इसी तरह की अर्जी को हाईकोर्ट खारिज कर चुकी है। हाईकोर्ट ने कोड़ा की दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि जब तक उन्हें बरी नहीं कर दिया जाता, तब तक उन्हें किसी भी सार्वजनिक पद के लिए चुनाव लड़ने की अनुमति देना उचित नहीं होगा। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत, किसी अपराध के लिए दोषी ठहराए जाने और कम से कम दो साल की जेल की सजा पाने वाले व्यक्ति को तुरंत सांसद, विधायक या राज्य विधान परिषद (एमएलसी) के सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया जाता है। जेल से रिहा होने के बाद भी व्यक्ति छह साल तक अयोग्य बना रहता है।

## पुलिस मुखबिरी के शक में 2 ग्रामीणों की हत्या

### एक को धारदार हथियार से मारा, दूसरे को फंदे से लटकाया सुकमा एसपी बोले-जांच कर रहे

सुकमा, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों ने 2 ग्रामीणों की हत्या कर दी है। एक की धारदार हथियार से गला रेतकर शव को गांव के पास फेंक दिया। जबकि दूसरे ग्रामीण को फांसी के फंदे से लटका दिया। दोनों पर पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाकर मौत की सजा दी है। मामला कोंटा और किस्टाराम थाना क्षेत्र का है।

कोंटा के मेहता पंचायत के आश्रित गांव गंगराजपाड़ में दो दिन पहले युवक बुधरा को नक्सलियों ने घर से उठा लिया था। उसे गांव के पास ही जंगल में ले जाकर धारदार हथियार से मार डाला। उसका शव गांव के ही जंगल में फेंक दिया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी गुरुवार की देर शाम पुलिस को दी।

सुकमा जिले के एसपी किरण चव्हाण का कहना है कि, हमें सूचना मिली है कि, नक्सलियों ने एक ग्रामीण की हत्या की है। दूसरे ग्रामीण का शव फंदे से लटकता मिला है आशंका है कि उसने सुसाइड किया है। फिलहाल नक्सली वारदात है या नहीं, इसकी हम जांच कर रहे हैं।

# परदादा की बात को गांठ बांधे बैठा है लॉरेंस बिश्नोई!

### सलमान खान से दुश्मनी और 80 साल पुराने मंदिर में वो समाधि

› बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद से खबरों में लॉरेंस बिश्नोई
› कई बार रच चुका है सलमान खान के खिलाफ साजिश
› अप्रैल के महीने में भी कराई सलमान के घर पर फायरिंग

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एक्सक्लूसिव डेस्क)। लॉरेंस बिश्नोई, सलमान खान और 26 साल पुराना काले हिरण का केस। वो केस, जिसके साथ एक दुश्मनी शुरू हुई। ऐसी दुश्मनी, जिसमें कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने सरेआम ऐलान किया कि वो बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को छोड़ेगा नहीं। दरअसल, सलमान खान के ऊपर 1998 में काले हिरण के शिकार का आरोप लगा। बिश्नोई समाज काले हिरण को बहुत मानता है और इसीलिए लॉरेंस ने सलमान खान से बदला लेने की ठान ली। लेकिन, कहानी महज इतनी नहीं है। इस दुश्मनी के पीछे 80 साल पुराने एक मंदिर का भी कनेक्शन है।

पंजाब में राजस्थान के बॉर्डर से सटे जिले फाजिल्का का एक छोटा सा गांव है दुतारावाली। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई इसी गांव का रहने वाला है। दुतारावाली गांव में एक मंदिर है, जिसकी दीवारें गुलाबी रंग से रंगी हुई हैं। इस मंदिर को 80 साल पुराना बताया जाता है और गांव के नौजवानों में मंदिर को लेकर बहुत गहरी आस्था है।




**तो ये है दुश्मनी में मंदिर का कनेक्शन**

दुतारावाली गांव के लोगों ने बताया कि लॉरेंस बिश्नोई भी इस मंदिर को बहुत मानता है। बचपन से ही उसके ऊपर मंदिर का गहरा असर है। दरअसल, इस मंदिर में लॉरेंस के परदादा साहब रामजी की तस्वीर लगी है। गांव वालों के मुताबिक, साहब रामजी वो शख्स हैं, जिन्होंने लगभग 100 साल पहले जीवों की रक्षा के लिए एक बड़ा आंदोलन चलाया था।

गांव के लोग बताते हैं कि लॉरेंस के परदादा ने बिश्नोई समाज के संस्थापक गुरु जंभेश्वर की शिक्षाओं को लिखा था। एक तरह से उन्होंने गुरु जंभेश्वर की वाणी को अपने शब्द दिए। साहब रामजी ने अपने गांव और बिश्नोई समाज के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया, इसीलिए उनके नाम पर गांव में एक मंदिर बनाया गया। इस मंदिर में उनकी समाधि भी बनी है।

**समाधि वाले मंदिर में माफी**

बिश्नोई समाज गुरु जंभेश्वर की शिक्षाओं का पालन करते हुए, जीव रक्षा को अपना परम कर्तव्य मानता है। लॉरेंस के एक दोस्त के मुताबिक, गैंगस्टर का भी इस मंदिर और अपने परदादा की शिक्षा से खास लगाव है। 1998 में जिस वक्त सलमान खान पर काले हिरण के शिकार का आरोप लगा, उस समय लॉरेंस बिश्नोई महज 5 साल का था। लेकिन, कुछ साल बाद उसने सलमान खान से बदला लेने का मन बना लिया।

हाल ही में सोशल मीडिया पर लॉरेंस बिश्नोई का एक पुराना बयान वायरल हुआ। इसमें लॉरेंस ने कहा था कि अगर सलमान खान उसके गांव जाकर मंदिर में माफी मांग लें, तो वह उन्हें माफ कर देगा। इसके बाद लॉरेंस के बचपन की एक तस्वीर भी वायरल हुई, जिसमें वह एक मंदिर के बाहर खड़ा है। दावा किया जा रहा है कि यह वही मंदिर है, जिसमें उसके परदादा की समाधि है और यहीं पर वो सलमान खान से माफी मंगवाना चाहता है।

**हाई सिक्योरिटी वार्ड में बंद है लॉरेंस**

लॉरेंस बिश्नोई इस समय गुजरात की साबरमती जेल के हाई सिक्योरिटी वार्ड में बंद है, जहां उसके ऊपर कड़ी पाबंदियां लगी हैं। गुजरात में 16 जेलें हैं, लेकिन हाई-प्रोफाइल अपराधियों को साबरमती जेल में ही रखा जाता है। माफिया अतीक अहमद भी इसी जेल में बंद था। बाबा सिद्दीकी की हत्या में लॉरेंस का नाम आने के बाद यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि मुंबई पुलिस उससे पूछताछ करेगी। हालांकि, बिश्नोई पर लगे प्रतिबंधों के कारण यह संभव नहीं हो पाया।

# चंपाई सोरेन ने भरा पर्चा

### उनका मुकाबला बीजेपी से जेएमएम में गए गणेश महली से है, रांची में सुदेश महतो ने किया नामांकन

रांची/सरायकेला, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए आज अंतिम दिन है। आखिरी दिन सराकेला विधानसभा के लिए पूर्व सीएम और भाजपा उम्मीदवार चंपाई सोरेन ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि छोटे से गांव से राजनीति में आए और प्रदेश के सीएम बने। आनेवाले दिनों में झारखंड में बीजेपी की सरकार बनेगी। सरायकेला में चंपाई सोरेन के सामने बीजेपी छोड़ जेएमएम में शामिल हुए गणेश महली हैं। नामांकन के लिए जाने से पहले उन्होंने अपने आवास पर अपने माता-पिता की तस्वीर को प्रणाम किया। अपने जिलिंगगोड़ा गांव के जाहेरथान एवं ग्राम देवता की पूजा की। आज ही खरसावां विधानसभा के लिए भाजपा उम्मीदवार सोनाराम बोदरा भी नामांकन करेंगे। नामांकन के बाद दोनों की जिला मुख्यालय स्थित गेस्ट हाउस में भाजपा की जनसभा होगी। भाजपा की जनसभा में असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्वा सरमा मुख्य रूप से शामिल होंगे। पार्टी का दावा है कि जनसभा में दोनों विधानसभा क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। कोल्हान प्रमंडल में सरायकेला विधानसभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी गणेश माहली भी नामांकन करेंगे। इसके बाद झामुमो की जनसभा कीता में होगी। इसके अलावे अन्य विधानसभा में से भी उम्मीदवारों का नामांकन होगा। सरायकेला विधानसभा सीट पर फिर से चंपाई सोरेन और गणेश महली आमने-सामने हैं। प्रत्याशी तो वही हैं, लेकिन दोनों की पार्टियां बदल गई हैं। 2019 विधानसभा चुनाव में चंपाई सोरेन ने झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़ा था, जबकि गणेश महली ने बीजेपी के टिकट पर। इस बार मामला उल्टा है।

## सुबह से आयकर विभाग की रेड

### फैक्ट्री मालिक और बुक शॉप संचालक के घर छापा दस्तावेजों को खंगाल रही टीम

गिरिडीह, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। गिरिडीह में एक साथ 3 स्थानों पर इनकम टैक्स की रेड पड़ी है। टीम में शामिल अधिकारी शहर के टावर चौक स्थित शारदा भवन बुक दुकान के संचालक मनीष बरनवाल के बरगंडा स्थित आवास, शैलपुत्री स्टील फैक्ट्री के मालिक राकेश बरनवाल के आवास और शैलपुत्री आयरन एंड स्टील लिमिटेड फैक्ट्री में छापेमारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक आयकर विभाग की 12 से अधिकारियों की टीम तीनों जगहों पर एक साथ पहुंची। बताया जा रहा है कि यह छापेमारी रांची से कई टीम कर रही है। छापेमारी के दौरान दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है। हालांकि छापेमारी के पीछे की वजह क्या है यह स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। सूचना के मुताबिक आयकर के अधिकारी बीते तीन घंटे से ठिकानों पर जांच पड़ताल कर रहे हैं।

## सीआरपीएफ जवान ने किया सुसाइड

### हरियाणा के जवान ने सर्विस-राइफल से खुद को मारी गोली, पीएम के बाद गृहग्राम भेजा जाएगा पार्थिव शरीर

बीजापुर, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सीआरपीएफ के एक हेड कॉन्स्टेबल ने सुसाइड कर लिया है। जवान पवन कुमार हरियाणा का रहने वाला था। शुक्रवार को ऑन ड्यूटी उसने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। मामला भैरमगढ़ थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, बीजापुर के पातरपारा में सीआरपीएफ 199 बीएन कैंप स्थित है। यहां पदस्थ जवान पवन कुमार शुक्रवार को मोर्चा नंबर-2 में ड्यूटी पर तैनात था। इसी बीच अचानक उसने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार दी। गोली की आवाज सुनते ही कैंप के बाकी जवान मौके पर पहुंचे। उन्होंने पवन को तत्काल भैरमगढ़ अस्पताल लाया। जहां डॉक्टरों ने जवान को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि, जवान के शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। जिसके बाद शव को उनके घर हरियाणा भेजा जाएगा। जवान के सुसाइड का कारण का पता नहीं चल सका है। छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों के जवानों के सुसाइड करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले 20 दिनों के दौरान 4 जवान अपनी जान दे चुके हैं। वहीं एक पुलिस कॉन्स्टेबल की हालत गंभीर हैं। इनमें एसएसबी का कॉन्स्टेबल और सीआरपीएफ का हेड कॉन्स्टेबल भी शामिल हैं। बस्तर के बीहड़ों में तैनात जवान सुसाइड कर रहे हैं। इनके सुसाइड की सबसे बड़ी वजह इन्हें समय पर छुट्टियां न मिलना है।

हालांकि, कुछ जवान ऐसे भी हैं जो छुट्टी से लौटने के बाद ड्यूटी के दौरान सुसाइड किए हैं। इसकी वजह पारिवारिक कलह सामने आई है। इसके अलावा फोर्स में बड़े अफसरों के साथ जवानों का कम्युनिकेशन गैप भी होता है, जिससे जवान अफसरों के सामने अपनी समस्या नहीं रख पाते हैं।

# जेएमएम ने पांचवी लिस्ट की जारी

### जामा से लुईस मरांडी को बनाया प्रत्याशी भाजपा छोड़ झारखंड मुक्ति मोर्चा की है ज्वाइन

रांची, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने उम्मीदवारों की पांचवी लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में केवल एक उम्मीदवार का नाम है। पार्टी ने भाजपा छोड़ जेएमएम का हाथ थामने वाली लुईस मरांडी को अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने उन्हें जामा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। लुईस मरांडी ने तीन दिन पहले ही जेएमएम की सदस्यता ग्रहण की है। बता दें कि जेएमएम का दामन थामने वाली लुईस मरांडी भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष रह चुकी हैं। दरअसल लुईस मरांडी को भाजपा बरहेट से उम्मीदवार बनाना चाहती थी, लेकिन वह दुमका से चुनाव लड़ना चाहती थी। जिसके बाद भाजपा से बात नहीं बनने के बाद वह दिशोम गुरु शिबू सोरेन से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। फिर जेएमएम का दामन थाम लिया।



पूर्व मंत्री लुईस मरांडी ने बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को औपचारिक पत्र लिखकर अपने इस्तीफे का जानकारी दी थी। उन्होंने अपने पत्र में बीजेपी से अपने सियासी सफर शुरू करने से लेकर 2014 विधानसभा चुनाव में मौका देने और मंत्री बनने तक का जिक्र किया। इसके लिए उन्होंने बीजेपी का आभार भी जताया था। अपने पत्र में उन्होंने पार्टी पर कई आरोप भी लगाए। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि पार्टी में आंतरिक अनुशासन कमजोर हुआ है। पार्टी में निष्ठावान और विश्वासी कार्यकर्ताओं को दरकिनार किया जा रहा है। जामा (एसटी) विधानसभा झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) का गढ़ माना जाता है। इसकी बड़ी वजह भी है। यहां से जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन और उनके पुत्र दुर्गा सोरेन विधायक रह चुके हैं। पिछले तीन विधानसभा चुनाव से शिबू सोरेन की बड़ी पुत्रवधू सीता सोरेन यहां से विधायक चुनीं गईं।

लोकसभा चुनाव 2024 के पहले सीता सोरेन ने जेएमएम छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का दामन थाम लिया।

# ट्रूडो ने कनाडा फर्स्ट नीति का ऐलान किया

## काबिल लोग नहीं मिले तो विदेशी स्टाफ रखने से पहले बताना होगा, भारतीय छात्रों पर असर पड़ेगा

ओटावा, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने 2025 से विदेशी अस्थायी कर्मचारियों की भर्ती के लिए नियम सख्त कर दिए हैं। उन्होंने इसे 'कनाडा फर्स्ट' का नाम दिया है। ट्रूडो ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर बताया कि कंपनियों को नौकरी में अब कनाडाई नागरिकों को प्राथमिकता देनी होगी। कनाडा की कंपनियों को अब विदेशी कर्मचारियों को अस्थायी तौर पर नौकरी पर रखने से पहले ये बताना होगा कि उन्हें कनाडा का योग्य नागरिक नहीं मिला। ट्रूडो ने कहा कि यह निर्णय 'अस्थाई' है और कनाडा की आबादी में हो रहे इजाफे को रोकने के लिए लिया गया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रूडो सरकार के इस फैसले से प्रवासी और युवाओं के बीच बेरोजगारी बढ़ सकती है। भारतीय छात्र शॉपिंग मॉल, फूड स्टोर और रेस्त्रां में काम कर रहे हैं। कनाडा में 2023 में भारतीय अस्थाई वर्करों की संख्या सबसे ज्यादा थी। कुल 1.83 लाख अस्थाई कर्मचारियों में से 27 हजार भारतीय थे।



ट्रूडो सरकार ने 2022 में कोरोना महामारी के बाद मजदूरों की कमी के चलते नए नियम बनाए थे। तब इसे अस्थाई विदेशी कर्मचारी कार्यक्रम नाम दिया गया। इसमें गैर-कनाडाई लोगों को रोजगार से जुड़े प्रतिबंधों में राहत दी गई। इसके अलावा उनकी सैलरी में भी इजाफा किया गया।

सरकार के इस कदम का भारतीय छात्रों को खूब फायदा हुआ। वहां गए छात्र अपनी पढ़ाई के अलावा पार्ट टाइम नौकरी करने लगे। फोर्ब्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रूडो सरकार के फैसले के बाद कई भारतीय छात्रों ने अमेरिकी यूनिवर्सिटी में दाखिला लेने के बजाय कनाडा यूनिवर्सिटी को चुना। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, 2024 में लगभग 13,35,878 भारतीय छात्र विदेशों में पढ़ रहे हैं। इसमें से सबसे ज्यादा कनाडा में 4.27 लाख छात्र हैं। ट्रूडो ने कहा कि कोरोना के दौरान लगाए गए प्रतिबंधों के कारण हमारी इकोनॉमी का जो नुकसान हुआ था, उससे उबरने में अप्रवासियों ने अहम योगदान दिया है, लेकिन अब इसमें बदलाव करने का समय आ गया है। कनाडा को अपनी जनसंख्या को स्थिर करने की जरूरत है। कनाडा चैंबर ऑफ कॉमर्स की डायना वेलास्को ने सरकार के फैसले पर चिंता जताई। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स से बात करते हुए उन्होंने कहा कि विदेशी कर्मचारियों को अस्थाई नौकरी देने का देश को फायदा हुआ। हम कोरोना के बाद आई मंदी से निपटने में कामयाब रहे, लेकिन अब जो हम फैसले ले रहे हैं, इससे बिजनेस कम्युनिटी में गलत संदेश जा रहा है। अगर हमें ज्यादा विदेशी निवेश चाहिए तो हमें ज्यादा काबिल लोगों की जरूरत होगी। कनाडा विदेशी नागरिकों को स्थायी नागरिकता देने में भी कटौती करने जा रहा है। अप्रवासी मंत्री मार्क मिल ने गुरुवार को कहा कि एक साल पहले हमने 2025 और 2026 में 5-5 लाख लोगों को नागरिकता देने का फैसला किया था, लेकिन हमें ये बदलना पड़ रहा है। कनाडा की जनसंख्या वृद्धि विकसित देशों में सबसे ज्यादा है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी एजेंसी के मुताबिक, कनाडा की आबादी 2023 से 2024 तक 3.2% यानी 13 लाख बढ़ी। यह 1957 के बाद सबसे बड़ी सालाना वृद्धि है। कनाडा में पिछले एक साल में जनसंख्या में जितना इजाफा हुआ, उसका 97% अप्रवासियों को नागरिकता देने की वजह से हुआ है। कनाडा की 2021 की जनगणना के मुताबिक, 23% आबादी विदेश में जन्मी थी, जिन्हें बाद में कनाडा की नागरिकता मिली। 2021 तक ज्यादातर अप्रवासी एशिया और मिडिल ईस्ट के थे। कनाडा में हर पांच में एक अप्रवासी भारतीय है।

# भारत को अरबों डॉलर की सबमरीन बेचने के लिए जर्मनी और स्पेन में लगी होड़

बर्लिन, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। दुनिया के सबसे बड़े हथियार खरीददार भारत को हथियार बेचने की होड़ लगी हुई है। ताजा मामला जर्मनी बनाम स्पेन का है। जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज भारत के दौरे पर पहुंचे हैं। उनकी इस यात्रा का एक बड़ा मकसद भारत को हथियार बेचना है। ओलाफ के साथ जर्मनी के रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री भी पहुंचे हैं। इस यात्रा के दौरान जर्मन चांसलर ने सैन्य रिश्ते मजबूत करने पर पीएम मोदी से बात करेंगे। जर्मनी भारत के साथ समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर बात कर रहा है। जर्मनी के चांसलर का बड़ा मकसद भारत को सबमरीन बेचना है। इससे पहले पिछले साल भी जर्मनी के चांसलर दो बार भारत आए थे। जर्मनी जिस सबमरीन डील पर नजरे गड़ाए बैठा है, उस पर एक अन्य यूरोपीय देश स्पेन की भी नजर है। भारत कई साल से प्रोजेक्ट 75(I) के तहत 6 अत्याधुनिक परंपरागत पनडुब्बियां

### गुहार लगाने पहुंचे जर्मन चांसलर




खरीदना चाहता है। यह सबमरीन एयर इंडिपेंडेंड प्रपल्शन यानि एआईपी की तकनीक से लैस होगी। इस डील के लिए जर्मनी और स्पेन दोनों ही दावा ठोक रहे हैं। भारत जिस देश के साथ यह डील करेगा, उसके साथ आने वाले कई वर्षों तक रणनीतिक भागीदारी मजबूत हो जाएगी। जर्मनी की कंपनी टीकेएमएस ने भारत की सरकारी कंपनी मजगांव डॉक शिपबिल्डर्स के साथ इस मेगा कॉन्ट्रैक्ट के लिए गठजोड़ बनाया है। इससे पहले जर्मनी की कंपनी ने भारत से दूरी बना रखी थी क्योंकि उसके पास बहुत ज्यादा ऑर्डर है। जर्मनी सरकार के कहने पर टीकेएमएस ने भारतीय सौदे के लिए जोर लगाना शुरू किया। जर्मनी की कंपनी चाहती है कि भारत से सरकार से सरकार के बीच सबमरीन डील हो जाए। टीकेएमएस ने अपनी एआईपी तकनीक को इंडियन नेवी के फील्ड ट्रायल के दौरान दिखाया था। इसमें दक्कित यह है कि भारतीय नौसेना को बड़ी सबमरीन चाहिए लेकिन जर्मनी की टाइप 214 पनडुब्बी छोटी है। वहीं टीकेएमएस को भरोसा है कि भारत के साथ ऐतिहासिक रिश्तों की वजह से उसे ही यह डील मिलने जा रही है। जर्मनी के बाद स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज भी 27 अक्टूबर को भारत आ रहे हैं। पिछले 18 साल में किसी स्पेनी नेता की यह पहली भारत यात्रा है। यह दोनों ही देशों के बीच बढ़ते रिश्तों को दर्शाता है। स्पेन भी अपनी पनडुब्बी भारत को बेचना चाहता है। स्पेन की कंपनी नवांतिया ने भारत की दिग्गज प्राइवेट कंपनी एल एंड टी के साथ गठजोड़ किया है। नवांतिया की पनडुब्बी भी एआईपी की तकनीक से लैस है। कंपनी ने बताया कि उसकी एआईपी से लैस पनडुब्बी साल 2026 तक पूरी तरह से तैयार हो जाएगी।

दोनों ही भारत सरकार के साथ डील करना चाहते हैं। विश्लेषकों का कहना है कि दोनों ही यूरोपीय नेताओं की यात्रा यह दिखाती है कि वे भारत के साथ रक्षा संबंध मजबूत करना चाहते हैं।

# इमरान की पत्नी बुशरा 9 महीने बाद जेल से रिहा

## इस्लामाबाद कोर्ट ने जमानत दी, इमरान खान अभी भी जेल में ही रहेंगे

इस्लामाबाद, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना से जुड़े मामले में जमानत मिल गई है। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने बुशरा को 10 लाख रूपए की जमानत पर रिहा किया है। बुशरा पिछले 9 महीनों से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद थी। यहां से उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच रिहा किया गया। बुशरा रिहाई के बाद बुशरा बानी गाला में मौजूद पर अपने घर के लिए रवाना हुई। यहां वो पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगी। उनकी रिहाई की जानकारी पीटीआई ने एक्स पर पोस्ट कर दी। इससे पहले इमरान खान और बुशरा, 13 जुलाई को इद्दत यानी फर्जी निकाह केस में बरी कर दिया था। हालांकि इसके कुछ घंटे बाद ही दोनों को नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो (एनएबी) ने उन्हें जेल में ही गिरफ्तार कर लिया था। इमरान खान अभी भी इसी जेल में बंद हैं। इमरान 3 अलग-अलग मामलों में 350 दिनों से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। इस्लामाबाद की स्थानीय कोर्ट ने उन्हें 5 अगस्त, 2023 को तोशाखाना केस में दोषी करार दिया था। इसके बाद उन्हें इस्लामाबाद के जमान पार्क स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। बाद में उन्हें 2 और मामलों में दोषी करार दिया गया था। हालांकि इन सभी मामलों में इमरान को बरी किया जा चुका है। 13 जुलाई को फर्जी निकाह मामले में रिहाई के बाद उन्हें तोशाखाना से जुड़े दूसरे मामले में गिरफ्तार कर लिया गया था।

# इजरायल के हमलों से प्रभावित लेबनान को भारत ने दी मानवीय सहायता

### पहली किस्त पहुंची

बेरुत, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। लेबनान में भारत के राजदूत नूर रहमान शेख ने भारत द्वारा भेजी गई मानवीय सहायता की पहली किस्त लेबनान को सौंप दी है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री फिराद अबियाद ने दवाओं की खेप प्राप्त की। भारतीय दूतावास ने लेबनान के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारतीय दूतावास ने इसकी जानकारी दी। 18 अक्टूबर को भारत ने दक्षिणी लेबनान में जारी तनाव के बीच मानवीय सहायता भेजी थी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लेबनान में भारतीय दूतावास ने कहा, भारत की तरफ से मानवीय सहायता की पहली किस्त बेरूत पहुंची। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री



डॉ. फिरास अबियाद ने राजदूत नूर रहमान की उपस्थिति में दवाओं की खेप प्राप्त की। भारत लेबनान के साथ संबंधों को मतबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। दक्षिणी लेबनान में जारी तनाव के बीच भारत ने 18 अक्तूबर को लेबनान को 11 टन चिकित्सा आपूर्ति की पहली किस्त भेजी थी। कुल 33 टन चिकित्सा आपूर्ति भेजी जा रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने एक्स पर कहा, भारत ने लेबनान को मानवीय सहायता भेजी। कुल 33 टन चिकित्सा आपूर्ति भेजी जा रही है। आज चिकित्सा आपूर्ति की पहली किस्त भेज दी गई है। इसमें हृदय संबंधी दवाएं, एनएसएआईडी (गैर-स्टेरायडल एंटी-इंफ्लेमेटरी दवाएं), एंटी-इंफ्लेमेटरी एजेंट, एंटीबायोटिक्स और एनेस्थेटिक्स शामिल हैं।

# राष्ट्रमंडल देशों ने ब्रिटेन के राजा पर बनाया दासता की क्षतिपूर्ति देने का दबाव

एपिया, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। ब्रिटेन के राजा चार्ल्स को शुक्रवार को अपने देश के अतीत के लिए काफी कुछ सुनना पड़ा। दरअसल राष्ट्रमंडल देशों ने ब्रिटेन पर भयावह अतीत के लिए क्षतिपूर्ति देने की मांग की है। राष्ट्रमंडल देशों के शिखर सम्मेलन के दौरान गुलामी और साम्राज्य की विरासत के मुद्दे पर खूब बहस हुई। समोआ में आयोजित हुए शिखर सम्मेलन में 56 राष्ट्रमंडल देशों के नेता शामिल हुए। इनमें से अधिकतर पूर्व औपनिवेशक देश हैं।

**शिखर सम्मेलन के दौरान उठी ये मांग**

यह सम्मेलन जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर एकजुट होने के लिए आयोजित किया गया था, लेकिन राजा के रूप में किंग चार्ल्स तृतीय का यह पहला शिखर सम्मेलन अतीत की छाया से घिरा रहा। कई

### यूके का इनकार

अफ्रीकी, कैरिबियन और प्रशांत देशों ने मांग की कि ब्रिटेन समेत अन्य यूरोपीय शक्तियां उन्हें अतीत में गुलाम बनाने के लिए वित्तीय क्षतिपूर्ति का भुगतान करें। शिखर सम्मेलन के दौरान बहामास के प्रधानमंत्री फिलिप डेविस ने कहा कि अतीत के बारे में बहस बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि 'अब समय आ गया है कि हम इस बारे में इन ऐतिहासिक गलतियों पर बातचीत करें। दासता की भयावहता ने हमारे समुदायों में एक गहरा, पीढ़ीगत घाव छोड़ा है, और न्याय की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है।'

राष्ट्रमंडल देश चाहते हैं कि क्षतिपूर्ति के मुद्दे पर चर्चा हो। साथ ही ब्रिटेन के शाही परिवार, जिसने सदियों से दासता से लाभ उठाया है, उसे भी माफी मांगने के लिए कहा गया है। शुक्रवार को किंग चार्ल्स ने कहा, 'मैं राष्ट्रमंडल भर के लोगों को सुनने के बाद समझता हूं कि हमारे अतीत के सबसे दर्दनाक पहलू आज भी गूंज रहे हैं। हममें से कोई भी अतीत को नहीं बदल सकता, लेकिन हम अपने पूरे दिल से इसके सबक सीखने और असमानताओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

ब्रिटेन की सरकार ने मांग ठुकराई हालांकि आर्थिक संकट से जूझ रही ब्रिटेन की सरकार क्षतिपूर्ति की किसी भी कोशिश को रोकना चाहती है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने क्षतिपूर्ति भुगतान के आह्वान को सार्वजनिक रूप से अस्वीकार कर दिया है, तथा उनके सहयोगियों ने शिखर सम्मेलन में माफ़ी मांगने से इनकार कर दिया है।

# भारत के बाद ईरानी नौसेना के साथ आए सऊदी अरब के युद्धपोत

## दुश्मनी भुलाकर शिया-सुन्नी सेना क्यों आई साथ?

तेहरान, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। पश्चिम एशिया में तनावपूर्ण हालात के बीच सऊदी अरब की नौसेना कभी अपने सबसे कट्टर दुश्मन रहे ईरान की नौसेना के साथ आई है। शिया और सुन्नी नौसैनिकों का एक साथ आना ऐतिहासिक घटना करार दिया जा रहा है। दरअसल, ईरान ओमान की खाड़ी में एक युद्धभ्यास कर रहा है। इस अभ्यास में ईरान ने सऊदी अरब की नौसेना को भी आमंत्रित किया था। इसके बाद अब सऊदी अरब के युद्धपोत ओमान की खाड़ी में पहुंचे हैं। एक साल पहले ही दोनों देशों के बीच दशकों पुरानी दुश्मनी में नरमी आई है। चीन ने दोनों के बीच सुलह कराने में अहम भूमिका निभाई थी। सऊदी और ईरानी नौसेना ऐसे समय पर युद्धाभ्यास कर रही है जब तेहरान पर इजरायल के मिसाइल हमले



का खतरा अपने चरम पर पहुंच गया है। सऊदी अरब से पहले भारतीय नौसेना के युद्धपोतों ने भी ईरानी नौसेना के साथ युद्धाभ्यास किया था। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस बात की पुष्टि की है कि उनके युद्धपोत 23 अक्टूबर को युद्धाभ्यास में शामिल हुए हैं। ब्रिगेडियर जनरल तुर्की अल मलकी ने कहा, 'शाही सऊदी नौसेना ने हाल ही में ईरान की नौसेना के साथ एक संयुक्त नौसैनिक अभ्यास किया है। ओमान सागर में हुए अभ्यास में कई अन्य देशों के भी नौसैनिक मौजूद थे।' इससे पहले ईरान की नौसेना के कमांडर एडमिरल शाहराम ईरानी ने कहा था, 'सऊदी अरब ने अनुरोध किया था कि लाल सागर में एक संयुक्त अभ्यास आयोजित किया जाए।'

इन रिपोर्ट्स में यह नहीं बताया गया है कि किस तरह का युद्धाभ्यास किया गया और कौन-कौन से सिस्टम तैनात किए गए थे। यह दुर्लभ सैन्य अभ्यास ऐसे समय पर किया गया है जब ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने संकेत दिया था कि दोनों तेल समृद्ध देशों के बीच संबंध सुधर रहे हैं। ईरानी विदेश मंत्री इस महीने रियाद गए थे और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात की थी। रियाद में एमबीएस ने उनका जोरदार स्वागत करके संबंधों में आ रहे बदलाव के बारे में संकेत दे दिया था।

# ट्रम्प बोले- कमला से बच्चों की तरह पेश आएंगे जिनपिंग

## प्रेसिडेंट बनीं तो उनका मुकाबला नहीं कर पाएंगी, बोले- इनकम टैक्स खत्म करेंगे

वॉशिंगटन, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को कहा कि अगर कमला हैरिस प्रेसिडेंट बनती हैं तो चीनी राष्ट्रपति उनके साथ एक बच्चे की तरह व्यवहार करेंगे। ट्रम्प ने एक पॉडकास्ट में ये बयान दिया। इसमें होस्ट ने ट्रम्प से पूछा, अगर किसी तरह कमला जीत जाती हैं, तो जिनपिंग उनसे कैसे निपटेंगे? इस पर ट्रम्प ने कहा- बिल्कुल एक बच्चे की तरह। वे उनसे सब कुछ छीन लेंगे। कमला को पता ही नहीं चलेगा कि हो क्या रहा है। ट्रम्प ने कहा कि जिनपिंग और कमला वैसे लगेंगे जैसे एक शतरंज का ग्रैंड मास्टर का एक नौसिखिए के साथ मुकाबला हो रहा हो। ट्रम्प पहले भी कई बार कमला हैरिस पर इस तरह की टिप्पणी कर चुके हैं।वो हैरिस को 'आलसी', 'बेवकूफ', 'मंदबुद्धि' और 'नशेड़ी' कह चुके हैं। ट्रम्प से पूछा गया था कि क्या अमेरिका में कभी इनकम टैक्स खत्म हो



सकता है? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि अमेरिका 19वीं सदी की आर्थिक नीतियों पर वापस लौट सकता है। तब अमेरिका में इनकम टैक्स नहीं लगता था।

ट्रम्प ने आगे कहा- टैरिफ का चलन तब भी था। लेकिन इनकम टैक्स नहीं था। हमारे देश में ऐसे लोग हैं, जो मर रहे हैं और टैक्स चुकाने पर मजबूर हैं। उनके पास आगे टैक्स चुकाने के लिए पैसे नहीं बचे। ट्रम्प ने हालांकि यह नहीं बताया कि यह काम कैसे करेगा। उन्होंने यह भी साफ नहीं किया कि वे कॉरपोरेट इनकम टैक्स को समाप्त चाहते हैं या सिर्फ पर्सनल इनकम टैक्स को खत्म करना चाहते हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक वामपंथी और दक्षिणपंथी दोनों तरफ के आर्थिक जानकारों ने ट्रम्प के विचार को नकार दिया है। उनका कहना कि ट्रम्प पहले भी इनकम टैक्स खत्म करने जैसी बातें करते रहे हैं, लेकिन इसे अमल में लाना संभव नहीं है। हालांकि ट्रम्प ने कहा कि टैरिफ रेट बढ़ाने और इनकम टैक्स हटाने अमेरिका का टैक्स सिस्टम बदल जाएगा। देश और मजबूत होगा।

# राष्ट्रपति शहाबुद्दीन के भविष्य का फैसला सिसासी दलों से चर्चा के बाद होगा

ढाका, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कहा कि राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के भविष्य का फैसला राजनीतिक दलों से चर्चा के बाद किया जाएगा। दरअसल, राष्ट्रपति ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के के इस्तीफे को लेकर सवाल उठाए थे, जिससे विवाद पैदा हुआ। इसके बाद अंतरिम सरकार की ओर से यह बयान सामने आया है। खबरों के मुताबिक, अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के एक सलाहकार ने बताया कि सलाहकार परिषद इस मुद्द पर सियासी दलों के साथ चर्चा करने बाद फैसला लेगी। पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मामलों की सलाहकार सईदा रिजवाना हसन ने कहा, परिषद राजनीतिक दलों की सहमति के आधार पर फैसला लेगी।

राष्ट्रपति शहाबुद्दीन को पद से हटान की मांग तब उठी है, जब एक बांग्ला अखबार को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि उन्हें

### अंतरिम सरकार का बयान

शेख हसीना का इस्तीफा पत्र नहीं मिला। उन्होंने कहा कि उन्होंने सुना था कि हसीना ने इस्तीफा दिया है, लेकिन उनके पास इसका कोई दस्तावेजी सबूत नहीं है। शहाबुद्दीन ने यह भी कहा कि कई प्रयासों के बावजूद वह कोई दस्तावेज नहीं ढूंढ पाए।

इस बयान के बाद सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति भवन पर धावा बोलने की कोशिश की, जिसके बाद सेना को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दखल देना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के इस्तीफे की मांग की थी। भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन ने राष्ट्रपति हटाने के लिए सात दिनों का अल्टीमेटम दिया है।

संगठन ने बांग्लादेश के 1972 के संविधान को खत्म करने सहित पांच मांगें सामने रखी हैं। इसी संगठन ने शेख हसीना की सरकार गिराने के लिए पांच अगस्त को प्रदर्शनों का नेतृत्व किया था।

# भारत ने ब्रिक्स में तुर्किये की एंट्री रोकी

## पाकिस्तान के करीबी होने की वजह से सदस्य बनाने से मना किया

न्यूयार्क, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत की वजह से ब्रिक्स में तुर्किये की एंट्री नहीं हो पाई है, ये दावा जर्मन अखबार बिल्ड ने अपनी रिपोर्ट में किया है। इसके मुताबिक तुर्किये ने ब्रिक्स का सदस्य बनने के लिए आवेदन किया था, लेकिन भारत की वजह से इसे खारिज कर दिया गया। तुर्किये के पाकिस्तान के साथ करीबी संबंध हैं। कश्मीर मुद्दे पर वो कई बार भारत के खिलाफ बयान दे चुका है। हाल ही में ब्रिक्स समिट के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने बयान में कहा था कि संगठन की योजनाएं संस्थापक देशों की सर्वसम्मति से ही बननी चाहिए। पीएम मोदी के इस बयान के बाद से ये कयास लगाए जा रहे हैं कि भारत के विरोध के चलते तुर्किये को ब्रिक्स की सदस्यता नहीं मिल पाई। ब्रिक्स समिट के दौरान अपने भाषण में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने भी कहा, नए देशों को शामिल किए जाने से पहले ये ध्यान रखा जाएगा कि इससे संगठन की कार्य क्षमता पर कोई असर न पड़े। हालांकि तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने 24 अक्टूबर को ब्रिक्स प्लस की समिट में हिस्सा लिया था। इस साल ब्रिक्स में चार नए देश ईरान, मिस्त्र, इथियोपिया और यूएई जुड़े थे। तुर्किये, पाकिस्तान सहित 30 से ज्यादा देशों ने आधिकारिक रूप से सदस्यता के लिए आवेदन किया था।

# महिला एएसपी को चप्पल से पीटा

## भीड़ ने पुलिसकर्मियों पर भी किया पथराव बवाल के बीच युवक का शव गांव लाया गया

बलरामपुर, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। पुलिस कस्टडी में युवक की मौत के बाद बलरामपुर में शुक्रवार को भी बवाल जारी है। युवक की डेडबॉडी को पुलिस बलरामपुर से उसके गृहग्राम ले जा रही थी इस दौरान लोग फिर आक्रोशित हो गए। भीड़ ने पुलिसकर्मियों पर पथराव कर दिया। भीड़ को कंट्रोल करने पहुंची एएसपी निमिषा पांडे पर भी महिलाओं ने हमला कर दिया। इस दौरान एक महिला चप्पल से भी मारती नजर आई है। हमला और पथराव के दौरान भाग रही निमिषा पांडेय दो बार गिर गईं और घायल हो गईं। वे जशपुर में एएसपी हैं। आज उन्हें बलरामपुर में ड्यूटी में तैनात किया गया था। इससे पहले मृतक का शव लेने से परिवारजनों और बंगाली समाज ने इनकार कर दिया था। जिसके बाद पुलिस खुद डेडबॉडी को उसके गृहग्राम संतोषी नगर लेकर पहुंची है। यहां भी लोगों में आक्रोश के चलते हालात तनावपूर्ण है। इससे पहले गुरुवार रात भी बलरामपुर थाने में लोगों की भीड़ ने हमला बोल दिया। देर रात तक हंगामे के बाद थाने और एसपी कार्यालय के सामने हाईवे पर कर प्रदर्शन कर रहे लोगों की भीड़ को पुलिस ने हटाया। एसपी ने बलरामपुर थाना प्रभारी और आरक्षक को सस्पेंड कर दिया है।

मृतक गुरुचरण मंडल के पिता शांति राम ने थाने से बाहर निकलकर कहा कि पुलिस ने उसके बेटे को मारकर लटकाया है, टीआई और एसपी तीन दिनों से गुरुचरण को पीट रहे थे। वहीं एएसपी शैलेंद्र पांडेय ने इन आरोपों को खारिज किया है। एएसपी ने कहा कि, सिर्फ पूछताछ के लिए बुलाया गया था उसने बाथरूम में जाकर फांसी लगा ली। बलरामपुर थाने में गुरूवार को पूछताछ के लिए बुलाए गए स्वास्थ्य विभाग के प्यून गुरूचरण मंडल (30) ने लॉकअप के बाथरूम में फांसी लगा ली। थाने में गुरूचरण मंडल की मौत की सूचना लोगों को शाम को मिली तो हंगामा मच गया।

# सिगरेट से शरीर दागा फिर रेप और गर्भपात

## उत्तर कोरिया से भागी महिला ने बताई किम जोंग की सीक्रेट जेलों के टॉर्चर की कहानी

प्योंगयांग, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन ने देश में ऐसी सीक्रेट जेल बना रखी हैं, जिनमें कैदियों पर यातना की हदें पार की जाती हैं। किम सरकार के चंगुल से भागी एक उत्तर कोरियाई महिला ने देश की इन जेलों (टॉर्चर सेल) के बारे में बताया है। महिला का कहना है कि उत्तर कोरिया शासन के खिलाफ आवाज उठाने वाले और खासतौर से ऐसे लोगों के देश में वापस आने पर बलात्कार जैसी यातनाओं का सामना करना पड़ता है। द सन ने उत्तर कोरिया की एक महिला मिंजी के हवाले से की गई रिपोर्ट में ये दावा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मिंजी ने छह बार उत्तर कोरिया से भागने की कोशिश की लेकिन हर बार पकड़ी गई और यातनाओं का सामना करना पड़ा। आखिरकार सातवीं कोशिश में वह देश से निकलने में कामयाब हुई और किम की टॉर्चर सेल के बारे में बताया। फिलहाल चीन में रह रही मिंजी का कहना है कि इन जेलों में महिलाओं के साथ रेप होता है, बच्चों की निर्मम हत्या कर दी जाती है तो बुजुर्गों को पीट-पीटकर मार डाला जाता है। मिंजी कहती हैं, 'मुझे और कई महिलाओं को देश से बाहर निकालने का वादा करने वाले दलालों ने धोखा दिया और उन्हें देश वापस लाया गया। इसके बाद हमें इन जेलों में बंद कर दिया गया। यहां लड़कियों को सैन्य अधिकारी ने प्रताड़ित किया। मेरे साथ भी यौन हिंसा हुई और शरीर को सिगरेट से जलाया गया। मैं विरोध नहीं कर सकती थी क्योंकि इससे और ज्यादा नुकसान होता।' मिंजी ने बताया कि उत्तर कोरिया में हिरासत में ली गई ज्यादातर लड़कियां रेप के बाद गर्भवती हुईं और उनको गर्भपात से गुजरना पड़ा।

एक महिला के गर्भ का पता नहीं चला और वो मां बन गई तो उत्तर कोरियाई सुरक्षा एजेंटों ने नवजात शिशु को मार डाला। ये महिला के तौर पर एक बहुत बड़ी सजा थी। कोरिया टाइम्स के 2023 के एक लेख के अनुसार, महिलाएं बड़ी संख्या में किम जोंग उन के शासन से भागने की कोशिश करती है।



# सेकंड ग्रेड अध्यापक भर्ती में नियुक्ति के नाम पर धोखाधड़ी

> प्राइवेट टीचर से हड़पे 38.87 लाख > आरपीएससी में अधिकारी को अपना परिचित बताया

अजमेर, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान लोक सेवा आयोग की सेकंड ग्रेड अध्यापक भर्ती परीक्षा में नियुक्ति दिलाने के नाम पर टीचर से धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी ने आरपीएससी में अधिकारी को अपना परिचित बताकर 38 लाख 87 हजार रुपए हड़प लिए। आरोपी ने पीड़ित से एक कैंडिडेट को नौकरी लगवाने के नाम पर 8 लाख की डिमांड की थी। विश्वास में आकर पीड़ित ने अपने अन्य रिश्तेदारों के साथ मिलकर पैसे ट्रांसफर कर दी। अब आरोपी फोन बंद कर फरार हो गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोर्ट के जरिए क्लॉक टावर थाने में दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मलूसर रोड निवासी नरेंद्र पाल ने बताया कि वह बीएड की पढ़ाई कर चुका है। घर पर बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर अपनी आजीविका चला रहा है। भोपो का बाड़ा स्थित न्यू मॉडल सेकेंडरी स्कूल में टीचिंग करने के लिए गया था। तभी स्कूल में वहीं के टीचर भानु प्रताप से मुलाकात हुई थी। जिसने उसे कहा कि वह उसे प्रिंसिपल से बात करके प्राइवेट टीचर के पद पर लगवा देगा। इसके बाद दोनों के बीच अच्छी जान पहचान होगी। बाद में आरोपी उसके घर आने जाने लगा था। पीड़ित ने बताया कि आरोपी अपनी बहन के निवास स्थान पर रहता था। अगस्त 2021 में आरोपी उसके घर आया और उसे उसके पिता छोटे भाई घर पर ही थे। तब आरोपी ने कहा कि इसका एक अधिकारी आरपीएससी में तैनात है। वर्ष 2018 सेकंड ग्रेड अध्यापक भर्ती परीक्षा की जो भर्ती निकली थी उसमें कुछ अभ्यर्थियों को तो नियुक्ति दे दी गई लेकिन एक प्रतीक्षा सूची अभी बाकी है। अगर किसी ने बीएड कर रखी है तो उसका वह चयन करवा देगा। लेकिन उसके बदले उसे कुछ पैसों की व्यवस्था करवानी पड़ेगी।

**एक व्यक्ति के 8 लाख मांगे**

पीड़ित ने बताया कि अक्टूबर 2021 में आरोपी उसके घर आया और कहने लगा कि आरपीएससी में उसने अपने मिलने वाले अधिकारी से बात कर ली है और एक अभ्यर्थी के करीब 8 लाख रुपए देने होंगे। इसके बाद वह उसका नाम प्रतीक्षा सूची में डलवा देगा। पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने कहा कि वह पहले कई अभ्यर्थियों को आरपीएससी की परीक्षा में चयनित करवा चुका है। जिससे उसका और उसके मिलने वालों का परिवार आरोपी के विश्वास में आ गया।

## अलग-अलग माध्यम से 38.87 लाख हड़पे

पीड़ित ने बताया कि उसके दोस्त हरिवंश सिंह की पत्नी और हर्ष चौहान की बहन और रोशन व भेरुजी के मिलने वाले बीएड होल्डर रहे थे। वह सभी भी आरोपी की बातों में आ गए। इसके बाद सभी परिवार के व्यक्तियों ने मिलकर तय किया कि सब मिलकर कुछ रुपए दे देंगे और कुछ रुपए बाद में देंगे।

पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने कहा कि अधिकारी ने पैसे की मांग की है जितना जल्दी हो सके पैसे दे दो। इसके बाद आरोपी को नवंबर 2021 से अगस्त 2023 तक ऑनलाइन, बैंक, कैश के जरिए लगभग 38 लाख 87 हजार रुपए दे दिए। पीड़ित ने बताया कि संपूर्ण राशि उसने अधिकतर अपने साथी जो नौकरी लगना चाहते थे और कुछ राशि अपने परिवार व मिलने वालों से मिलकर आरोपी को भेजी थी।

### आरोपी घर बंद कर हुआ फरार

पीड़ित ने बताया कि बाद में आरोपी नौकरी लगवाने का तकाजा किया तो आरोपी ने कहा की चिंता मत करो लिस्ट जल्दी ही निकलने वाली है, आप लोगों का नाम लिस्ट में आ जाएगा और यह भी कहा कि 1 साल के अंदर 2018 सेकंड ग्रेड की प्रतीक्षा सूची आने वाली है उसमें आप अभ्यर्थियों के नाम आ जाएंगे। पीड़ित ने बताया कि अगस्त 2023 के बाद लिस्ट में नाम नहीं आने पर जब आरोपी से पैसे मांगे तो उसने कहा कि दो-तीन महीने में वह पैसे लौटा देगा। करीब 2 महीने से आरोपी अब फोन नहीं उठा रहा है। वह अपना घर छोड़कर भी आगरा चला गया। क्लॉक टावर थाना पुलिस ने पीड़ित टीचर की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नकल की शिकायत पर आरपीएससी का बड़ा फैसला

## अधिकारी स्तर की दो परीक्षाएं निरस्त

जयपुर, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर ने वर्ष 2022 में आयोजित राजस्व अधिकारी ग्रेड-II और अधिशासी अधिकारी वर्ग-IV (स्वायत्त शासन विभाग) प्रतियोगी परीक्षा को निरस्त कर दिया है। 14 मई 2023 को आयोजित इस परीक्षा में गोपनीयता भंग होने और नकल के गंभीर मामलों के उजागर होने के बाद यह निर्णय लिया गया। परीक्षा में 1 लाख 96 हजार 483 अभ्यर्थियों ने भाग लिया था, जबकि कुल 311 अभ्यर्थियों का चयन दस्तावेज सत्यापन के लिए किया गया था।

परीक्षा में नकल के मामले सामने आने के बाद विभिन्न थानों में एफआईआर दर्ज की गई थी। बीकानेर के नया शहर थाना और गंगाशहर थाना में पंजीकृत एफआईआर रिपोर्ट्स और इनकी जांच में यह पुष्टि हुई थी कि कुछ परीक्षा केंद्रों पर ब्लू टूथ जैसे अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग करके नकल की गई है। इसके बाद आयोग ने एटीएस और एसओजी को जांच सौंपी। इसके अतिरिक्त आयोग ने अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की पुनः जांच कर पूछताछ की, जिसके आधार पर एटीएस और एसओजी ने संदेहास्पद गतिविधियों की पुष्टि की। 24 अक्टूबर 2024 को एसओजी थाने, जयपुर में भी इस संबंध में एफआईआर पंजीकृत की गई, जिसमें कई अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई है। इन सभी तथ्यों के मद्देनजर आयोग ने परीक्षा में हुई अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए परीक्षा को निरस्त कर दिया है। अब निकट भविष्य में नई तिथियों के साथ पुनः परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### आरओ-ईओ भर्ती परीक्षा रद्द, दोबारा होगी

अजमेर, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) ने राजस्व अधिकारी (आरओ) ग्रेड-2 और अधिशाषी अधिकारी (ईओ) ग्रेड-4 भर्ती परीक्षा 2022 को रद्द कर दिया है। अब आरपीएससी की ओर से दोबारा एग्जाम करवाया जाएगा। एसओजी की ओर से दी रिपोर्ट पर आरपीएससी ने माना कि भर्ती परीक्षा में नकल हुई थी।

आरपीएससी के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया- आयोग ने 14 मई 2023 को 111 पदों के लिए आरओ और ईओ भर्ती परीक्षा करवाई थी। इसमें 1 लाख 96 हजार 483 कैंडिडेट शामिल हुए थे। पात्रता जांच और दस्तावेज सत्यापन के लिए जारी लिस्ट में कुल 311 अभ्यर्थी शामिल थे। मेहता ने बताया कि 4 मई 2023 को ही नया शहर पुलिस थाना, बीकानेर में मामला दर्ज होने के बाद 6 अगस्त 2023 को चालान पेश हुआ था। चालान में बताया गया कि परीक्षा सेंटर्स पर अत्यधिक इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस के माध्यम से नकल हुई थी।

# 'सपने में सफेद साड़ी पहनकर आई, बोली बच्चा सही नहीं'



## मां ने अंधविश्वास में 19 दिन के बेटे को मारा डाला

सीकर, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। 19 दिन के बेटे को उसकी मां ने ही मार डाला। डाबला थाना क्षेत्र के जीलो ग्राम में हुई इस सनसनीखेज घटना के बाद पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए हत्यारी मां को आज गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि बच्चे का मर्डर उसकी ही मां ने अंधविश्वास के चलते किया है। इस मामले में एएसपी गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि इस घटना के सामने आने के बाद सरोज के हाव-भाव से हमारा शक उस पर गहराया। हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। फिलहाल सरोज को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस की गिरफ्त में बच्ची की मां सरोज से पूछा कि उसने अपने बच्चे को क्यों मारा तो उसने बताया कि मंगलवार रात को मैं अपने बच्चे के साथ सो रही थी। नींद लगी तो एक सफेद साड़ी पहने महिला सपने में आई।सरोज ने कहा कि, सपने वाली महिला ने कहा कि उसका बेटा सही नहीं है। उसे मारना होगा। ये कहकर वो गायब हो गई। इसके बाद उसकी नींद खुल गई। वो काफी डर गई थी। उसने अपने बच्चे को गोदी में उठाया और कमरे के बाहर पानी की टंकी में बच्चे को डाल दिया और वापस आकर अपने बिस्तर पर सो गई।

गुनाह छिपाने के लिए परिजनों के सामने किया ड्रामा कमरे में आने के बाद महिला सोने का नाटक करती रही। एक बजे के आसपास उसकी सास उठी तो बच्चा गायब मिला। जिस पर उसने शोर मचाया। इसके बाद वो बार-बार अपने बेटे को पुकारती रही। जैसे ही बच्चे का शव टंकी में मिला तो वो बेसुध होने का नाटक करने लगी, ताकि किसी ये पता नहीं चले कि पूरी वारदात को उसी ने अंजाम दिया है।

शादी के 8 साल बाद हुआ था बेटा बच्चे की बुआ पिंकी ने बताया कि शादी के 8 साल बाद भाई कृष्ण कुमार और भाभी सरोज देवी के संतान हुई थी। मंगलवार रात को भाभी के साथ कमरे में मेरी मां मेवा देवी सो रही थी। बच्चा मेरी मां के पास था। रात करीब 12 बजे मां की आंख खुली, उन्होंने देखा तो बच्चा नहीं था। मां के शोर मचाने पर सभी जागे। घर के कमरों, छत और बाहर देखा, लेकिन भतीजा नहीं मिला।

# जयपुर में मेडिकल स्टूडेंट को जहर देकर मारा

> मां को कॉल कर बोली थी-मुझे बचा लो > सहेली समेत चार लोगों पर हत्या का आरोप




जयपुर, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। जयपुर में करीब 6 महीने पहले मेडिकल की पढ़ाई कर रही छात्रा की मौत हो गई थी। छात्रा ने मौत से पहले मां को फोन कर कहा था कि मुझे बचा लो। आप जल्दी आ जाओ। मां जब तक अस्पताल पहुंची, बेटी की मौत हो चुकी थी। डॉक्टर ने कहा- मेडिकल छात्रा की आंखें, नाखून और होठ नीले पड़ गए थे।

जहर से मौत हुई है। इस घटना के करीब 6 महीने बाद मृतक छात्रा सिया सैनी (18) की मां राजकुमारी सैनी (42) ने 21 अक्टूबर को बनीपार्क थाने में हत्या का मामला दर्ज करवाया है।

मां ने रिपोर्ट में बताया कि सहेली ने बेटी का किसी लड़के से अफेयर होना बताया था। आरोप है कि इन्हीं लोगों ने जहर देकर हत्या की है। रिपोर्ट में कुल चार लोगों पर इंस्टीट्यूट की कैंटीन में जहर देने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने बताया- आमेर के नवलखा विहार निवासी राजकुमारी सैनी ने हत्या का मामला दर्ज करवाया है। प्राइवेट जॉब करने वाली राजकुमारी इकलौती बेटी सिया के साथ रहती थी। सिया को राजस्थान पैरामेडिकल काउंसलिंग जयपुर ने कावेरी पथ मानसरोवर स्थित धन्वंतरि पैरामेडिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट अलॉट किया था। सिया यहां पढ़ाई करती थी।

**मेट्रो स्टेशन स्टाफ ने पहुंचाया हॉस्पिटल**

राजकुमारी सैनी ने रिपोर्ट में बताया- 30 अप्रैल को सुबह करीब 7 बजे सिया कॉलेज गई थी। शाम करीब 5:15 बजे बेटी सिया कॉल कर बोली- मम्मी मुझे बचा लो। आप जल्दी से आ जाओ। इतना कहकर फोन कट हो गया। बेटी को कॉल करने पर एक लड़के ने उठाया। कहा- आपकी बेटी चांदपोल मेट्रो रेलवे स्टेशन पर है। इसकी हालत बहुत खराब है। मेट्रो रेलवे स्टेशन पहुंचकर सिया को कॉल करने पर सैटेलाइट हॉस्पिटल बनीपार्क में होने का पता चला। स्टाफ ने हॉस्पिटल आने की कहकर कॉल काट दिया।

**डॉक्टर बोले- जहर से हुई मौत**

रिपोर्ट के अनुसार, हॉस्पिटल पहुंचने पर डॉक्टर्स ने बताया- सिया की आंखें, नाखून और होठ नीले पड़ गए थे। जहर से सिया की मौत हुई है। इसके बाद पोस्टमॉर्टम के लिए शव को एसएमएस हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भेज दिया। सूचना पर पहुंची बनीपार्क थाना पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजन को सौंप दिया।

# भीलवाड़ा में पार्षद के पति को चाकू घोंपा, आगजनी और पत्थरबाजी

भीलवाड़ा, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। भीलवाड़ा शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र में रात 10:30 बजे करीब 30-40 लोगों ने कहासुनी होने पर पार्षद के पति पर जानलेवा हमला कर दिया।

चाय की दुकान में घुसकर उन्हें चाकू मार दिया और तोड़फोड़ की। चाकूबाजी में पार्षद के पति सहित 3 लोग घायल हो गए। आक्रोशित लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर देर रात चार बजे तक मंगला चौक में विरोध-प्रदर्शन किया। कुछ लोगों ने गाड़ियों में तोड़फोड़ की। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घरों पर पत्थरबाजी की। मंगला चौक और माणिक्यनगर में एक एंबुलेंस सहित तीन कारों में आग लगा दी।

## लोहा व्यापारी पर फायरिंग, ड्राइवर के पेट में लगी गोली

अलवर, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। लोहा व्यापारी की कार पर रात को बदमाशों ने फायरिंग कर दी। गोली व्यापारी के ड्राइवर को जाकर लगी। चलती गाड़ी पर बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल में हमला किया। गोली मारने के बाद रुपयों से भरा बैग लेकर भाग गए। मामला अलवर के राजगढ़ का है। लोहा व्यापारी हरिशंकर गुप्ता ने बताया- वह रात को मूनपुर ग्राम से कार से घर लौट रहा था। नर्सरी के पास भांकरी मार्ग पर गेट नंबर 138 अंडरपास के समीप एक कार पीछे से आई। कार में बैठे बदमाशों ने मेरी कार के अगले पहिये की तरफ फायर किया। गोली ड्राइवर महेंद्र मीणा निवासी कलेशान ग्राम निवासी के पेट में लगी। इसके बाद बदमाशों ने मुझे धमकाते हुए नोटों का बैग मांगा। इसके बाद पीछे की सीट पर रखा बैग और खाने का सामान लेकर भाग गए।

# राजस्थान के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स को दिवाली गिफ्ट

> डीए 3% बढ़ा, सैलरी भी 2 दिन पहले




जयपुर, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। राज्य की भजनलाल सरकार ने प्रदेश के 8 लाख सरकारी कर्मचारियों को बड़ा दिवाली गिफ्ट दिया है। सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए महंगाई भत्ता (डीए) 3 प्रतिशत बढा दिया है। अब तक महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत मिलता था जो कि अब बढ़कर 53 प्रतिशत हो गया है।

बढे हुए महंगाई भत्ते का फायदा कर्मचारियों को 1 जुलाई से दिया जाएगा। सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों का डीए बढ़ाए जाने का ऑर्डर गुरुवार 24 अक्टूबर को वित्त विभाग ने जारी कर दिया। पिछले दिनों केंद्र सरकार ने भी सरकारी कर्मचारियों (केंद्र सरकार के कर्मचारियों) का डीए 3 फीसदी बढ़ाया था। केंद्र के बाद राज्य सरकार ने भी डीए में बढोतरी की।

**पहले बोनस का ऐलान, अब डीए में बढोतरी**

सरकारी कर्मचारियों के लिए यह दिवाली डबल खुशियां लेकर आई है क्योंकि पिछले दिनों राज्य सरकार ने दिवाली बोनस का ऐलान किया था और अब डीए में बढोतरी की है। करीब दो सप्ताह पहले 13 अक्टूबर को सरकार ने राज्य कर्मचारियों को बोनस देने का ऐलान किया था। जो राजस्थान सिविल सेवा (पुनरीक्षित वेतन) नियम, 2017 के पे-मैट्रिक्स के पे लेवल एल-12 या ग्रेड पे-4800 और उससे कम वेतन पा रहे हैं, उन्हें बोनस दिए जाने का ऐलान किया गया। राज्य सरकार के मुताबिक लगभग 6 लाख कर्मचारी बोनस से लाभान्वित होंगे। राज्य सेवा के कर्मचारियों को बोनस का लाभ नहीं मिलेगा। राज्य सेवा में आईएएस, आईपीएस, कैबिनेट सचिव, सिटी मजिस्ट्रेट जैसे प्रशासनिक अधिकारी आते हैं।

**दिवाली से पहले मिलेगी सैलरी**

सरकारी कर्मचारियों की सैलरी महीना पूरा होने के बाद मिलती रही है। यानी हर महीने के पहले सप्ताह में सैलरी बैंक अकाउंट में आती है। इस बार दिवाली 31 अक्टूबर को है। ऐसे में राज्य सरकार ने दिवाली से पहले सैलरी देने की बात कही है। बताया जा रहा है कि इस बार सरकारी कर्मचारियों को दिवाली से एक दिन पहले यानी 30 अक्टूबर को ही सैलरी मिल जाएगी।

# मां ने दो बेटियों को टैंक में डुबोकर मार डाला

## जहर पीकर भाई को फोन किया, कहा-सुसाइड कर रही हूं; देवर ने बचाया

श्रीगंगानगर, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। श्रीगंगानगर जिले में मां ने दो मासूम बेटियों को डिग्गी (पानी के टैंक) में फेंक दिया। डूबने से बच्चियों की मौत हो गई। वहीं, मां ने जहर पी लिया। जब इससे उसकी मौत नहीं हुई तो उसने कमरे में खुद को आग लगा ली, लेकिन देवर ने उसे बचा लिया। सुसाइड की कोशिश करने से पहले महिला ने भाई को फोन भी किया था। घटना श्रीकरणपुर इलाके के गांव 6 एफए रड़ेवाला की गुरुवार दोपहर साढ़े तीन बजे की है।

गुरलीन कौर (4) और हरलीन कौर (1) के शव घर में बनी पानी की डिग्गी में मिले थे। उनकी मां परविंदर कौर (32) बंद कमरे में अचेत पड़ी थी। आशंका है कि सुसाइड की कोशिश करने से पहले महिला ने ही दोनों बेटियों को डिग्गी में फेंका है। महिला का श्रीगंगानगर के लालगढ़िया हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। उसकी हालत गंभीर है। बच्चियों के शव डिग्गी से निकाल कर मॉर्च्युरी में रखवाए हैं। श्रीकरणपुर डीएसपी संजीव चौहान ने बताया- महिला के सुसाइड अटेम्प्ट का मामला सामने आया है। फिलहाल महिला बेहोश है। बयान देने की स्थिति में नहीं है। उसकी हालत में सुधार होने और होश में आने के बाद बयान लिए जाएंगे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# पंजाब से गुजरात तक 'सीक्रेट चैंबर' में छिपाए ले जा रहा था 15 लाख की व्हिस्की




सीकर, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। गुजरात में शराबबंदी है, लेकिन इसके बाद भी प्रदेश में दूसरे राज्यों से चोरी-छिपे शराब लाकर खपाई जाती है। गुजरात लाई जा रही शराब अलग-अलग समय में बीच रास्ते में जब्त भी हुई है। अब ताजा मामला राजस्थान के सीकर से सामने आया। जहां पंजाब से गुजरात भेजी जा रही करीब 15 लाख रुपए की शराब सीकर में जब्त हुई। मामले में पुलिस ने ट्रक के ड्राइवर को भी गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि कंटेनरनुमा ट्रक में प्राइवेट चैंबर बनाकर व्हिस्की की बड़ी खेप को छिपाया गया था।

**सीकर में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई**

दरअसल सीकर आबकारी विभाग ने मुखबिर की सूचना के आधार पर एक कंटेनर को रोका गया। तलाशी में पता चला उसमें छिपाकर चंडीगढ़ से जयपुर होते हुए शराब गुजरात लाई जा रही थी। करीब 15 लाख रुपए की अवैध अंग्रेजी शराब पकड़ी गई। वहीं बाड़मेर निवासी ट्रक चालक को भी गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल आबकारी विभाग गिरफ्तार आरोपी से मामले में पूछताछ करने में जुटी हुई है। आबकारी विभाग के एईओ रामसहाय जाट ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर पीओ महेश मील सहित आबकारी टीम ने झुंझुनू-जयपुर बाईपास पर नाकाबंदी कर एक गुजरात नंबर के कंटेनर को रुकवाया। कंटेनर की तलाशी लेने पर कंटेनर पीछे की ओर से पूरी तरह से खाली था। लेकिन आबकारी टीम के महेश मील ने कंटेनर कि जब अंदर और बाहर से लंबाई नापी तो दोनों में फर्क नजर आया। इसके बाद कंटेनर की गहनता से तलाशी ली गई तो कंटेनर के पीछे की तरफ एक प्राइवेट चैंबर बनाकर उसमें 111 कार्टून व्हिस्की के 2664 हाफ और 12 कार्टून में व्हिस्की के 144 बोतल रखी गई थी। कंटेनर से बरामद की गई अवैध शराब की कीमत करीब 15 लाख रुपए है।

**बाड़मेर जिले का ड्राइवर गिरफ्तार, पूछताछ जारी**

मामले में बाड़मेर निवासी ट्रक ड्राइवर इसरा राम को गिरफ्तार किया गया है। जिससे प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि अवैध शराब कंटेनर में बने प्राइवेट चेंबर में चंडीगढ़ भरी गई थी। कंटेनर चंडीगढ़ से जयपुर होते हुए गुजरात पहुंचना था। ट्रक ड्राइवर जयपुर में कंटेनर के पीछे खाली पड़े हिस्से में अन्य सामान भरकर गुजरात पहुंचता इससे पहले ही सीकर में आबकारी विभाग ने मुखबिर की सूचना पर कंटेनर को पकड़ लिया।

**कंटेनर में अलग से 4 फीट का बनाया था चैंबर:**

कंटेनर में ड्राइवर के केबिन और कंटेनर के बीच अलग से एक चेंबर बनाया गया था। कंटेनर में पीछे का गेट खोलने पर कंटेनर बिल्कुल खाली दिखाई देता है। कंटेनर के आगे के कुछ हिस्से में अलग से एक प्राइवेट चेंबर बनाया गया था। जिसका रास्ता भी ड्राइवर के केबिन के ऊपर से बना हुआ था। जिसे भी लोहे का गेट बनाकर पूरी तरह से बंद किया गया था। बाहर से देखने पर कंटेनर में अलग प्राइवेट चैंबर होने का पता नहीं चल पाता।

# गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई पर एनआईए ने कसा शिकंजा

## 10 लाख का इनाम घोषित, इंटरपोल से मांगी मदद



जयपुर, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकवाद और संगठित अपराधों में संलिप्तता के आरोप में कुख्यात गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित कर एक बड़ा कदम उठाया है। आतंकवादी लॉरेंस बिश्नोई का छोटा भाई अनमोल बिश्नोई अब एनआईए की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल हो गया है। रिपोर्टों के अनुसार, अनमोल फर्जी पासपोर्ट के सहारे देश से फरार हो चुका है, और उसके खिलाफ राजस्थान समेत कई राज्यों में मामले दर्ज हैं।

अनमोल, जिसे भानू प्रताप के नाम से भी जाना जाता है, पंजाब के फाजिल्का का निवासी है और उस पर आतंकवाद से जुड़े मामलों में पिछले साल आरोप पत्र दायर किया गया था। एनआईए ने उसकी गिरफ्तारी के लिए अंतरराष्ट्रीय पुलिस संगठन इंटरपोल की भी सहायता मांगी है। अनमोल के खिलाफ एनआईए के दो मामलों में जांच चल रही है और इंटरपोल की सहायता से उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# हैदराबाद तक फैल गया पुलिसकर्मियों के परिवारों का प्रदर्शन

## महिलाओं का रोते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल





हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। विभिन्न बटालियनों के पुलिस कर्मियों के परिवार के सदस्यों द्वारा किया जा रहा विरोध प्रदर्शन, जो अब तक जिलों तक सीमित था, अब हैदराबाद पहुंच गया है और शुक्रवार सुबह से शहर में सचिवालय पर इसी तरह का विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

पुलिस द्वारा पुलिसकर्मियों के परिजनों को रोकने के बावजूद, कई लोग सचिवालय की घेराबंदी करने और विरोध प्रदर्शन करने के लिए आगे बढ़े। परिवार के सदस्यों, खासकर महिलाओं के रोते हुए वीडियो और तस्वीरें अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रही हैं। नलगोंडा बटालियन की एक महिला ने बताया कि वह अपने दूल्हे से मिलने के लिए इतनी दूर से आई है। उसने कहा कि उसे अलग-अलग जगहों पर तैनात किया जा रहा है और असामान्य काम के घंटों और पोस्टिंग के कारण हमारी शादी में देरी हो रही है।

राज्य सरकार को पुलिसकर्मियों को एक ही स्थान पर तैनात करना चाहिए। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि कई बार तो पुलिसकर्मियों को एक स्थान पर 10 दिन के लिए तैनात किया जाता है और तुरंत ही दूसरे स्थान पर तैनात कर दिया जाता है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि विशेष पुलिस कांस्टेबलों को पहले 15 दिन की ड्यूटी और चार दिन की छुट्टी मिलती थी, लेकिन रेवंत रेड्डी सरकार के तहत उन्हें केवल चार दिन के आराम के साथ 26 दिन काम करने के लिए मजबूर किया गया।

विरोध प्रदर्शन कर रही एक पत्नी ने कहा कि इन नियुक्तियों की वजह से हमारा जीवन मुश्किल हो रहा है और हम त्यौहार भी नहीं मना पाते। जब भी मैं उन्हें किसी त्यौहार पर बुलाती हूं, तो वे कहते हैं कि ड्यूटी पर हूं। अगर उन्हें एक जगह पर तैनात कर दिया जाए, तो हम शादी कर लेंगे और खुशी-खुशी रहेंगे।

जब महिलाएं विरोध प्रदर्शन करना चाहती थीं और अपनी चिंताएं बताना चाहती थीं, तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया और कई महिलाओं को हिरासत में ले लिया। पुलिस की इस बर्बरता की विभिन्न वर्गों के लोगों द्वारा निंदा की जा रही है। यह कोई अकेला मामला नहीं था। अलग-अलग बटालियनों की कई महिलाएं ऐसी ही शिकायतें उठाती रही हैं। पिछले कुछ दिनों से नलगोंडा, दिचपल्ली, मामनूर, जोगुलम्बा गडवाल और अन्य जगहों पर महिलाएं अपने बच्चों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रही हैं।

तख्तियां और बैनर लेकर महिलाएं विरोध प्रदर्शन कर रही हैं और आरोप लगा रही हैं कि उनके पतियों से बंधुआ मजदूरी करवाई जा रही है और उन्हें कई दिनों तक अपने परिवार से दूर रहने के लिए मजबूर किया जा रहा है। वे चाहती हैं कि सरकार मौलिक अधिकारों की रक्षा करे। विरोध प्रदर्शनों से नाराज सरकार ने कुछ कांस्टेबलों को निलंबित भी कर दिया था।

# राज्य नेतृत्व हाईकमान के खिलाफ कर रहा है काम

## एमएलसी जीवन रेड्डी ने राहुल गांधी से की शिकायत

हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस एमएलसी टी जीवन रेड्डी ने राज्य नेतृत्व द्वारा पार्टी में दलबदल को बढ़ावा दिए जाने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि यह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नीतियों के खिलाफ है और इस तरह के कदमों से स्थानीय नेता संकट में हैं।

कांग्रेस पार्टी ने पंच न्याय जारी किया था, जिसमें दलबदल करने पर तत्काल सदस्यता समाप्त करने का प्रावधान है। पार्टी ने दलबदल पर संविधान की 10वीं अनुसूची में परिणामी बदलाव लाने का भी संकल्प लिया था। उन्होंने गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को लिखे पत्र में कहा कि इन नीतियों के विपरीत, राज्य नेतृत्व अन्य दलों, खासकर बीआरएस के विधायकों को दलबदल के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

जीवन रेड्डी ने कहा कि जबकि कांग्रेस के निर्वाचित नेता लोगों से किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं, हमारी पार्टी ने एम संजय कुमार को पार्टी में शामिल किया, जिन्होंने बीआरएस टिकट पर मेरे खिलाफ जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि गंभीर मानसिक आघात और अपमान के साथ-साथ अपने समर्थकों के दबाव के बाद, वह इस्तीफा देना चाहते थे। एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल, एआईसीसी तेलंगाना प्रभारी दीपादास मुंशी, उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क और आईटी मंत्री डी श्रीधर बाबू ने उन्हें समझाया और उनसे जल्दबाजी में कोई फैसला न लेने को कहा।

राहुल गांधी को इस बारे में याद दिलाते हुए कांग्रेस एमएलसी ने कहा कि बांसवाड़ा से बीआरएस विधायक पोचाराम श्रीनिवास रेड्डी, जिन्होंने पिछले दिनों मल्लू भट्टी विक्रमार्क को कांग्रेस पार्टी के नेता प्रतिपक्ष के पद से हटाने में अहम भूमिका निभाई थी, को भी पार्टी में शामिल कर लिया गया और अब श्रीनिवास रेड्डी ने दलबदलुओं की एक बैठक आयोजित की है, जिसमें मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और दीपादास मुंशी ने भी हिस्सा लिया। बैठक में यह बात सामने आई कि सरकार और कांग्रेस पार्टी दलबदलुओं को उनके निर्वाचन क्षेत्रों में पूरा समर्थन देगी। इसके अलावा, भविष्य में भी उन्हें संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में समान जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, एमएलसी ने कहा कि यह स्थानीय नेताओं को पसंद नहीं आया।

जीवन रेड्डी ने आरोप लगाया कि जगतियाल विधायक एम संजय कुमार के समर्थकों ने कांग्रेस के कट्टर नेता मारू गंगा रेड्डी की बेरहमी से हत्या कर दी। इस घटना ने उन्हें और पूरे कांग्रेस कैडर को पीड़ा में डाल दिया है।

उन्होंने पार्टी में दलबदल को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर सवाल उठाया, जबकि 65 विधायकों वाली कांग्रेस और एक सीपीआई विधायक के पास विधानसभा में स्पष्ट बहुमत था। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद दलबदल को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो कांग्रेस की नीतियों के खिलाफ है।

# डीसीए का बिना लाइसेंस वाली मेडिकल दुकान पर छापा

### 1.15 लाख रुपये की दवाएं जब्त

हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। औषधि नियंत्रण प्रशासन (डीसीए), तेलंगाना ने पी एंड टी कॉलोनी, दिलसुखनगर में एक मेडिकल दुकान पर छापा मारा, जिसे नीरकांति नागेश द्वारा बिना ड्रग लाइसेंस के संचालित किया जा रहा था और 1.15 लाख रुपये मूल्य की एंटीबायोटिक्स, एंटीहिस्टामाइन, एंटी-अल्सर दवाओं आदि सहित 19 प्रकार की दवाएं जब्त कीं, जिन्हें बिक्री के लिए बिना लाइसेंस के स्टॉक किया गया था। औषधि निरीक्षकों ने बालाजी क्लिनिक पर भी छापा मारा, जिसे रंगारेड्डी जिले के पुप्पलगुडा में रतन बिस्वास नामक एक नीम हकीम (अयोग्य चिकित्सक) द्वारा संचालित किया जा रहा था।

डीसीए के अनुसार, बिस्वास बिना एमबीबीएस योग्यता के एलोपैथिक चिकित्सा का अभ्यास कर रहे थे और छापेमारी के दौरान विभिन्न प्रकार की 34 दवाओं का पता चला और 1.85 लाख रुपये का स्टॉक जब्त किया गया। इस बीच, तेलंगाना के डीजीसीए वी.बी. कमलसन रेड्डी ने जनता से आग्रह किया कि वे बिना लाइसेंस वाली मेडिकल दुकानों से दवाइयां खरीदने से बचें, क्योंकि ये अनियमित हैं और इनसे जन स्वास्थ्य को खतरा काफी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा, केवल लाइसेंस प्राप्त मेडिकल दुकानों से ही दवाइयां खरीदने की सलाह दी जाती है, जो आमतौर पर डीसीए, तेलंगाना द्वारा जारी किए गए अपने ड्रग लाइसेंस को अपनी दवा दुकान में प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस के दवाइयां बेचना अपराध माना जाता है और बिना लाइसेंस वाले परिसर से खरीदी गई दवाएं नकली उत्पाद होने की संभावना होती है।

# साइबराबाद पुलिस ने छात्रों के लिए 'ओपन हाउस' का आयोजन किया

हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस स्मृति सप्ताह के हिस्से के रूप में आज साइबराबाद परेड ग्राउंड में एक ओपन हाउस कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों को पुलिसिंग और सार्वजनिक सुरक्षा के बारे में शिक्षित करना था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन साइबराबाद की महिला और बाल सुरक्षा विंग (डब्ल्यू एंड सीएसडब्ल्यू) की डीसीपी सृजना कर्णम ने किया। छात्रों को संबोधित करते हुए, डीसीपी सृजना कर्णम ने स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ-साथ सामाजिक मुद्दों के बारे में जानकारी रखने और यह समझने पर जोर दिया कि पुलिस सभी को सुरक्षित रखने के लिए कैसे काम करती है। उन्होंने कहा कि छात्रों के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि पुलिस स्टेशन क्या है, यह कैसे काम करता है और पुलिस कानून और व्यवस्था कैसे बनाए रखती है। इस कार्यक्रम में साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय की सीमा के भीतर पांच



क्षेत्रों के विभिन्न स्कूलों, जूनियर कॉलेजों और एनसीसी इकाइयों के कुल 1200 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण विभिन्न प्रकार के हथियारों का प्रदर्शन था, पुलिस कर्मियों ने इन हथियारों के उचित संचालन और उपयोग पर प्रदर्शन किया, जिससे छात्रों को बहुमूल्य व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ।

बम निरोधक दल ने अपने उपकरण प्रदर्शित किए, जबकि खोजी कुत्तों ने गंध के माध्यम से विस्फोटकों का पता लगाने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। ओपन हाउस ने छात्रों को पुलिस के साथ जुड़ने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया, जिससे कानून प्रवर्तन के बारे में उनकी समझ गहरी हुई और सार्वजनिक सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ी। एडीसीपी शमीर, डब्ल्यू एंड सीएसडब्ल्यू एसीपी प्रसन्ना कुमार, सीएसडब्ल्यू एसीपी नागा साई, सीएआर एसीपी अरुण कुमार, एसीपी (होम गार्ड्स) इंद्रवर्धन, डब्ल्यू एंड सीएसडब्ल्यू इंस्पेक्टर सुनीता, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) इंस्पेक्टर जेम्स बाबू, भरोसा इंस्पेक्टर प्रताप लिंगम, आरआई (प्रशासन) हनमी रेड्डी, आरआई (विशेष पार्टी) वीरा रेड्डी, बम डिस्पोजल टीम आरआई गणेश, आरआई कृष्णा, एमटीओ II वीरलिंगम आदि ने भाग लिया।

# अवैध इमारतों पर राजस्व का चाबुक!

## बीडीपीपी भूमि पर भवनों के लिए नोटिस !

आसिफाबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। आसिफाबाद जिला केंद्र के निकट, बीडीपीपी (बिला डकाला पोरम्बोकु) भूमि हैं। जबसे आसिफाबाद शहर जिला मुख्यालय बन गया और आसिफाबाद ग्राम पंचायत नगरपालिका बन गई, बीडीपीपी भूमि के मूल्य में भारी वृद्धि हुई है। ये भूमि पहले गरीब किसानों को खेती करने और रहने के लिए दी गई थी।

चूंकि ये भूमि जिला केंद्र में स्थित हैं, इसलिए जमीन की ऊंची कीमत मिल रही है। इन जमीनों को भूखंडों में परिवर्तित किया जा रहा है और उसे उन रियलटर्स द्वारा बेचा जा रहा है जिन्होंने जमीन पर कब्जा कर लिया है।

इस जमीन के सर्वे नंबर बदले जा रहे हैं और रजिस्ट्री भी की जा रही है। राजस्व अधिकारी पंजीकरण के लिए सहायता प्रदान कर रहे हैं। हालांकि इन बीडीपीपी जमीनों में हो रही अनियमितताओं के बारे में पहले भी कई शिकायतें मिल चुकी हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

बताया जा रहा है कि राजस्व अधिकारी बीडीपीपी जमीनों को जब्त कर रहे हैं। राजस्व अधिकारियों ने पांच लोगों को नोटिस दिया है। फिर भई उसी क्षेत्र में बहुमंजिला और बड़ी-बड़ी इमारतें होने के बावजूद आम लोगों को बिना सूचना दिए परेशान किया जा रहा है। आम लोगों के लिए और राजनीतिक प्रभाव रखने वालों के लिए नियमों का पालन अलग तरीके से किया जा रहा है। शहर से सटी इन जमीनों को एक रियाल्टार ने खरीदकर प्लॉट में तब्दील कर बेच दिया और इसे खरीदने वाले आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों की मिलीभगत से इन जमीनों को पंजीकृत कर लिया गया है।

बताया जा रहा है कि एक शख्स राजनीतिक दल में होने के कारण अपने काम आसानी से करा लेता है जबकि एक सत्ताधारी पार्टी के एक नेता का भी उसे साथ मिला हुआ है। सत्ताधारी दल के नेताओं के साथ मिलकर राजस्व अधिकारियों की मदद से लावणी पट्टा, बीडीपीपी और एजेंसी की जमीन पर प्लॉट बेच रहे हैं और इस मामले में कई शिकायतें मिल रही हैं।

# फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 कार्यक्रम का आयोजन




हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। आज भारत सरकार के फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 कार्यक्रम का आयोजन एनएसएसओ (एफओडी) एचवाईडी द्वारा संजीवैया पार्क, नेकलेस रोड पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ फिट इंडिया की शपथ के साथ किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए एनएसएसओ (एफओडी) के उप महानिदेशक डी. सतीश ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए आयोजित किया गया था। उन्होंने सभी को हर दिन अपने स्वास्थ्य के लिए कुछ समय निकालने की सलाह दी।

इससे उन्हें मानसिक शांति और तनाव से राहत मिल सकती है, ताकि कर्मचारी नए जोश के साथ काम में भाग ले सकें। एनएसएसओ (एफओडी) की उप-निदेशक डी. शिवपार्वती रेड्डी ने कहा कि सभी को अपने स्वास्थ्य के लिए हर दिन कम से कम 30 मिनट का समय निकालना चाहिए। इस कार्यक्रम में सहायक निदेशक जयराम, नोडल अधिकारी भरत राज और एसएसओ प्रभारी गुरुस्वामी, रमेश, विजया, प्रमोद और अन्य एसएसओ, जेएसओ, एसएस, एसई और लेखा विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया

# चेक पोस्ट पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत : एसपी

आसिफाबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महाराष्ट्र के डीजीपी के साथ सीमावर्ती राज्यों के डीजीपी और जिलों के एसपी के साथ एक वीडियो कान्फ्रेंस की गई। इस बैठक में जिले के एसपी डीवी श्रीनिवास राव ने हिस्सा लिया। महाराष्ट्र के डीजीपी ने महाराष्ट्र में शांतिपूर्ण माहौल में विधानसभा चुनाव कराने के लिए सीमावर्ती राज्यों के अधिकारियों से चेक पोस्ट पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने में सहयोग का अनुरोध किया। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के तहत जिले के एसपी ने बताया कि हमारे जिले की राज्य सीमा काफी बड़ी है, इसके तहत जिले से महाराष्ट्र में प्रवेश और निकास मार्गों पर चार चेक पोस्ट बनाए गए हैं। बताया गया है कि महाराष्ट्र में आगामी चुनाव को देखते हुए माओवादी गतिविधियों और सीमावर्ती इलाकों में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए समय-समय पर एरिया डोमिनेशन और कॉम्बिंग की जा रही है।



शिवराज लक्ष्मीचंद जैन ज्वेलर्स, सोमाजीगुडा में गुरु पुष्य नक्षत्र के उपलक्ष्य में जुटी खरीद्दारों की भीड़। इन दिनों यहाँ पर धनतेरस व दिपावली के मद्देनजर आभूषणों पर भारी छूट दी जा रही है। इसका लाभ लेते हुए ग्राहक।

# बीयर की बोतल में छिपकली के मिले अवशेष



हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। विकाराबाद जिले के धारूर के 2 लोगों द्वारा स्थानीय शराब की दुकान से 4000 रुपये की शराब खरीदने के बाद बीयर की बोतल में छिपकली के अवशेष पाए गए। बीयर की बोतल लाने वाले 2 लोग केरेली गांव के हैं। वीडियो में साफ तौर पर दिख रहा है कि जब लोग बोतल हिलाते हैं तो छिपकली के अवशेष निकलते हैं, जो बडवाइजर लग रहा है। कुछ तनावपूर्ण क्षणों के बाद तुरंत शिकायत दर्ज कर ली गई। यह कोई अकेली घटना नहीं है, हालांकि यह गंभीर चिंता का विषय है। पहले भी कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां तरल पदार्थ के साथ-साथ खाद्य पदार्थों में भी छिपकलियों के मृत अवशेष पाए गए हैं।

# संयम से काम लें माजिद-फिरोज : पुलिस आयुक्त

## एआईएमआईएम-कांग्रेस प्रतिद्वंद्विता पर पुलिस अधिकारी ने दी सलाह

### दो महीने बाद होगी मामले की अगली सुनवाई

हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के पुलिस आयुक्त सी.वी. आनंद ने एआईएमआईएम के नामपल्ली विधायक माजिद हुसैन और कांग्रेस नेता फिरोज खान के प्रतिद्वंद्वी गुटों को अपनी भाषा को संयमित रखने और भड़काऊ गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी है। पुलिस आयुक्त ने शुक्रवार को 'एक्स' पर साझा किया कि उन्होंने तत्कालीन दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 107 (अब बीएनएसएस की धारा 126, नई दंड प्रक्रिया संहिता) के तहत अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट के रूप में अपनी क्षमता में एक अदालत सत्र आयोजित किया।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के विधायक माजिद हुसैन और फिरोज खान अपने समर्थकों के साथ जारी वारंट के जवाब में पुलिस आयुक्त के समक्ष पेश हुए। आनंद ने बताया कि पिछले साल दिसंबर में नामपल्ली



विधानसभा क्षेत्र में हुए चुनावों के बाद से दोनों गुटों में लगातार झगड़े हो रहे हैं और पुलिस के लिए वहां शांति बनाए रखना सिरदर्द बन गया है। उन्होंने बताया कि हाल ही में सड़क निर्माण के मुद्दे पर दोनों गुटों में जमकर हाथापाई हुई और पुलिस को उन्हें अलग करने, केस दर्ज करने और उन्हें गिरफ्तार करने आदि में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

पुलिस कमिश्नर ने लिखा कि उन्हें काबू में रखने और सीपी हैदराबाद के सामने उनकी शिकायतें रखने के लिए, 126 बीएनएसएस के तहत मामले दर्ज किए गए और वारंट जारी किए गए और उन्हें मेरी अदालत में पेश किया गया। दोनों समूहों को उनके हालिया झगड़े के वीडियो दिखाए गए, उन्हें बताया गया कि हमारे लोकतंत्र में एक-दूसरे के लिए जगह होनी चाहिए और वह भी शांतिपूर्वक और सत्ता पक्ष और विपक्ष एक अनिवार्य घटक है। उन्होंने अपनी समस्याएं बताईं और बताया कि कैसे दूसरा उनके कार्यक्रमों में बाधा डाल रहा है।

उन्होंने कहा कि वे भविष्य में अपनाए जाने वाले प्रोटोकॉल, दोनों पक्षों के बीच टकराव से बचने के लिए आवश्यक प्रयास और अपने कार्यक्रमों की सूचना पुलिस को देने के बारे में समझ गए हैं। आयुक्त ने कहा कि उन्हें अपनी भाषा को संयमित करने की सलाह दी गई, जिससे तनाव बढ़ रहा है और मामले को आगे की सुनवाई के लिए दो महीने बाद के लिए टाल दिया गया है।



उप्पल मेड़ीपल्ली स्थित आनन्दी टेक्सटाइल में धनतेरस एवं दिपावली के अवसर पर आयोजित धमाका सेल डिस्काउन्ट में खरीदारी का लाभ लेते हुए सम्मानित ग्राहक। अवसर पर उपस्थित प्रबंधक मांगीलाल सीरवी, पिस्ता सीरवी, पूजा सीरवी व अन्य।

# कायस्थ समाज का दवात पूजा 3 नवंबर को

हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कलम दवात कायस्थ समाज हैदराबाद दवात पूजा का आयोजन उपुगुडा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में 3 नवंबर रविवार को किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष जी पी श्रीवास्तव ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह समाज 17 साल से अनवरत रूप से दवात पूजा का सामूहिक आयोजन कर रहा है। चित्रगुप्त देवालय उपुगुडा में सुबह 7:00 बजे से अभिषेक कार्यक्रम होगा तत्पश्चात दवात पूजा का सामूहिक आयोजन होगा और दोपहर 12:00 से भजन कीर्तन, आरती की जाएगी। संस्थापक बी के करण और सह संस्थापक जे पी लाल ने सभी कलम धारी समाज के लोगों को पूजा में जुड़ने का आह्वान किया है।

संस्था के कोषाध्यक्ष अनूप सिन्हा, संयोजक धर्मेंद्र सिन्हा ने ओमप्रकाश सिन्हा और सह सचिव पप्पू सिन्हा उपाध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव , कंचन श्रीवास्तव, अनामिका करण, अरविंद वर्मा, आलोक वर्मा आदि ने पूजा में भाग लेने की अपील की है।

# हैदराबाद की हवा में ठंडक ने दी दस्तक

### बीएचईएल में न्यूनतम तापमान 16.7 डिग्री सेल्सियस

हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर में सर्दी के शुरूआती संकेत मिलने लगे हैं और शहर के विभिन्न हिस्सों, खासकर बाहरी इलाकों में पारा गिरने लगा है। उपनगरों के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान पहले ही 16 डिग्री सेल्सियस और 17 डिग्री सेल्सियस तक गिर चुका है। सर्दी का पहला संकेत सुबह-सुबह तापमान में गिरावट और शहर में हल्की धुंध छाने से मिल सकता है। हैदराबाद में भारतीय मौसम विभाग की वैज्ञानिक डॉ.ए. श्रावणी के अनुसार, नवंबर की शुरूआत में सर्दी की शुरूआत होने की उम्मीद है।

डॉ. श्रावणी ने कहा कि नवंबर के पहले सप्ताह में सर्दी की शुरूआत होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हैदराबाद में वायुमंडलीय प्रणालियों में बदलाव के कारण अगले दो दिनों तक धुंध भरा मौसम रहेगा। इसके बाद मौसम फिर से शुष्क हो जाएगा, लेकिन 30 और 31 अक्टूबर को हैदराबाद और पड़ोसी जिलों में हल्की बारिश और बादल छाए रहने का अनुमान है। यद्यपि दिन में मौसम साफ रहता है और हल्की धूप भी रहती है, लेकिन देर शाम और तड़के पारा नीचे गिर जाता है।

तेलंगाना राज्य विकास योजना सोसाइटी के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को शहर के न्यूनतम तापमान में ठंडक देखने को मिली, जहां भेल फैक्ट्री में सबसे कम 16.7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, इसके बाद कुतबुल्लापुर में 17.5 डिग्री सेल्सियस, गाच्चीबोवली में 17.8 डिग्री सेल्सियस, राजेंद्रनगर में 18.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# सेंटनर का 'सत्ता' : लैथम की फिफ्टी-न्यूजीलैंड ने बनाई पकड




पुणे, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में जारी है. इस मुकाबले में दो दिन का खेल समाप्त हो चुका है. दूसरे दिन (25 अक्टूबर) स्टम्प तक न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 198 रन बना लिए. टॉम ब्लंडेल 30 और ग्लेन फिलिप्स 9 रन बनाकर क्रीज पर हैं. न्यूजीलैंड की कुल लीड 301 रनों की हो चुकी है और उसके पांच विकेट बाकी है। बता दें कि भारतीय टीम की पहली पारी 156 के स्कोर पर सिमट गई. मचिल सेंटनर ने अकेले 7 विकेट चटकाए. पहली पारी के आधार पर कीवियों को 103 रनों की लीड मिली. इस मुकाबले में टॉस न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 259 रन बनाए. भारत की ओर से वॉशिंगटन सुंदर ने सात विकेट लिए. देखा जाए तो इस मैदान पर न्यूजीलैंड टीम अपना पहला टेस्ट खेलने उतरी है. मौजूदा सीरीज का पहला मुकाबला बेंगलुरु में 16 अक्टूबर से खेला गया था, जिसमें रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम को 8 विकेट से हार मिली. पहला टेस्ट जीतकर कीवी टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में संभलकर शुरुआत की. 36 रन पर न्यूलीलैंड का पहला वकिट डेवोन कॉन्वे (17) के रूप में गरिा. जो वॉशगिटन सुंदर का शकिार बने. वहीं न्यूजीलैंड की टीम को दूसरा झटका 78 के स्कोर पर लगा, जब अश्वनि ने वलि यंग (23) को फरिकी में फंसाकर एलबीडब्ल्यू आउट कयिा. फिर सुंदर ने रचिन रवींद्र (9) को बोल्ड कर दिया. रवींद्र के आउट होने के समय न्यूजीलैंड का स्कोर 89/3 रन था. इसके बाद सुंदर ने डेरिल मिचेल (18) को भी चलता कर दिया, जो हवाई शॉट मारने के चक्कर में यशस्वी जायसवाल को कैच थमा बैठे। यहां से कप्तान टॉम लैथम और विकेटकीपर बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल ने मिलकर पांचवें विकेट के लिए 60 रन जोड़े. सुंदर ने टॉम लैथम को एलबीडब्ल्यू आउट करके इस पार्टनशिप का अंत किया. लैथम ने 133 रनों का सामना करते हुए 86 रन बनाए, जिसमें 10 चौके शामिल रहे. यहां से टॉम ब्लंडेल और ग्लेन फिलिप्स ने कीवियों को कोई और नुकसान नहीं होने दिया. भारतीय टीम की पहली पारी में मचिल सेंटनर की गेंदबाजी के कारण ताश के पत्तों की तरह ढह गई. सेंटनर ने 53 रन देकर 7 वकिट हासलि कए. इससे पूर्व भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही. तीसरे ही ओवर में भारतीय टीम ने कप्तान रोहित शर्मा का विकेट गंवा दिया, जो टिम साउदी की गेंद पर बोल्ड हो गए. रोहित ने 9 गेंदों का सामना किया और वो अपना खाता भी नहीं खोल सके. इसके बाद शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल ने दूसरे दनि सधी शुरुआत की. जब भारतीय टीम का स्कोर 50 रन हुआ तो टीम इंडयिा को दूसरा झटका शुभमन गलि के रूप में लगा, गलि (30) को मचिल सेंटनर ने एलबीडब्ल्यू आउट कयिा. इसके बाद वरिाट कोहली आए जो महज 1 रन बनाकर बनाकर मचिल सेंटनर की फुलटॉस गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए।

दूसरी ओर संभलकर खेल रहे यशस्वी जायसवाल ग्लेन फलिप्सि की गेंद पर डेरलि मचिल को 30 रन पर कैच थमा बैठे. जायसवाल के आउट होने के बाद ऋषभ पंत (18) भी ग्लेन फलिप्सि की गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए. पंत जब आउट हुए तो भारतीय टीम का स्कोर 83/5 था. इसके कुछ देर बाद ही सेंटनर की गेंद पर लंबा शॉट खेलने के चक्कर में सरफराज खान (11) विलियम ओरोर्के को कैच थमा बैठे.इसके बाद रवचिंद्रन अश्वनि (4) भी मचिल सेंटनर का चौथा शकिार बने. अश्वनि के आउट होने के समय भारतीय टीम का स्कोर 103/7 था. इसके बाद रवींद्र जडेजा (38) ने संघर्ष कयिा. लेकिन वह भी सेंटनर का 8वें वकिट के रूप में शकिार बने. आकाश दीप (6) और बुमराह (0) भी सेंटनर का शकिार बने. वॉशगिटन सुंदर 18 रन पर नाबाद रहे।

## फुल टॉस बॉल पर बोल्ड हुए कोहली

### जडेजा को दो ओवर में 2 जीवनदान, पंत ने न्यूजीलैंड के कप्तान लैथम का कैच छोड़ा



पुणे, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। पुणे टेस्ट का दूसरा दिन भी स्पिनर्स के नाम रहा। न्यूजीलैंड ने भारत को पहली पारी में 156 रन पर समेट दिया। मिचेल सैंटनर ने 7 और ग्लेन फिलिप्स ने 2 विकेट लिए। कीवी टीम को पहली पारी के आधार पर 103 रन की बढ़त मिली।

दूसरी पारी में स्टंप्स तक उसने 5 विकेट खोकर 198 रन बनाए। यानी न्यूजीलैंड की कुल बढ़त 301 रन हो गई है। दिन के पहले ओवर में अंपायर्स कॉल से गिल आउट होने से बचे, यशस्वी जायसवाल का विकेटकीपर ब्लंडेल ने कैच छोड़ा, जडेजा को दो ओवर में 2 जीवनदान मिले दूसरे दिन के यादगार पल रहे। दिन के पहले ही ओवर में शुभमन गिल आउट होने से बचे। उन्हें अंपायर्स कॉल ने बचा लिया। मिचेल सैंटनर के ओवर की तीसरी बॉल गिल के पैड पर लगी। सैंटनर ने अपील की, लेकिन फील्ड अंपायर ने इसे नकार दिया। ऐसे में कीवी कप्तान लैथम ने डीआरएस लिया। रिप्ले में दिखा कि गेंद बल्ले पर नहीं लगी है, लेकिन लेग स्टंप के बाहरी हिस्से को हिट कर रही थी।

# पेन ने वार्नर की टेस्ट टीम में वापसी को नकार दिया

### > ख्वाजा के साथ इंगलिस के ओपनिंग करने का समर्थन किया



नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन ने डेविड वार्नर की भारत के खिलाफ अगले महीने होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज से पहले टीम में वापसी की पेशकश को हंसी में उड़ा दिया है, जबकि जोश इंगलिस का उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग करने का समर्थन किया है।

जून में पुरुष टी20 विश्व कप के बाद वार्नर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन उन्होंने यह खुलासा करके हलचल मचा दी कि वह संन्यास से बाहर आने के लिए उपलब्ध हैं और इसके लिए उन्होंने टीम थिंक-टैंक से संपर्क किया है।

पीठ की सर्जरी के बाद कैमरून ग्रीन के टीम से बाहर होने और स्टीव स्मिथ के चौथे नंबर पर वापस आने के साथ, भारत के खिलाफ पांच मैचों की महत्वपूर्ण सीरीज से पहले ख्वाजा के साथ जोड़ी बनाने के लिए एक जगह खाली हो गई है। पेन ने एसईएन रेडियो पर कहा, डेविड रिटायर हो चुका है, वह ऑस्ट्रेलिया के लिए अगला शील्ड गेम या कोई और टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलेगा। जब वह रिटायर हुआ, तो यह स्पष्ट था। लेकिन उसके पास जो है, वह है कुछ कहने और लोगों द्वारा उस पर चुटकी लेने की बेहतरीन कला, इसलिए उसे बधाई। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि उसने सभी को खूबसूरती से खेला है। वह खुद कहता है, 'मैंने जॉर्ज (बेली) और एंड्रयू मैकडोनाल्ड दोनों को चुपके से मैसेज किया है।' वह कहता है कि वह बहुत गंभीर है, लेकिन वह बहुत गंभीर नहीं है।" उन्हें यह भी लगता है कि खुद को खबरों में बनाए रखने की वार्नर की क्षमताएं ब्रॉडकास्टर फॉक्स स्पोर्ट्स के लिए कमेंटेटर के रूप में उनके जीवन को बेहतर बनाने में मदद करेंगी। खबरें बनाने में उनके पास बहुत हुनर है, इसीलिए उन्होंने फॉक्स के साथ करार किया है।

वह कमेंट्री बॉक्स में बहुत बढ़िया प्रदर्शन करेंगे क्योंकि वह मौक़ा देने के लिए तैयार रहते हैं और वह वही कहते हैं जो वह सोचते हैं। और दूसरा, वह वॉर्नी की तरह हैं, जो कुछ भी वह कहते हैं, वह सुर्खियाँ बन जाता है। वह रिटायर हो चुके हैं।

## साक्षी-विनेश के बाद पहलवानों ने फिर शुरू किया धरना

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)।बीते साल विनेश फोगाट, साक्षी मलिका और बजरंग पूनिया रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के खिलाफ धरने पर बैठे थे। अब एक बार फिर पहलवानों ने खेल मंत्री के घर के खिलाफ जमावड़ा लगाया है। खिलाड़ी वर्ल्ड चैंपियनशिप में हिस्सा लेना चाहते हैं लेकिन रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के हाल के फैसले से यह संभव नहीं है। ऐसे में यह खिलाड़ी खेल मंत्री से अपनी गुहार लगाने पहुंचे हैं। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) ने सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप से भारतीय टीम को हटा लिया था।

# वॉर्नर की कप्तानी पर लगा लाइफटाइम बैन हटा




स्पोर्ट्स क्लब, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर पर की कप्तानी पर लगा लाइफटाइम बैन हटा दिया गया है। साल 2018 में वॉर्नर को ऑस्ट्रेलिया में किसी भी टीम की कप्तानी करने पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा जिंदगी भर के लिए बैन कर दिया गया था। अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कंडक्ट कमीशन ने फैसले की समीक्षा करते हुए वॉर्नर से बैन हटाने का फैसला किया है। बैन के हटने से उनके अगले बीबीएल सीजन में सिडनी थंडर्स की कप्तानी करने के कयास लगाए जा रहे हैं। डेविड वॉर्नर पर ये बैन साल 2018 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच में बॉल टेम्परिंग करने को लेकर लगा था। वॉर्नर के अलावा बॉल टेम्परिंग मामले में स्टीव स्मिथ और कैमरून बैनक्रॉफ्ट भी दोषी पाए गए थे, जिन्हें एक साल के लिए क्रिकेट से बैन कर दिया गया था। डेविड वॉर्नर पर बैन लगाए जाने के 6 साल बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपना फैसला वापस ले लिया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से इसे लेकर एक प्रेस रिलीज जारी की गई, जिसमें बताया गया कि 25 अक्टूबर को कंडक्ट कमीशन के 3 सदस्यीय पैनल ने वॉर्नर पर लगे लाइफटाइम लीडरशिप बैन को हटाने का फैसला किया। पैनल ने पाया कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के कोड ऑफ कंडक्ट में साल 2022 में जो बदलाव किए गए हैं, उसके मुताबिक बैन हटाने के नियमों पर वॉर्नर खरे उतरते हैं।

# यह गलत धारणा है कि भारतीय स्पिन को सबसे बेहतर खेलते हैं : साइमन डूल

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज साइमन डूल का मानना है कि यह गलत धारणा है कि भारतीय बल्लेबाज स्पिन को अन्य बल्लेबाजों से बेहतर खेलते हैं। बेंगलुरु में भारतीय बल्लेबाजी पहली पारी में बुरी तरह फ्लॉप हुई, जिसका खामियाजा उन्हें हार से चुकाना पड़ा। वहीं, एक बार फिर पुणे टेस्ट में भी यही नजारा दिखा।

पुणे में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारतीय बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के बाद डूल ने यह बयान दिया। पहली पारी में भारत 156 रन पर ढेर हो गया। कीवी टीम के लिए मिचेल सेंटनर ने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ (7-53) का स्पैल डाला। भारत ने स्पिन के सामने 9 बल्लेबाजों को खो दिया, जिसमें विराट कोहली, रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन जैसे सीनियर खिलाड़ी शामिल थे। इस सीरीज में लगातार भारतीय बल्लेबाजी लड़खड़ाई नजर आई, जिससे स्पिनरों से निपटने की भारत की क्षमता पर संदेह पैदा हो गया। बेंगलुरु में पहले टेस्ट की पहली पारी में भारत 46 रन पर ढेर हो गया और मैच आठ विकेट से हार गया। डूल ने दावा किया कि वे दिन चले गए जब भारतीय बल्लेबाज- सौरव गांगुली, सचिन तेंदुलकर, गौतम गंभीर, वीवीएस लक्ष्मण और राहुल द्रविड़ भारतीय धरती पर स्पिनरों का फायदा उठाते थे। उन्होंने कहा कि कोई भी बेहतरीन स्पिन आक्रमण अब भारतीय बल्लेबाजों को उन्हें घरेलू मैदान पर भी चुनौती दे सकता है। डूल ने शुक्रवार को लंच ब्रेक के दौरान जियो सिनेमा से बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि अब दुनिया भर में यह गलत धारणा बन गई है कि ये आधुनिक भारतीय खिलाड़ी किसी और की तुलना में स्पिन खेलने में बेहतर हैं। लेकिन ऐसा नहीं है, वे दुनिया भर के बाकी सभी लोगों की तरह ही हैं। गांगुली, गंभीर, लक्ष्मण और द्रविड़ के दिन चले गए। सचिन स्पिन के खिलाफ बहुत अच्छे थे, और उनसे पहले का दौर भी शानदार था। मुझे लगता है कि अच्छी गुणवत्ता वाले स्पिनर भारत को टर्निंग ट्रैक पर आउट करने में उतने ही अच्छे हैं, जितने कि अच्छी गुणवत्ता वाले विपक्षी बल्लेबाजों के खिलाफ भारतीय स्पिनर।

## ऑस्ट्रेलिया वनडे-कप में 1 रन बनाने में 8 विकेट गंवाए

स्पोर्ट्स डेस्क, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के डोमेस्टिक वन-डे कप टूर्नामेंट में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। टीम ने 1 रन बनाने में 8 विकेट गंवा दिए। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया और तस्मानिया के बीच पर्थ के वाका ग्राउंड में खेले गए मैच में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की टीम एक समय 2 विकेट के नुकसान पर 52 रन बना चुकी थी, लेकिन 53 रन के स्कोर पर पूरी टीम सिमट गई। आखिरी के 7 बल्लेबाज खाता तक न खोल सके।

**टीम के 6 बल्लेबाज शून्य पर आउट**

इस मुकाबले में तस्मानिया की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अरोन हार्डी और डार्सी शॉर्ट ने पारी की शुरुआत की। टीम का पहला विकेट आरोन हार्डी 7 रन के रूप में 10 रन पर गिरा। इसके बाद कैमरून बैनक्रॉफ्ट और डार्सी शॉर्ट ने पारी को संभाला। लेकिन 22 के स्कोर पर शॉर्ट आउट हुए। इस समय टीम का स्कोर 45 रन था। इसके बाद कैमरून बैंनक्रॉफ्ट 14 और विकेटकीपर जोश इंग्लिश 1 रन पर आउट हो गए।

## भारतीय हॉकी टीम शूटआउट में जर्मनी से सीरीज हारी

नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय हॉकी टीम ने वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी के खिलाफ 2 मैचों ही सीरीज गंवा दी है। विजेता का फैसला शूटआउट के जरिए किया गया। जिसमें भारत 1- 3 से हार गया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह के 2-2 गोल की बदौलत भारत ने दूसरा मुकाबला 5-3 से जीता। टीम इंडिया की इस जीत से सीरीज 1-1 से बराबर हो गई थी, क्योंकि जर्मनी ने पहला मुकाबला 2-0 से जीता था। मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पर दूसरे टेस्ट में जर्मनी के लिए एलियान माजकूर ( 7वें और 57वें मिनट में) ने दो और हेनरिक मर्टजेंस ने 60वें मिनट में एक गोल किया। वहीं, भारतीय टीम की ओर से दूसरे हाफ में सुखजीत सिंह ( 34वां और 48वां मिनट) , कप्तान हरमनप्रीत सिंह (42वां और 43वां ) और अभिषेक (45वां मिनट ) ने गोल दागे।

## रिजवान टेस्ट में सबसे तेज 2000 रन बनाने वाले विकेटकीपर बने

रावलपिंडी, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान टेस्ट क्रिकेट में 2000 रन बनाने वाले सबसे तेज पाकिस्तानी विकेटकीपर बन गए हैं। उन्होंने रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में बेन स्टोक्स की इंग्लैंड टीम के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच की पहली पारी के दौरान ये उपलब्धि हासिल की। रिजवान ने पहली पारी में 46 गेंदों पर एक छक्का और एक चौके की मदद से 25 रन बनाए और टेस्ट क्रिकेट में अपने 2000 रन भी पूरे किए।

# अश्विन सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले एक्टिव बॉलर

### डब्ल्यूटीसी के टॉप विकेट टेकर भी बने; सुंदर ने 5 बल्लेबाजों को बोल्ड किया




स्पोर्ट्स डेस्क, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत-न्यूजीलैंड दूसरे टेस्ट का पहला दिन भारतीय स्पिनर्स के नाम रहा। पुणे टेस्ट में न्यूजीलैंड की पहली पारी में सभी 10 विकेट स्पिनर्स ने लिए। 3 साल बाद टेस्ट टीम में वापसी करने वाले वॉशिंगटन सुंदर ने सबसे ज्यादा 7 विकेट झटके। वहीं, रविचंद्रन अश्विन ने 3 विकेट लिए। सुंदर का यह बेस्ट बॉलिंग फिगर है। अश्विन टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले एक्टिव बॉलर बन गए।

**अश्विन ने नाथन लायन को पीछे छोड़ा**

भारतीय स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में 3 विकेट लिए। वे दुनिया के सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले एक्टिव प्लेयर बन गए हैं। उनके नाम अब टेस्ट में 531 विकेट दर्ज हो गए हैं। उन्होंने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के नाथन लायन को पीछे छोड़ा। टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन के नाम है। उनके नाम 800 विकेट हैं।

**अश्विन ने डब्ल्यूटीसी में 189 विकेट लिए**

रविचंद्रन अश्विन पुणे में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। अश्विन ने पहली पारी में 3 विकेट लिए । इन तीन विकेट के साथ उन्होंने 2019 से 2024 तक डब्ल्यूटीसी में 39 मैचों में 189 विकेट लिए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के नाथन लायन को पीछे छोड़ दिया है, जिनके नाम 43 टेस्ट में 187 विकेट हैं। वॉशिंगटन सुंदर एक टेस्ट की एक पारी में 5 बैटर्स को बोल्ड करने वाले 5वें भारतीय बॉलर बने। उन्होंने पुणे टेस्ट की पहली पारी में न्यूजीलैंड के 5 बल्लेबाजों को क्लीन बोल्ड किया। इसमें रचिन रवींद्र, टॉम ब्लंडेल, मिचेल सैंटनर, टिम साउदी और एजाज पटेल का नाम शामिल है।

**सुंदर ने पहली पारी में 7 विकेट झटके**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे टेस्ट में कुलदीप यादव की जगह वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया। सुंदर ने कप्तान के फैसले को सही साबित किया और न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में 7 विकेट झटक लिए। यह न्यूजीलैंड के खिलाफ किसी भी भारतीय गेंदबाज का चौथा सबसे बेस्ट प्रदर्शन है। इस लिस्ट में टॉप चार में तमिलनाडु के तीन गेंदबाज शामिल हैं।

# महान विश्वनाथन आनंद के बाद शतरंज में ऐसा करने वाले दूसरे भारतीय बने अर्जुन एरिगैसी



नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। अर्जुन एरिगैसी शतरंज की दुनिया में खूब नाम कमा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है और इसका फायदा उन्हें रैंक में मिला है। 2003 में जन्मे अर्जुन ने पहले ही खुद को विश्व स्तर पर शीर्ष खिलाड़ियों में से एक के रूप में स्थापित कर लिया है और उनका वर्तमान फॉर्म उनके समर्पण, कौशल और निरंतर सुधार के बारे में बताता है।

हाल ही में अर्जुन ने भारत की ऐतिहासिक शतरंज ओलंपियाड जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हंगरी के बुडापेस्ट में अर्जुन का प्रदर्शन शानदार रहा था। भारत के लिए तीसरे बोर्ड पर खेलते हुए उन्होंने 11 राउंड में नौ जीत और दो ड्रॉ दिए, जिससे भारत की टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान मिला। 2968 एलो की उनकी प्रदर्शन रेटिंग टूर्नामेंट में सर्वोच्च में से एक थी और उन्होंने कुल 19.2 रेटिंग अंक अर्जित किए। इस शानदार प्रदर्शन के साथ वह 2797.2 एलो की लाइव रेटिंग के साथ फैबियानो कारुआना को पछाड़ते हुए नंबर तीन की करियर-उच्च विश्व रैंकिंग पर पहुंच गए। अर्जुन की शतरंज शैली पिछले कुछ वर्षों में काफी विकसित हुई है। उन्हें शुरू में एक स्थितिगत खिलाड़ी के रूप में जाना जाता था, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने अपने खेल को समझा और कई सुधार किए और अब दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में उनका नाम आता है। अर्जुन के ग्रैंडमास्टर बनने का सफर बहुत कम उम्र में शुरू हो गया था। उन्होंने 2017 में अपना अंतरराष्ट्रीय मास्टर खिताब अर्जित किया था और एक साल बाद 14 साल की उम्र में अपना ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल किया। वह 14 साल की उम्र में विश्व युवा शतरंज चैंपियनशिप में अंडर -2017 डिवीजन में उपविजेता बने थे।

**हर तरह के शतरंज में माहिर हैं अर्जुन**

अपने करियर के शुरुआती वर्षों में अर्जुन क्लासिकल शतरंज में 2500 रेटिंग रेंज में बने रहे। उन्होंने सितंबर 2021 में पहली बार 2600 रेटिंग हासिल की और रैपिड, ब्लिट्ज और ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट में सफलता हासिल करना जारी रखा। टाटा स्टील इंडिया रैपिड टूर्नामेंट में उनकी जीत और टाटा स्टील इंडिया ब्लिट्ज में उनका दूसरा स्थान हासिल करना, जहां वह केवल आर्मगेडन टाई-ब्रेक में जीएम लेवोन एरोनियन से हार गए, ने विभिन्न प्रारूपों में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को उजागर किया।

## मोरक्को के पूर्व मिडफील्डर अब्देलअजीज बरदा का 35 वर्ष की आयु में निधन



नई दिल्ली, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। रॉयल मोरक्कन फुटबॉल फेडरेशन ने कहा कि मोरक्को और मार्सिले के पूर्व मिडफील्डर अब्देलअज़ीज़ बरदा का 35 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बरदा ने 2021 में फुटबॉल से संन्यास लेने से पहले लंदन में 2012 ओलंपिक खेलों में खेलने सहित अपने देश के लिए 26 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। बयान में कहा गया, रॉयल मोरक्कन फुटबॉल फेडरेशन पूर्व मोरक्कन अंतरराष्ट्रीय, दिवंगत अब्देलअज़ीज़ बरदा के परिवार और उनके माध्यम से उनके सभी परिवार और रिश्तेदारों के साथ-साथ राष्ट्रीय फुटबॉल परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है। बरदा, जिन्होंने 2011-2013 के बीच स्पेनिश क्लब गेटाफे के लिए भी खेला था, ने 2014-2016 के बीच मार्सिले में अपने दो सत्रों के दौरान दो बार गोल किया है। मार्सिले ने एक एक्स पोस्ट में कहा, 2014 की गर्मियों में आने वाले इस आक्रामक मिडफील्डर ने 2 सीजन तक ओएम के रंग पहने। क्लब उनके परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करना चाहता है और उनके प्रियजनों के दुख को साझा करना चाहता है।" पेरिस सेंट-जर्मेन, जिसके साथ अराडा ने अपना करियर शुरू किया, ने कहा, पेरिस सेंट-जर्मेन को गुरुवार शाम को मोरक्को के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और क्लब की अकादमी के उत्पाद अब्देलअज़ीज़ बरदा के निधन की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ है।

# घरों को ध्वस्त करने का विरोध करेगी भाजपा




## धरना चौक पर किया विरोध प्रदर्शन

हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा ने शुक्रवार को मूसी रिवरफ्रंट विकास परियोजना के लिए घरों को ध्वस्त करने का विरोध करने की कसम खाई। पार्टी ने यहां इंदिरा पार्क के निकट धरना चौक पर विरोध प्रदर्शन किया और कांग्रेस सरकार से नदी किनारे के आवासीय क्षेत्रों से लोगों को बेदखल करने की योजना छोड़ने की मांग की। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री व राज्य भाजपा अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार, भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. लक्ष्मण, सांसद इटेला राजेंद्र, डी.के. अरुणा और तेलंगाना विधानसभा में पार्टी के नेता ए. महेश्वर रेड्डी विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वालों में शामिल थे।

इस अवसर पर बोलते हुए किशन रेड्डी ने स्पष्ट किया कि भाजपा गरीब लोगों के साथ खड़ी रहेगी और सरकार को उनके घर नहीं तोड़ने देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा मूसी के पुनरुद्धार या सौंदर्यीकरण के खिलाफ नहीं है, बल्कि वह केवल उन गरीबों के घरों को ध्वस्त करने का विरोध कर रही है जो कई वर्षों से वहां रह रहे हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार कांग्रेस सरकार अपने फायदे के लिए गरीबों को उजाड़ना चाह रही है। कांग्रेस अपने नेता के रिश्तेदार को फायदा पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं। उनको जनहित की परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तेलंगाना के लोगों के भावनाओं का सम्मान नहीं कर रही है। भाजपा के प्रदर्शन को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। भारी संख्या में पुलिसकर्मियों को धरनास्थल पर तैनात किया गया था।

## हैश ऑयल के खिलाफ चलेगा अभियान : पुलिस आयुक्त



**शहर में की जा रही सप्लाई**

हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के पुलिस आयुक्त सी.वी. आनंद ने शुक्रवार को कहा कि हैदराबाद नारकोटिक्स प्रवर्तन विंग (एचएनईडब्ल्यू) और तेलंगाना एंटी नारकोटिक्स ब्यूरो (टीजीएएनबी) हैश ऑयल निर्माण इकाइयों के खिलाफ एक संयुक्त अभियान चलाने पर विचार कर रहे हैं।

आनंद ने बताया कि तेलंगाना पुलिस की दोनों शाखाएँ ओडिशा में हैश ऑयल बनाने वाली इकाई पर छापा मारने के लिए आंध्र प्रदेश पुलिस के साथ मिलकर काम करने पर विचार कर रही हैं।

आनंद ने बताया कि ओडिशा और दूसरे पूर्वी राज्यों में बनने वाले हैश ऑयल की सप्लाई हैदराबाद में की जा रही थी। हैदराबाद पुलिस आयुक्त ने जोर देकर कहा कि शहर में हैश तेल की आपूर्ति को कम करने के लिए पुलिस निर्माताओं और ट्रांसपोर्टरों पर विशेष ध्यान देगी।

# कोर्ट ने कोंडा सुरेखा को लगाई फटकार

## मानहानि मामला: केटीआर पर की थी टिप्पणी



हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद सिटी सिविल कोर्ट ने शुक्रवार को बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव द्वारा उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के बाद दायर मानहानि मामले में मंत्री कोंडा सुरेखा को कड़ी चेतावनी जारी की। अदालत ने मंत्री की टिप्पणी को अत्यधिक आपत्तिजनक पाया तथा उन्हें रामा राव के खिलाफ कोई भी अपमानजनक बयान देने से रोक दिया।

बीआरएस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, अदालत ने मीडिया, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, वेबसाइटों और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म से सुरेखा की टिप्पणियों को तुरंत हटाने का आदेश दिया। यूट्यूब, फेसबुक और गूगल को इन टिप्पणियों वाले वीडियो हटाने के आदेश जारी किए गए हैं, जबकि इन टिप्पणियों को प्रसारित या प्रकाशित करने वाले मीडिया आउटलेट्स को सोशल मीडिया से संबंधित सभी सामग्री हटाने का निर्देश दिया गया है। अदालत ने कहा कि सुरेखा की टिप्पणियों का समाज पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है और निर्देश दिया कि उनकी टिप्पणियों से जुड़े सभी लेख और वीडियो सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नहीं होने चाहिए। बीआरएस ने कहा कि यह शायद पहली बार है कि किसी अदालत ने मंत्री स्तर के किसी व्यक्ति से जुड़े मानहानि के मामले में इतनी कड़ी असहमति व्यक्त की है। इसमें कहा गया है कि इस साल की शुरुआत में चुनावों के दौरान इसी तरह की टिप्पणी करने के लिए सुरेखा को भारत के चुनाव आयोग ने फटकार लगाई थी। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था और उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने तथा माफी मांगने से इनकार करने के लिए मंत्री के खिलाफ 100 करोड़ रुपये का आपराधिक मानहानि का मामला दायर किया था।

# तेंदुए के हमले से चरवाहा बाल-बाल बचा



निर्मल, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार को सारंगपुर मंडल के रविन्द्रनगर गांव के जंगलों में भेड़ चराते समय एक चरवाहा कथित तौर पर एक पेड़ पर चढ़कर तेंदुए के जबड़े से बचने में कामयाब रहा, जब तेंदुए ने उसका पीछा किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि चरवाहा साईं सह्याद्री पहाड़ियों में स्थित जंगलों में भेड़ों के झुंड को चराने गया था, जैसा कि वह रोजाना करता था। झाड़ियों में छिपे एक तेंदुए ने उसकी भेड़ों के झुंड पर हमला कर दिया। तेंदुए ने दो भेड़ों को मार डाला और फिर चरवाहे पर हमला करने की कोशिश की। हालांकि, चरवाहा मौके से भाग गया और जल्दी से एक पेड़ पर चढ़कर अपनी जान बचाई। यह सुनिश्चित करने के बाद कि तेंदुआ जंगल में वापस चला गया है, वह पेड़ से नीचे उतरा। उसने स्थानीय लोगों को घटना के बारे में सूचित किया। स्थानीय लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों को जंगल में तेंदुए की मौजूदगी की सूचना दी।

# पेमेंट गेटवे में फंसे 11.55 लाख रुपये मिले वापस

## महिला ने हैदराबाद पुलिस का जताया आभार




हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद पुलिस ने एक महिला को तीन दिन के भीतर धनराशि वापस दिलाने में सफलता प्राप्त की, जिसका भुगतान ऑनलाइन लेनदेन के दौरान गेटवे में फंस गया था। हैदराबाद पुलिस की साइबर अपराध इकाई की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, महिला ने 11 अक्टूबर को ईज़बज़ पेमेंट के माध्यम से 11,55,000 रुपये का ऑनलाइन भुगतान किया था। हालांकि, यह लेन-देन पेमेंट गेटवे के साथ अटक गया, जिसके कारण उसे राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) के माध्यम से इस मुद्दे की रिपोर्ट करनी पड़ी।

उसकी शिकायत मिलने पर, साइबर क्राइम अधिकारियों ने महिला और उसके बैंक से संपर्क किया। बैंक ने पुष्टि की कि भुगतान वास्तविक था और इसे पेमेंट गेटवे के पास रोक दिया गया था। इसके बाद पुलिस ने ईज़बज़ पेमेंट के साथ समन्वय किया और कंपनी को लेनदेन को रोकने और महिला के खाते में धनराशि वापस करने का निर्देश दिया। इन चरणों का पालन करते हुए, 14 अक्टूबर को भुगतान सफलतापूर्वक वापस कर दिया गया, इस तथ्य की पुष्टि बाद में शिकायतकर्ता द्वारा की गई।

साइबर अपराध पुलिस ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे साइबर अपराध या ऑनलाइन भुगतान संबंधी किसी भी घटना की रिपोर्ट एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से करें।

वे इस बात पर जोर देते हैं कि त्वरित रिपोर्टिंग से त्वरित हस्तक्षेप संभव होता है, जिससे ऐसे मामलों में खोए गए धन की वसूली की संभावना बढ़ जाती है।

# गैराज में आग लगने से 9 कारें जल कर खाक

मेदक, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तूप्रान कस्बे के नरसापुर जंक्शन पर शुक्रवार तड़के एक कार शेड में आग लगने से नौ कारें जलकर खाक हो गईं। गैराज मालिक एमडी सोहेल ने गुरुवार रात गैराज बंद करने से पहले अपने ग्राहकों के वाहन शेड के अंदर पार्क कर दिए थे। हालांकि, उन्हें पड़ोसियों से फोन आया कि गैराज में आग लग गई है। उन्होंने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को बुलाया, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। हालांकि, जब तक आग बुझाई गई, तब तक नौ कारें जलकर खाक हो चुकी थीं। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। मामला दर्ज कर लिया गया है।

# हम असली बमों से नहीं डरे, ये तो दीवाली के पटाखे हैं : केटीआर

## बीआरएस नेता ने कांग्रेस को आरोप साबित करने की दी चुनौती

**कहा - दम है तो गिरफ्तार करके दिखाओ**

सिरसिला, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी के 'विस्फोटक बम गिराने और बीआरएस के कुछ शीर्ष नेताओं की गिरफ़्तारी' के दावों का मज़ाक उड़ाया और कहा कि ये कांग्रेस सरकार की विफलताओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए खोखली धमकियां हैं। उन्होंने कांग्रेस को चुनौती दी कि अगर उन्होंने कुछ ग़लत किया है तो उनके ख़िलाफ़ केस दर्ज करके उन्हें गिरफ़्तार करें। शुक्रवार को सिरसिला में बिजली दरों में बढ़ोतरी पर सार्वजनिक सुनवाई के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए रामा राव ने याद दिलाया कि बीआरएस ने तेलंगाना राज्य आंदोलन के दौरान वाईएस राजशेखर रेड्डी और एन चंद्रबाबू नायडू जैसे नेताओं के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने कहा कि हम असली बमों (राजशेखर रेड्डी और चंद्रबाबू नायडू) से नहीं डरे। ये (कांग्रेस नेता) सिर्फ दिवाली के पटाखे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 महीनों में कांग्रेस न केवल अपने चुनावी वादों को लागू करने में विफल रही है, बल्कि बीआरएस, पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और अन्य पार्टी नेताओं के खिलाफ अपने आरोपों को साबित करने में भी विफल रही है। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि मंत्री श्रीनिवास रेड्डी जो बम गिराना चाहते थे, उन्हें हाल ही में उनकी संपत्तियों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के बारे में बोलना चाहिए और यह भी बताना चाहिए कि कैसे वह भाजपा नेताओं और व्यवसायी गौतम अडानी से विनती करके गिरफ्तारी से बच निकले।

# ड्रग्स बेचने के आरोप में 4 गिरफ्तार

## 20 लाख रुपये की एमडीएमए, एलएसडी जब्त



हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार को दो अलग-अलग मामलों में एक विदेशी नागरिक सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से 20.75 लाख रुपये मूल्य की एमडीएमए और एलएसडी सहित ड्रग्स जब्त की गईं। पहले मामले में, हैदराबाद नारकोटिक्स प्रवर्तन विंग (एचएनईडब्ल्यू) ने हुमायूं नगर पुलिस के साथ मिलकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और उसके पास से 7,75,000 रुपये मूल्य की 50 ग्राम एमडीएमए जब्त की।

दूसरे मामले में, एचएनईडब्ल्यू ने कंचनबाग पुलिस के साथ मिलकर एक अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर और दो रिसीवरों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 80 ग्राम एमडीएमए, 10 एलएसडी ब्लॉट्स और तीन मोबाइल फोन जब्त किए हैं। जब्त किए गए सभी सामानों की कीमत 13 लाख रुपये है।

# कृषि मंत्री ने कृषि प्रसंस्करण इकाइयों में निवेश का आग्रह किया

हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन मलेशिया की अपनी यात्रा जारी रखी, जिसमें उन्होंने कृषि संबंधों को मजबूत करने और तेलंगाना में कृषि प्रसंस्करण इकाइयों में निवेश आमंत्रित करने पर ध्यान केंद्रित किया। अपने दौरे के हिस्से के रूप में, तुम्माला नागेश्वर राव ने मलेशिया के कृषि मंत्री मोहम्मद बिन साबू से उनके कार्यालय में मुलाकात की और कृषि में सहयोगात्मक अवसरों पर चर्चा की।

मंत्री ने एफ ईएलडीए के अध्यक्ष अहमद शबेरी चीक और अन्य प्रतिनिधियों के साथ भी चर्चा की। उन्होंने मलेशिया के तेल पाम क्षेत्र में हुई प्रगति का पता लगाया और उन सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान की जो तेलंगाना के तेल पाम किसानों को लाभान्वित कर सकती हैं।

इसके अतिरिक्त, तुम्माला ने द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ावा देने के लिए एक विशेष बैठक के लिए मलेशिया में भारत के उच्चायुक्त बी.एन. रेड्डी के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया। मशीनीकरण की संभावनाओं को तलाशने के प्रयास में, मंत्री ने टेनेसिया प्राइवेट लिमिटेड (पामप्रो) का भी दौरा किया, जहां उन्होंने विभिन्न प्रकार की मशीनरी और उपकरणों के साथ-साथ उनके संचालन के तरीकों की समीक्षा की, जिससे तेलंगाना में कृषि पद्धतियों को बेहतर बनाया जा सके।

# फ्लाइट को मेडिकल इमरजेंसी के चलते किया गया डायवर्ट

हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। दिल्ली से हैदराबाद जाने वाली विस्तारा एयरलाइंस की एक फ्लाइट को शुक्रवार को मेडिकल इमरजेंसी के कारण जयपुर डायवर्ट कर दिया गया। एक्स पर किए गए ट्वीट के अनुसार, फ्लाइट यूके-829 सुबह करीब 8:30 बजे जयपुर उतरी।

बीमार यात्री को आगे की चिकित्सा देखभाल के लिए तुरंत पास के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, जबकि शेष यात्री जयपुर हवाई अड्डे पर ही रुके रहे। विस्तारा एयरलाइंस के अधिकारियों ने आगे बताया कि उड़ान के सुबह 11:30 बजे हैदराबाद पहुंचने की उम्मीद है।

इस बीच, कई भारतीय एयरलाइन्स को बम की झूठी धमकियां मिलना जारी है। सिर्फ़ एक हफ़्ते में ही भारतीय एयरलाइन्स द्वारा संचालित 170 से ज़्यादा उड़ानों को निशाना बनाया गया है। दिल्ली पुलिस ने इन झूठी धमकियों से संबंधित आठ अलग-अलग एफ़आईआर दर्ज की हैं।

टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, ईंधन डंपिंग, अनिर्धारित लैंडिंग शुल्क, यात्रियों के लिए आवास, विमानों को जमीन पर उतारना और चालक दल के प्रतिस्थापन सहित फर्जी धमकियों की कुल लागत 3 करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद है।

जवाब में, सरकार एयरलाइनों के खिलाफ बम धमकियों से निपटने के लिए विधायी उपायों की योजना बना रही है, जिसमें अपराधियों को नो-फ्लाई सूची में शामिल करना भी शामिल है। इसके अतिरिक्त, अधिकारी बम की धमकी के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों पर कठोर दंड लगाने के लिए विमान सुरक्षा नियमों में बदलाव पर विचार कर रहे हैं।




# बिजली दरों में बढ़ोतरी पर आईएएस अधिकारी ने दी सफाई

**वृद्धि का निम्न और मध्यम आय वर्ग पर कोई प्रभाव नहीं**



हैदराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना दक्षिणी विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (टीजीएसपीडीसीएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक आईएएस अधिकारी मुशर्रफ अली फारुकी ने हाल ही में तेलंगाना में प्रस्तावित बिजली दरों में बढ़ोतरी पर स्पष्टता प्रदान की। जनता की चिंताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने आश्वासन दिया कि इस वृद्धि का निम्न और मध्यम आय वर्ग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, वे अपनी मौजूदा दरों पर भुगतान करना जारी रखेंगे।

सार्वजनिक सुनवाई के दौरान फारुकी ने बताया कि निम्न और मध्यम आय वर्ग के लिए बिजली दरें अपरिवर्तित रहेंगी, लेकिन 300 यूनिट से अधिक बिजली उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के लिए दरों में मामूली वृद्धि होगी। इस निर्णय का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राज्य की बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) की वित्तीय आवश्यकताओं को संतुलित करते हुए, अधिकांश लोगों के लिए आवश्यक उपभोग किफायती बना रहे।

तेलंगाना में बिजली दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव तब सामने आया जब डिस्कॉम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपनी वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) प्रस्तुत की। इस योजना का उद्देश्य 14,222 करोड़ रुपये के पर्याप्त राजस्व घाटे को संबोधित करने के लिए 1,200 करोड़ रुपये जुटाना है।

आईएएस अधिकारी ने वितरण घाटे को कम करने में की गई प्रगति पर प्रकाश डाला, जो घटकर 4.75 प्रतिशत रह गया है। इसके अतिरिक्त, कुल तकनीकी और वाणिज्यिक घाटे को घटाकर 19.03 प्रतिशत पर लाया गया है। ये कटौतियाँ महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये विद्युत वितरण प्रणाली में बढ़ी हुई दक्षता को दर्शाती हैं। जहां आईएएस अधिकारी ने टैरिफ वृद्धि के प्रभाव को स्पष्ट किया, वहीं विपक्षी नेता एस मधुसूदन चारी ने सुनवाई के बाद चिंता व्यक्त की तथा तेलंगाना विद्युत नियामक आयोग (टीजीईआरसी) से प्रस्ताव को अस्वीकार करने का आग्रह किया।

# फार्मा विलेज पर जन सुनवाई के दौरान तनाव

**स्थानीय लोगों ने किया हिंसक विरोध प्रदर्शन**
**आत्मदाह का भी किया गया प्रयास**
**अधिकारियों ने स्थगित की सुनवाई**
**मंडल कांग्रेस अध्यक्ष घायल**

विकाराबाद, 25 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के विकाराबाद जिले के एक गांव में शुक्रवार को तनाव व्याप्त हो गया, क्योंकि स्थानीय लोगों ने प्रस्तावित फार्मा विलेज के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन किया और आत्मदाह का भी प्रयास किया, जिससे अधिकारियों को सार्वजनिक सुनवाई स्थगित करनी पड़ी। दुदयाल मंडल के रोटीबांडा थांडा में महिलाओं सहित स्थानीय लोगों ने मंडल कांग्रेस अध्यक्ष अवेती शेखर की कार पर पथराव किया, जिससे वह घायल हो गए। कुछ ग्रामीणों ने परियोजना के विरोध में खुद पर मिट्टी का तेल छिड़ककर आत्मदाह करने का प्रयास किया। पुलिस कर्मियों ने उन्हें रोकने के लिए हस्तक्षेप किया। पंचायत भवन के पास पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई। पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिसमें कुछ प्रदर्शनकारी घायल हो गए। विरोध प्रदर्शन के बाद, अधिकारियों ने फार्मा कंपनियों के क्लस्टर, फार्मा विलेज पर सार्वजनिक सुनवाई स्थगित कर दी।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि मंडल कांग्रेस अध्यक्ष शेखर फार्मा विलेज का समर्थन कर रहे हैं, जो उनकी आजीविका के लिए खतरा है। जब वह गांव पहुंचे तो प्रदर्शनकारियों ने उन पर हमला करने की कोशिश की। पुलिस ने कांग्रेस नेता को पंचायत भवन तक पहुंचाया लेकिन ग्रामीणों ने भवन में घुसने की कोशिश की, जिससे तनाव बढ़ गया। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया। कोडंगल विधानसभा क्षेत्र के दुदयाल मंडल के लोग फार्मा विलेज परियोजना का विरोध कर रहे हैं। इस महीने की शुरुआत में किसानों ने पोलेपल्ली से दुदयाल मंडल राजस्व अधिकारी (एमआरओ) कार्यालय तक पदयात्रा का आह्वान किया था।

फार्मा विलेज स्थापित करने के प्रस्ताव को किसानों की ओर से कड़ा विरोध झेलना पड़ रहा है। उनका तर्क है कि भूमि अधिग्रहण योजना से उनकी आजीविका को खतरा है और उन्होंने तब तक अपना विरोध जारी रखने की कसम खाई है जब तक सरकार अपना प्रस्ताव वापस नहीं ले लेती।

विपक्षी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) परियोजना के खिलाफ ग्रामीणों के विरोध का समर्थन कर रही है। पिछले महीने एक विरोध प्रदर्शन के दौरान एक महिला किसान ने धमकी दी थी कि अगर परियोजना के लिए उसकी जमीन ले ली गई तो वह अपनी जान दे देगी। राज्य सरकार प्रस्तावित फार्मा गांव के लिए दुद्याल मंडल के हाकिमपेट, पोलेपल्ली और लाकाचर्ला गांवों से 1274.25 एकड़ सरकारी और पट्टा भूमि अधिग्रहित करने की योजना बना रही है।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.